


सूर्योदय प्रातः 5:03 | सूर्यास्त संध्या 6:38 | पखवाड़ा: ज्येष्ठ शु . षष्ठी, संवत 2083 | तापमान: अधिकतम 31° न्यूनतम 24°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शनिवार, 20 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 126, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions









**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,802.90 | -607.08 (-0.78%) |
| निफ्टी | 24,013.10 | -154.90 (-0.64%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,41,960.00 |
| चांदी | 2550.00 |

## एक झलक

### हिमालय क्षेत्र में बनेगा देश का नया जलवायु निगरानी केन्द्र

**नयी दिल्ली** : हिमालय क्षेत्र में देश का नया जलवायु निगरानी केन्द्र बनने जा रहा है। यह कदम जलवायु अनुसंधान को मजबूती प्रदान करेगा। इस सम्बन्ध में भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे और आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एआरआईईएस) नैनीताल के बीच महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह समझौता 50 वर्षों से अधिक अवधि के लिए मान्य होगी। समझौते के तहत उत्तराखंड के देवस्थल वेधशाला में भारत जलवायु अवलोकन नेटवर्क (बीसीओएन) के अंतर्गत दीर्घकालिक जलवायु अवलोकन केन्द्र स्थापित किया जायेगा।

### नाबालिग को जेल में रखने को लेकर उप्र के डीजीपी व अन्य को नोटिस

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के कासना जेल में एक नाबालिग को वयस्क कैदी की तरह हिरासत में रखने से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेते हुए जेल प्रशासन, सुधार सेवा महानिदेशक और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। मीडिया की रिपोर्ट में अप्रैल महीने में गौतमबुद्ध नगर में मजदूरों ने वेतन वृद्धि और बेहतर कार्य परिस्थितियों को लेकर एक विरोध प्रदर्शन किया था। इसी प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के रहने वाले एक 16 वर्षीय किशोर को गिरफ्तार किया गया।

## अंदर के पन्नों पर


3 उच्च न्यायालय ने दिये 15 लाख देने के आदेश...

5 11 पेट्रोल पम्पों को नोटिस जारी करने के निर्देश...

7 सहकारिता, कृषि, पशुपालन और मत्स्य योजनाओं...

9 सम्राट चौधरी ने 286 करोड़ की 157 विकास...

10 नॉकआउट चरण में पहुंचनेवाला पहला देश...


## कार्टून कोना




# भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जब सरकार, युवा और उद्योग एक साथ आगे बढ़ते हैं, तो रोजगार सृजन की गति कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) इसी नये भारत की पहचान है, जिसने अब तक करीब 70 लाख रोजगार सृजित किये हैं और पहली बार नौकरी पानेवाले लाखों युवाओं को सामाजिक सुरक्षा का कवच प्रदान किया है।

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत करीब 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करने के बाद अपने सम्बोधन में मोदी ने कहा कि दुनिया आज भारत की युवा शक्ति, प्रतिभा, कौशल और क्षमता को पहचान रही है। हाल ही में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान विकसित देशों के नेताओं के साथ हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत के युवाओं की चर्चा हो रही है और सरकार का प्रयास है कि देश का प्रत्येक युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-वीबीआरवाई के माध्यम से अब तक करीब 70 लाख नयी नौकरियां सृजित हुई हैं और लगभग 70 लाख प्रथम बार रोजगार पानेवाले युवाओं को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ा गया है। करीब 20 लाख युवा अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे कर चुके हैं, जिनमें से लगभग 10 लाख युवाओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक सीधे उनके बैंक खातों में भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि युवाओं के

● शेष पृष्ठ 11 पर



**पीएम ने कहा**

- विकसित भारत का सपना देश के युवाओं के सपनों, कौशल और क्षमताओं पर निर्भर
- सरकार, युवा और उद्योग साथ चलें, तो रोजगार सृजन कई गुना बढ़ता है
- विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) नये भारत की पहचान

### प्रधानमंत्री की जी-7 शिखर सम्मेलन और स्वोवाकिया यात्रा ने वैश्विक मंच पर बढ़ाया भारत का कद : भाजपा



**भारतीय** जनता पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया जी-7 शिखर सम्मेलन और स्वोवाकिया यात्रा ने वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। पार्टी के अनुसार, किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली स्लोवाकिया यात्रा थी और वहां प्रधानमंत्री मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में ही भारत को जी7 में विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल किया गया था।

● शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधानमंत्री 20-21 जून को प. बंगाल दौरे पर, पीएम-किसान की 23वीं किस्त जारी करेंगे

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 20 और 21 जून को पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह हुगली जिले में पश्चिम बंग दिवस समारोह में भाग लेंगे, विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे, किसानों के लिए कई केन्द्रीय कृषि योजनाओं की शुरूआत करेंगे तथा 21 जून को कोलकाता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार 20 जून को प्रधानमंत्री हुगली जिले के तारकेश्वर में आयोजित पश्चिम बंगाल दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वह रेलवे, कृषि, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्रों से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

● शेष पृष्ठ 11 पर

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री ने की ऊर्जा-शहरी योजनाओं की समीक्षा

# झारखंड के विकास में केन्द्र देगा हरसम्भव सहयोग : मनोहर लाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने झारखंड के समग्र विकास के लिए केन्द्र सरकार की ओर से हरसम्भव सहयोग और सहायता का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के ऊर्जा और शहरी विकास क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए केन्द्र सरकार लगातार सहयोग कर रही है और भविष्य में भी आवश्यक समर्थन उपलब्ध कराया जायेगा।




शुक्रवार को रांची स्थित एक होटल में आयोजित समीक्षा बैठक में केन्द्रीय मंत्री ने राज्य की विद्युत व्यवस्था और शहरी विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में झारखंड सरकार के शहरी विकास एवं आवासन मंत्री सुदिव्य कुमार सहित राज्य सरकार, ऊर्जा मंत्रालय, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा विभिन्न केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की शुरूआत में केन्द्रीय मंत्री ने राज्य के ऊर्जा क्षेत्र की चुनौतियों और सम्भावनाओं पर चर्चा करते हुए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया। समीक्षा के दौरान पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस), बिजली वितरण कम्पनियों (डिस्कॉम) की परिचालन

● शेष पृष्ठ 11 पर

### चार परीक्षा स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ायी गयी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा में शामिल होनेवाले अभ्यर्थियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने चार अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। ये विशेष रेलगाड़ियां अपने वर्तमान कोच संरचना, समय-सारिणी और निर्धारित ठहराव के साथ पूर्ववत संचालित होती रहेंगी। उत्तर रेलवे के अनुसार, रेलगाड़ी संख्या 04427 शकूरबस्ती-सहारनपुर जंक्शन अनारक्षित परीक्षा स्पेशल, जिसे पहले 20 जून तक अधिसूचित किया गया था, अब 21 जून तक एक अतिरिक्त फेरे के लिए संचालित की जायेगी।

### ममता के करीबी व पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय ने तृणमूल के सभी पदों से दिया इस्तीफा



एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ रही पार्टी अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस को शुक्रवार को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक ने संगठन के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ज्योतिप्रिय मल्लिक ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को पत्र लिख कर अपने निर्णय की जानकारी दी है। उन्होंने अपने पत्र में बताया कि वह पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसके कारण अब संगठन की जिम्मेदारियां निभा पाना उनके लिए सम्भव नहीं है। हाल ही में ज्योतिप्रिय मल्लिक को तृणमूल कांग्रेस की कार्यकारी समिति में जगह दी गयी थी, लेकिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उन्होंने इस जिम्मेदारी को स्वीकार करने में असमर्थता जतायी है।

उल्लेखनीय है कि ममता बनर्जी के करीबी

● शेष पृष्ठ 11 पर

# तीन साल में अपराधी को सजा तक पहुंचानेवाली व्यवस्था बनाना लक्ष्य : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को ऐसा प्रभावी माध्यम बनाया जाना चाहिए, जो प्रत्येक नागरिक को संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित कर सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर, सम्पत्ति या सम्मान से जुड़े अधिकारों का उल्लंघन होता है और वर्षों तक अपराधी को दंड नहीं मिलता, तो ऐसी व्यवस्था न्यायसंगत नहीं कही जा सकती।



राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को सम्बोधित करते हुए शाह ने कहा कि वर्ष 2019 में आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाने का अभियान शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य कानूनों को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जांच प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा बनाना तथा एफआईआर से लेकर अपराधी को दोषसिद्ध कराने तक की प्रक्रिया को तीन वर्ष के भीतर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि देश वर्तमान में आपराधिक न्याय प्रणाली के परिवर्तन काल से गुजर रहा है। पहले थाना केवल कानून-व्यवस्था बनाये रखने का माध्यम माना जाता था, लेकिन समय के साथ उसकी भूमिका अपराध नियंत्रण और जांच-पड़ताल तक विस्तारित हुई। अब आवश्यकता इस बात की है

● शेष पृष्ठ 11 पर

### किश्तवाड़ में आतंकियों का नेटवर्क ध्वस्त

**किश्तवाड़** : किश्तवाड़ जिले में आतंकियों की मदद करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें वन विभाग का एक कर्मचारी भी शामिल है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि किश्तवाड़ जिले के डच्चन इलाके के टंडर निवासी तारिक अहमद गिनू (वन विभाग में सरकारी कर्मचारी) और मोहम्मद इकबाल को गिरफ्तार किया गया है। ये गिरफ्तारियां किश्तवाड़ पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की सम्बन्धित धाराओं के तहत दर्ज एक मामले की जांच के दौरान की गयीं। पुलिस ने कहा कि ये दोनों स्थानीय आतंकियों की मदद करने और उन्हें सहायता उपलब्ध कराने में शामिल थे।

# कार्यस्थलों पर महिला सुरक्षा को लेकर आयोग ने राज्यों को जारी की एडवाइजरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक कार्यस्थल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू ) ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को व्यापक एडवाइजरी जारी की है। शुक्रवार को आयोग की तरफ से जारी एडवाइजरी में कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम (पोश एक्ट), 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महत्त्वपूर्ण कदम उठाने की सिफारिश की गयी है। एडवाइजरी में 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले सभी संस्थानों में वार्षिक पोश ऑडिट



अनिवार्य करने का सुझाव दिया गया है। आयोग की तरफ से जारी परामर्श में राज्यों को पोश मॉनिटरिंग सेल या डिजिटल डैशबोर्ड स्थापित कर कानून के अनुपालन की नियमित निगरानी करने को कहा गया है। आयोग ने सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और निजी प्रतिष्ठानों में आंतरिक शिकायत समितियों का गठन सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। साथ ही, असंगठित क्षेत्र, घरेलू कामगारों और छोटे प्रतिष्ठानों में कार्यरत महिलाओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए स्थानीय समितियों को मजबूत बनाने की सिफारिश की गयी है।

एडवाइजरी में ब्लॉक, तहसील और नगर स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, पोश कानून के प्रति जागरूकता अभियान, समिति सदस्यों के प्रशिक्षण तथा शिकायतकर्ताओं को प्रताड़ना और भेदभाव से सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश भी शामिल हैं।

# गांधी सरोवर परियोजना को रक्षा मंत्रालय की मंजूरी, मुसी रिवरफ्रंट विकास को मिलेगी नयी गति

एजेंसी

**हैदराबाद** : तेलंगाना सरकार की महत्वाकांक्षी मुसी रिवरफ्रंट विकास योजना को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। रक्षा मंत्रालय ने हैदराबाद के मुसी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमआरडीसी) को बापू घाट स्थित प्रस्तावित गांधी सरोवर परियोजना के लिए आवश्यक कार्य अनुमति प्रदान कर दी है। इस मंजूरी के साथ परियोजना के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो गया है और राज्य सरकार की बहुप्रतीक्षित मुसी नदी पुनर्विकास योजना को नयी गति मिलने की उम्मीद है।

रक्षा मंत्रालय के भूमि विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, गोलकोंडा स्थित आर्टिलरी सेंटर के अंतर्गत आनेवाली 83.814 एकड़ रक्षा भूमि के उपयोग की अनुमति प्रदान की गयी है। यह स्वीकृति रक्षा मंत्रालय की 'इक्वल वैल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर' (ईवीआई) नीति के तहत दी गयी है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अनुमति निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी तथा परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान सभी सुरक्षा और प्रशासनिक प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।

रक्षा विभाग के अनुसार, स्वीकृत भूमि गंडीपेट, राजेंद्रनगर और गोलकोंडा मंडलों के अंतर्गत आनेवाले बांडलागुडा, हैदरगुडा और किला मोहम्मद नगर गांवों में स्थित है। इस भूमि का कुल मूल्यांकन लगभग 533.42 करोड़ रुपये किया गया है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि चिह्नित रक्षा भूमि के उपयोग की अनुमति स्थानीय सैन्य प्राधिकरण को समान मूल्य के बुनियादी ढांचे के निर्माण के बदले प्रदान की गयी है।



बताया गया है कि एमआरडीसी ने एनओसी पोर्टल के माध्यम से इस संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसके बाद सभी आवश्यक प्रक्रियाओं और मूल्यांकन के उपरांत रक्षा मंत्रालय ने परियोजना को मंजूरी प्रदान की। यह स्वीकृति गांधी सरोवर परियोजना के लिए एक महत्त्वपूर्ण प्रशासनिक बाधा को दूर करनेवाली साबित हुई है।

गांधी सरोवर परियोजना तेलंगाना सरकार के व्यापक 'मुसी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट प्रोग्राम' का प्रमुख हिस्सा है। राज्य सरकार के अनुसार इस कार्यक्रम का उद्देश्य मुसी नदी और उसके तटवर्ती क्षेत्रों का समग्र विकास करना है। इसके तहत नदी की पर्यावरणीय बहाली, सार्वजनिक स्थलों का निर्माण, शहरी आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण, हरित क्षेत्रों का विकास तथा सांस्कृतिक और मनोरंजक सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा।

बापू घाट स्थित प्रस्तावित गांधी सरोवर परियोजना को एक प्रमुख सार्वजनिक जलतट विकास परियोजना के रूप में विकसित करने की योजना है। अधिकारियों के अनुसार, इस परियोजना का उद्देश्य महात्मा गांधी से जुड़े ऐतिहासिक स्मारक स्थल के आसपास के क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण करना, आधुनिक नागरिक सुविधाएं विकसित करना तथा इसे मुसी रिवरफ्रंट पुनर्विकास योजना के साथ एकीकृत करना है। परियोजना के पूरा होने के बाद यह क्षेत्र पर्यटकों, स्थानीय नागरिकों और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र बन सकता है।

परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्रालय और भारतीय सेना के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मंजूरी मुसी नदी के व्यापक पुनर्जीवन और उसके तटों को एक जीवंत पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक सम्पत्ति के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुसी नदी को केवल एक जलधारा के रूप में नहीं, बल्कि हैदराबाद की सांस्कृतिक पहचान और शहरी विकास की धुरी के रूप में विकसित करना चाहती है।

## एक झलक

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सीसीएल में वेबिनार आयोजित, प्लास्टिक कचरा कम करने पर जोर

**रांची** : स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की ओर से शुक्रवार को 'रिड्यूसिंग प्लास्टिक वेस्ट फॉर ए ग्रीनर टुमॉरो' विषय पर व्याख्यान सह वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एकल-उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्लास्टिक अपशिष्ट में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल रांची सीआईपीईटी के निदेशक प्रमुख अवनीत कुमार जोशी ने प्लास्टिक कचरे के बढ़ते पर्यावरणीय प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन आज की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक बन चुका है। इसके प्रभावी समाधान के लिए जागरूकता, जनभागीदारी और व्यवहारगत बदलाव बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण, जल स्रोतों, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में एकल-उपयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करने और उसके विकल्पों को अपनाने की दिशा में सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने दैनिक जीवन में प्लास्टिक उपयोग को कम करने के व्यावहारिक उपायों की भी जानकारी दी।

### मुनिराजों का भव्य मंगल प्रवेश और केश लोच में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**खूंटी** : जैन समाज के लिए शुक्रवार का दिन अत्यंत पुण्यदायी और ऐतिहासिक रहा। परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज और मुनि श्री 108 कौशल्य सागर जी महाराज का खूंटी नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। दोनों मुनिराजों के आगमन से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। मंगल प्रवेश के दौरान श्रद्धालुओं ने पलक-पावड़े बिछाकर मुनिराजों का श्रद्धाभाव से स्वागत किया। इसके बाद जैन मंदिर परिसर में देव-शास्त्र-गुरु की पूजा, अभिषेक और शांतिधारा सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान के साथ संपन्न हुए। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इन मांगलिक कार्यक्रमों में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण जैन धर्म की कठिन तपस्या और आत्म-संयम का प्रतीक केश लोच रहा। मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज ने पूर्ण वैराग्य, त्याग और साधना की भावना के साथ केश लोच किया। इस आध्यात्मिक दृश्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। संध्या बेला में आयोजित नमोकार चालीसा पाठ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंत्रोच्चार, भजनों और सामूहिक प्रार्थना के बीच पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान और गुरु चरणों में अपनी अगाध आस्था व्यक्त करते हुए सुख, शांति एवं आत्मकल्याण की कामना की।

### सड़क हादसे में भाजपा नेता का निधन

**रामगढ़** : रामगढ़ जिले में शुक्रवार को हुए एक सड़क हादसे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता का निधन हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर पटेल चौक के समीप हुई इस दुर्घटना के बाद पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि पतरातू बस्ती निवासी सुबोध कुमार सिंह अपनी स्कूटी (जेएच-24एम-7486) से चुटूपालू घाटी की ओर से रामगढ़ लौट रहे थे। इसी दौरान पटेल चौक के पास उनकी स्कूटी अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सुबोध कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# दीपिका पाण्डेय सिंह ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

■ नवनिर्मित प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : झारखंड सरकार की माननीय ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ के समीप नव निर्मित प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन रामगढ़ का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के उपरांत मंत्री ने भवन का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालय कक्षों, नागरिक सुविधा केंद्रों तथा उपलब्ध कराई गई आधारभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन प्रशासनिक कार्यों के बेहतर संचालन तथा आम नागरिकों को त्वरित एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब और आम जनता को केंद्र में रखकर विकास कार्यों को गति दे रही है। प्रशासनिक ढांचे को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में नए कार्यालय भवनों एवं आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की महत्वपूर्ण इकाई हैं और बेहतर आधारभूत संरचना से कार्य संस्कृति एवं सेवा वितरण में सकारात्मक बदलाव आएगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम जनता से जुड़े मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अवसर पर रामगढ़ विधायक ममता देवी, उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग, विधायक प्रतिनिधिगण, अन्य जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी, प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवनिर्मित भवन को क्षेत्र के प्रशासनिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इससे आम लोगों को सरकारी सेवाएं प्राप्त करने में सुविधा होगी तथा प्रशासनिक कार्यों की दक्षता में वृद्धि होगी।

## सेंट्रल मोहर्रम कमेटी का विस्तार, आमिर रजा बने अध्यक्ष और नस्तईन खान को मिली सचिव की जिम्मेदारी



■ आपसी भाईचारे और शांति के संदेश के साथ मोहर्रम कमेटी का विस्तार, मुंतज़िर अहमद रजा ने दिलायी जिम्मेदारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की बैठक कुटे बाजार टांड़ में मुख्य संरक्षक सह पूर्व उप प्रमुख मुंतज़िर अहमद रजा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी का विस्तार किया गया। नई कमेटी में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी आमिर रजा को, सचिव पद पर नस्तईन खान उर्फ पप्पू को तथा कोषाध्यक्ष पद पर नूर हसन अंसारी को मनोनीत किया गया। बैठक में कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मोहर्रम को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और बेहतर तरीके से संपन्न कराने को लेकर चर्चा की। मौके पर मुख्य संरक्षक मुंतज़िर अहमद रजा ने कहा कि मोहर्रम कमेटी का विस्तार आपसी सहमति से किया गया है। उन्होंने मोहर्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्याग, बलिदान और इंसाफ का संदेश देने वाला पर्व है। सभी लोग आपसी भाईचारे और शांति के साथ मोहर्रम मनाएं। बैठक में खलीक खान, अमीर हमजा अंसारी, रकीब अंसारी, खुर्शीद अंसारी, रेहान खान, शेख साजुद्दीन, अब्दुल गनी, जलाल खान, असगर अंसारी, अख्तर अंसारी, मीनू, शेख निजाम, अलीम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग के रामगढ़ जिले में किये जा रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : शिक्षा विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों में संचालित सरकारी विद्यालयों की स्थिति, नामांकन, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति की समीक्षा किया गया इस दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा खराब प्रदर्शन वाले स्कूल क्षेत्र के बीपीओ पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही विद्यार्थियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा यूडेश रैंकिंग तथा अपार स्टेटस की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार लाने एवं अपार आईडी जनरेशन के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, जिले के विभिन्न संकुलों में बीआरपी एवं सीआरपी द्वारा किए जा रहे मॉनिटरिंग कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने फील्ड विजिट और निरीक्षण में और अधिक सक्रियता बरतने की हिदायत दी। उपायुक्त ने विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, साफ-सफाई एवं भवनों की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जिले के सभी स्कूलों में पोषण वाटिका विकसित करने का विशेष निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर व सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान विद्यालयों में संचालित स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय व्यवस्था, खेलकूद गतिविधियों एवं डिजिटल शिक्षा से संबंधित कार्यों की भी जानकारी ली गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें तथा बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम , जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार , संबंधित विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जेएलकेएम के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय संगठन का पुनर्विस्तार

**खूंटी** : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की ओर से दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय संगठन पुनर्विस्तार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को खूंटी क्लब में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर ने की। इस अवसर पर संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रमंडलीय स्तर के साथ-साथ जिला संगठन का भी पुनर्गठन और विस्तार किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से सुरेश तोपनो और विक्रम महतो ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की भूमिका और आगामी राजनीतिक एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पार्टी को गांव-गांव तक सशक्त बनाने और आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत किया जा रहा है।

## ओरमांझी मार्केट कॉम्प्लेक्स दुकान आवंटन पर ग्रामीणों का विरोध

■ स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की मांग

■ ग्राम सभा के निर्णय को लागू करने की मांग

■ स्थानीय युवाओं और जरूरतमन्दों को मिले रोजगार का अवसर : मुखिया




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : जिला परिषद मद से निर्मित ओरमांझी मार्केट कॉम्प्लेक्स की दुकानों एवं हॉलों के आवंटन को लेकर शुक्रवार को स्थानीय ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। मार्केट कॉम्प्लेक्स परिसर के बाहर आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शामिल होकर दुकानों के आवंटन में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की मांग की। प्रदर्शन में मुखिया दीपक बड़ाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, युवा समाजसेवी शशि मेहता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार, युवा समाजसेवी आनंद महतो, वार्ड सदस्य आनंद नायक सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

ग्रामीणों ने जिला परिषद द्वारा जारी दुकान आवंटन की शर्तों पर आपत्ति जताते हुए कहा कि निर्धारित पात्रता और आर्थिक शर्तों के कारण स्थानीय किसान, बेरोजगार युवा और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने मांग की कि दुकानों का आवंटन स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किराया दरों को जनहित में सरल बनाया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में ग्राम सभा में इस मुद्दे पर चर्चा के बाद प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें स्थानीय लोगों को दुकान आवंटन, उचित किराया दर और आवंटन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की गई थी। साथ ही बाजार परिसर के संचालन में ग्राम सभा की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई थी। मुखिया दीपक बड़ाईक ने कहा कि मार्केट कॉम्प्लेक्स का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है। इसलिए ग्राम सभा की भावना और स्थानीय लोगों की उम्मीदों को ध्यान में रखकर निर्णय लिया जाना चाहिए। इस संबंध में संबंधित जनप्रतिनिधियों को लिखित आवेदन भी दिया गया है।

## रांची में सेवा भाव के साथ मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन, चेशायर होम के बच्चों के बीच बांटी खुशियां : कांग्रेस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी का 56वें जन्मदिन आज रांची के बरियातू रोड स्थित चेशायर होम में अत्यंत सादगी, संवेदनशीलता और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने दिव्यांग बच्चों एवं अंतःवासियों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियाँ साझा कीं।

कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी जी के जन्मदिन पर केक काटा गया तथा चेशायर होम के बच्चों के बीच फल, मिठाई एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। कांग्रेस नेताओं ने बच्चों के साथ समय बिताते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राहुल गांधी जी का संपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक जीवन न्याय, समानता, प्रेम और सेवा के मूल्यों को समर्पित रहा है। वे हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज बनने का कार्य करते हैं। इसी भावना के अनुरूप उनके जन्मदिन को किसी भव्य आयोजन के बजाय सेवा कार्य के माध्यम से मनाने का निर्णय लिया गया, ताकि जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाई जा सके।

मानवता की मिसाल: भाजपा नेता आशीष साहू की पहल पर एंबुलेंस से लाया गया पार्थिव शरीर

## केरल से झारखंड पहुंचा समाजसेवी कुंज बिहारी साहू का पार्थिव शरीर, जनप्रतिनिधियों के प्रयास से मिली बड़ी मदद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : प्रखंड के वरिष्ठ समाजसेवी सह प्रतिष्ठित होटल नीलकमल के संचालक कुंज बिहारी साहू का पार्थिव शरीर बुधवार को केरल से झारखंड पहुंचा। उनके निधन के बाद पार्थिव शरीर को घर तक लाने में आ रही परेशानी के बीच जनप्रतिनिधियों और नेताओं के प्रयास से बड़ी मदद मिली। कुंज बिहारी साहू पिछले करीब 10 वर्षों से अपनी बेटी के घर रहकर केरल स्थित बेबी मेमोरियल हॉस्पिटल में इलाज करा रहे थे। गंभीर बीमारी के कारण डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था। झारखंड लौटने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद तमिलनाडु स्थित इंदिरा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। पार्थिव शरीर को झारखंड लाने में परेशानी होने पर भाजपा नेता आशीष साहू ने पहल करते हुए खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं कांग्रेस नेता राजेश सिंहा से संपर्क किया। इसके बाद दोनों नेताओं के प्रयास से केरल के नाडापुरम विधायक के. अभिजीत और कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री यू.टी. खादर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हॉस्पिटल मदद करते हुए एंबुलेंस की व्यवस्था कराई और पार्थिव शरीर को झारखंड भेजने में सहयोग किया। परिजनों ने कर्नाटक सरकार के स्वास्थ्य मंत्री यू.टी. खादर, विधायक के. अभिजीत, खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं कांग्रेस नेता राजेश सिंहा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में मिली सहायता मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल है। कुंज बिहारी साहू के निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रोफेसर आदित्य प्रसाद साहू,पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू उर्फ लालू साहू, पूर्व प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, रणधीर चौधरी, मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य ललिता मेहता सहित कई जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया।

## हंगामे से 150 मरीजों की चिकित्सा सेवा प्रभावित हुई, सरोज देवी के इलाज में नहीं ली गयी एक भी रुपये की राशि : सैम्फोर्ड अस्पताल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सैम्फोर्ड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कोकर द्वारा गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अस्पताल प्रबंधन ने हाल के दिनों में अस्पताल को लेकर लगाए गए आरोपों पर विस्तार से अपना पक्ष रखा। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि एक सामाजिक संगठन के बैनर तले अस्पताल परिसर में किया गया हंगामा न केवल अस्पताल की कार्यप्रणाली को प्रभावित करने वाला था, बल्कि इससे अस्पताल में भर्ती लगभग 150 मरीजों की चिकित्सा सेवाएं भी प्रभावित हुईं प्रेस वार्ता में मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. घनश्याम सिंह, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. श्रीरीन खंडेकर, क्रिटिकल केयर हेड डॉ. डी.एस.एन. राय, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. युवराज लहरे, जनरल मैनेजर दिवाकर मेहता एवं कमलेश कुमार उपस्थित थे।अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से एक मरीज के इलाज को लेकर अस्पताल के खिलाफ कई तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। मीडिया के समक्ष अस्पताल ने मरीज के इलाज से जुड़े दस्तावेज, उपचार प्रक्रिया और अन्य रिकॉर्ड प्रस्तुत करते हुए पूरे मामले को तथ्यात्मक रूप से रखने का प्रयास किया।

आइडियल आर्चरी अकादमी का भव्य उद्घाटन

# खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दलादिली, रातू (रांची)** : आइडियल इंटरनेशनल स्कूल, दलादिली एवं कार्तिक उरांव आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर, रातू, रांची के संयुक्त प्रयास से स्थापित आइडियल आर्चरी अकादमी का भव्य उद्घाटन समारोह विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री सीता पुष्पा, आईएएस, अपर सचिव, शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार थीं। मुख्य अतिथि सुश्री सीता पुष्पा ने दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर अकादमी का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी झारखंड की समृद्ध खेल विरासत का प्रतीक है और इस प्रकार की पहल राज्य की युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान करेगी। विद्यालय के निदेशक डॉ. सुबूल आलम ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेलों को बढ़ावा देना संस्थान की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अकादमी विद्यार्थियों को खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय की प्राचार्या मंजू बग्गा अरोड़ा ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण एवं नियमित अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्तिक उरांव आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के अध्यक्ष रंजीत तिर्की ने कहा कि अकादमी की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों को उच्चस्तरीय तीरंदाजी प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा उन्हें जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

## 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रांची ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 100 दिवसीय योग अभियान का किया आयोजन



**अनगड़ा** : भारत सरकार एवं आयुष मंत्रालय के निदेशानुसार आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे '100 दिवसीय योग अभियान' के अंतर्गत 26वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), अनगड़ा, रांची द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में विभिन्न जन-जागरूकता एवं योग संबंधी गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 19 जून 2026 को उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी, रांची में एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वाहिनी मुख्यालय के कार्यवाहक कमांडेंट प्रवीण कुमार हसदे के मार्गदर्शन तथा उप कमांडेंट श्वेता थापा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 26वीं वाहिनी एसएसबी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों के साथ-साथ उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया तथा योग के नियमित अभ्यास से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## जिला स्तरीय आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : मनरेगा बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किये गये पौधरोपण से उत्पादित फलों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ साथ प्रचार-प्रसार के माध्यम से योजना को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक सुरेश बैठा व विशिष्ठ अतिथि डीडीसी संजय भगत, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, बीडीओ धीरज कुमार, सीओ सच्चिदानंद वर्मा, उपप्रमुख हरदेव साहु, शमीम बड़ेहार, बबलू उरांव सहित अन्य ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आम महोत्सव में बुढ़मू, बेड़ो, लापुंग, खलारी, मांडर, चान्हों और रातु प्रखंड के किसानों ने आम के फल का प्रदर्शनी लगाई। बुढ़मू, बेड़ो, लापुंग, खलारी, मांडर, चान्हों और रातु प्रखंड में आम बागवानी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री बैठा ने कहा कि मनरेगा के तहत आम बागवानी से रांची जिला के किसान आत्मनिर्भर हुए है और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। स्थानीय ग्रामीणों को उम्दा किस्म के आम मिल रहे है। 30 जून से मनरेगा बंद हो रहा है और एक जुलाई से बीबीरामजी योजना शुरू हो रही है और भारत सरकार ने आम बागवानी को बीबीरामजी से बाहर रखा है।

# बीमार होने के बाद भी जल संरक्षण का पाठ पढ़ा रहे 'जल पुरुष' पद्मश्री सिमोन उरांव

■ घर में प्रशस्ति पत्र-मोमेंटो भरे हैं, मगर मकसद सिर्फ लोगों को जागरूक करना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : 83 साल की उम्र, बीमारी की तकलीफ, फिर भी हौसला वही। झारखंड के जल पुरुष पद्मश्री सिमोन उरांव आज भी बिस्तर पर लेटे-लेटे लोगों को पानी बचाने की सीख दे रहे हैं। रांची के नजदीक बेड़ो में रहने वाले सिमोन बाबा का एक ही संदेश है पेड़ काटोगे, तालाब पाटोगे तो पानी कहां से आएगा? हर गांव को अपना तालाब बचाना होगा। साईं रोड बेड़ो स्थित उनके घर की दीवारें सरकार और संस्थाओं से मिले



प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो से भरी पड़ी हैं। लेकिन बाबा के लिए ये सम्मान से ज्यादा जिम्मेदारी हैं। मिलने आए सांसद प्रतिनिधि जुगेश उरांव व चरवा उरांव से भी उन्होंने क्षेत्र की शांति, खुशहाली और सिर्फ जल संरक्षण की ही बात की। उनका कहना है कि मोमेंटो दीवार पर शोभा बढ़ाते हैं, असली सम्मान तब है जब गांव का हर कुआं, हर तालाब जिंदा रहे। वर्षा शुरू हो गई है, ऐसे में बाबा का संदेश साफ है-पानी बचाओ, धरती बचाओ।

**पानी से बंजर को हरा-भरा किया, पद्मश्री मिला**

जल संरक्षण के उत्कृष्ट काम के लिए सिमोन उरांव को 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने पद्मश्री से सम्मानित किया। बेड़ो प्रखंड की बंजर जमीन पर मेहनत कर नहर बनाई, खेतों तक पानी पहुंचाया। गांव के बंजर को हरा-भरा किया तो पूरे क्षेत्र का भूजल स्तर ऊपर आ गया। तभी से उन्हें जल पुरुष कहा जाने लगा।

**बंजर जमीन को बना दिया खेती योग्य**

हरिहरपुर जामटोली पंचायत के खक्सी टोली के मूल निवासी सिमोन बाबा ने जामटोली व खक्सी टोली की बंजर भूमि को खेती लायक बना दिया। सिंचाई के अभाव में जहां खेती दुर्लभ थी, वहां आज किसान 3 से 4 फसल ले रहे हैं। ग्रामीण तरीकों से जल प्रबंधन और वन संरक्षण को नया आयाम दिया। हजारों पेड़ लगाए, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया।

**12 गांवों के पाड़हा राजा भी रहे**

जामटोली गांव में हरित क्रांति लाने वाले सिमोन उरांव 12 गांवों के पाड़हा राजा भी रहे। पाड़हा व्यवस्था से गांव के झगड़े सुलझाए, शांति बहाल की और झारखंडी संस्कृति-परंपरा को संजोकर रखा। उन्हीं के प्रयासों से आज ग्रामीण आर्थिक रूप से खुशहाल हुए हैं।

डोरंडा सेंट्रल मुहर्रम कमेटी की बैठक

## 27 जून को निकलेगा मुख्य जुलूस समय का विशेष ध्यान रखने की अपील



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची (डोरंडा)** : डोरंडा सेंट्रल मुहर्रम कमेटी की एक अहम बैठक डोरंडा उर्दू लाइब्रेरी में आयोजित की गई। बैठक में मुहर्रम के जुलूस को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से मनाने को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष जनाब अशरफ अंसारी ने बताया कि मुहर्रम की 5वीं का जुलूस डोरंडा के विभिन्न इलाकों से निकाला जाएगा। यह जुलूस तमाम मोहल्लों से गुजरते हुए यूनुस चौक पर इकट्ठा होगा इसके बाद सभी लोग डोरंडा राजेंद्र चौक स्थित कर्बला जाएंगे, जहां से मिट्टी लाकर अपने-अपने मोहल्ले के इमामबाड़ा में स्थापित करेंगे। एवं मुहर्रम की 8वीं तारीख को कुरैशी मोहल्ला से छोटी चौकी का जुलूस निकाला जाएगा। इसके बाद 27 जून को मुख्य जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें सभी मोहल्लों के खलीफा अपने-अपने जुलूस के साथ यूनुस चौक पर एकत्रित होंगे। डोरंडा ग्वाला टोली धावताल अखाड़ा के नेतृत्व में सभी मोहल्लों का संयुक्त जुलूस आगे बढ़ेगा। यह भव्य जुलूस डोरंडा राजेंद्र चौक होते हुए मेन रोड तक जाएगा। अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने सभी खलीफाओं से विशेष अपील की है कि वे समय का खास ख्याल रखें और अपने-अपने जुलूस को निर्धारित वक्त पर ही निकालें ताकि व्यवस्था बनी रहे। बैठक में अध्यक्षः अशरफ अंसारी सेक्रेट्रीः मुमताज गद्दी संयोजकः राशिद अली सह सचिवः नसीमुल हक उर्फ सरफराज, तैयब कोषाध्यक्षः मौलाना मनीरउद्दीन मीडिया प्रभारीः नवाब चिश्ती प्रवक्ताः शाहनवाज उर्फ रिंकू उपाध्यक्षः नौशाद, नज्जू सहित सभी अखाड़े की प्रमुख खलीफा एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक झलक

### विश्व योग दिवस पर 21 जून को चैंबर भवन में होगा योगासन कार्यक्रम

रांची : फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की आयुष स्वास्थ्य उप समिति द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार, 21 जून 2026 को सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे तक चैंबर भवन में डॉ. लालचंद बगड़िया एक्यूप्रेशर संस्थान के सहयोग से विशेष योगासन एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उप समिति की बैठक में कहा गया कि वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली, बढ़ते मानसिक तनाव एवं विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की एक वैज्ञानिक एवं प्रभावी जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक क्षमता, मानसिक एकाग्रता, रोग प्रतिरोधक क्षमता तथा कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। यही कारण है कि आज योग को विश्वभर में अपनाया जा रहा है और भारत की इस प्राचीन विरासत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है।

### श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम का भव्य तिलक शृंगार



रांची : हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज बाबा श्याम का भव्य तिलक श्रृंगार किया गया। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान के सानिध्य में मंदिर के आचार्य के साथ मिलकर बाबा श्याम का केसर चंदन तिलक का श्रृंगार किया गया । कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए जूही बेली गुलाब रजनी पीला गेंदा के फूलों की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का श्रृंगार किया गया। ज्ञातव्य है कि अमावस्या महास्नान के बाद से बाबा श्री श्याम भक्तों को श्यामल रूप में दर्शन दे रहे थे। आज के तिलक श्रृंगार के बाद से भक्त बाबा श्याम का केसर श्रृंगार के रूप का दर्शन करेंगे। प्रातः मंदिर के पट 5:00 बजे खुले उसके बाद 5:30 बजे की मंगला आरती की गई। इसके बाद प्रातः नियमित श्रृंगार में आज श्यामल रूप का श्रृंगार किया गया एवं 8:30 बजे की श्रृंगार आरती हुई। श्रृंगार आरती के बाद जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम से के स्वर से मंदिर गूंजयमन था। 12:30 बजे के बाद पट लगे इसके बाद बाबा श्याम का तिलक श्रृंगार प्रारंभ हुआ।

### पीजी छात्रावास खाली कराने के आदेश के विरोध में छात्रों ने सुदेश महतो से की मुलाकात



रांची : रांची विश्वविद्यालय के पी.जी. छात्रावास को खाली कराने संबंधी जारी नोटिस के विरोध में छात्रावास के सभी छात्रों ने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड के उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो से मुलाकात की। इस दौरान छात्रों ने छात्रावास खाली कराने के आदेश से उत्पन्न समस्याओं और अपनी चिंताओं से उन्हें अवगत कराया। छात्रों ने बताया कि अचानक छात्रावास खाली कराने के निर्णय से उनकी पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा आवास संबंधी व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अधिकांश छात्र दूर-दराज के क्षेत्रों से आते हैं और छात्रावास उनके लिए शिक्षा प्राप्त करने का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में बिना वैकल्पिक व्यवस्था के छात्रावास खाली कराने का आदेश उनके भविष्य को प्रभावित कर सकता है। छात्रों ने उपमुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप कर छात्र हितों की रक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। छात्रों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सुदेश महतो ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनके हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा और छात्रों का भविष्य सर्वोपरि है तथा किसी भी प्रशासनिक निर्णय में विद्यार्थियों की सुविधाओं और परिस्थितियों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

## एसिड पीड़ित पुरुष को अतिरिक्त मुआवजा का मामला

# उच्च न्यायालय ने दिये 15 लाख देने के आदेश




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने तेजाब हमले के पीड़ित राहुल कुमार को राहत देते हुए राज्य सरकार को पूर्व में दिए गए तीन लाख रुपये के मुआवजे के अतिरिक्त 15 लाख रुपये और मुआवजा देने का निर्देश दिया है। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ित के समुचित और निरंतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने राहुल कुमार की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए दिया। अदालत ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट कहा कि तेजाब हमला किसी एक लिंग विशेष के खिलाफ होने वाला अपराध नहीं है और मुआवजा देने के मामले में लिंग के आधार पर भेदभाव करना पीड़ितों के साथ अन्याय होगा। खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार की अधिसूचना के तहत तेजाब हमले के पीड़ितों को मिलने वाले मुआवजे में लिंग के आधार पर अंतर करना उचित नहीं माना जा सकता। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि तेजाब हमले के कारण होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक पीड़ा पुरुष एवं महिला दोनों के लिए समान रूप से गंभीर होती है, इसलिए राहत और पुनर्वास की प्रक्रिया में समानता का सिद्धांत लागू होना चाहिए। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि इससे पहले उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने राहुल कुमार को तीन लाख रुपये मुआवजा देने और आदेश की तिथि तक उसके उपचार का खर्च वहन करने का निर्देश दिया था। हालांकि राहुल कुमार ने इस राहत को अपर्याप्त बताते हुए मुआवजा राशि बढ़ाने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर खंडपीठ में अपील दायर की थी। अपील में यह भी कहा गया था कि झारखंड में तेजाब की खरीद-बिक्री को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी नियमावली का अभाव है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि राज्य में तेजाब की बिक्री पर निगरानी और नियंत्रण के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे ऐसे अपराधों की आशंका बनी रहती है। सुनवाई के दौरान इस बात पर भी जोर दिया गया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बाद देश के विभिन्न राज्यों में तेजाब की बिक्री और उसके उपयोग की निगरानी के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

### रांची में अभियंत्रण सेवा (मुख्य) परीक्षा 2026 के लिए निषेधाज्ञा लागू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : संघ लोक सेवा आयोग (UPSC), नयी दिल्ली द्वारा आयोजित अभियंत्रण सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2026 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार-मुक्त संचालन तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रांची सदर के अनुमंडल दंडाधिकारी कुमार रजत ने बीएनएसएस की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की है। यह आदेश 21 जून 2026 को प्रातः 6:00 बजे से अपराह्न 8:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के संयुक्त आदेश से परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशासन को आशंका है कि असामाजिक तत्व परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में कई प्रतिबंध लगाए गए हैं। निषेधाज्ञा के तहत पाँच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र या परंपरागत हथियार लेकर चलने तथा बैठक या आमसभा आयोजित करने पर रोक रहेगी। सरकारी कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों तथा निर्धारित अपवादों को इससे छूट दी गई है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से आदेश का पालन करने और परीक्षा के सुचारु संचालन में सहयोग करने की अपील की है।

### झारखंड राजस्थानी अकादमी के विनय सरावगी बने अध्यक्ष



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : झारखंड राज्य की सुप्रसिद्ध समाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक संस्था झारखंड राजस्थानी अकादमी के पदाधिकारीयो का चुनाव सत्र 2026-26 सम्पन्न हुआ। चुनाव पदाधिकारी अजय मारू ने निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक पदाधिकारीयो के चयन हेतु आहूत किया। जिसमें सर्वप्रथम अध्यक्ष पद हेतु विनय सरावगी के नाम का प्रस्ताव आया, जिन्हें सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। तदोपरांत उपाध्यक्ष पद में बसंत मित्तल एवं पंकज पोद्दार को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। महासचिव पद के लिए रविशंकर शर्मा टोली को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष पद के लिए शिवशंकर साबू को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। सहसचिव पद के लिए मनोज बजाज एवं राकेश जैन रारा को निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनय सरावगी ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य राजस्थान भाषा, संस्कृति, साहित्यिक, संस्कार, पहनावा, मान सम्मान, खान पान को व्यापक रूप से प्रचारित करने में राजस्थानी अकादमी की महत्ती भूमिका दर्ज कराई जाएगी। जल्द ही वर्तमान में 100 संस्थापक सदस्यों के पाश्चात्य राज्यस्तरीय में सदस्यों का विस्तार किया जाएगा। श्री सरावगी ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि रविन्द्र भवन का जल्द से उद्घाटन कर राज्य में आहूत सांस्कृतिक गतिविधियों, आयोजनो को बढ़ावा दे।

### झारखण्ड चैम्बर व स्किल डेवलपमेंट मिशन के संयुक्त प्रयास से होगा मेगा जॉब फेयर



रांची : फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की स्किल डेवलपमेंट उप समिति की बैठक आज चैंबर भवन में हुई। बैठक में झारखण्ड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसायटी की ओर से विजय कुमार, विश्वरूप एवं चंद्रशेखर सिंह उपस्थित थे। बैठक में झारखण्ड चैंबर एवं झारखण्ड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसायटी के बीच प्रस्तावित एमओयू के प्रारूप एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। साथ ही उद्योग आधारित कौशल विकास के लिए प्राथमिक क्षेत्रों की पहचान, चैंबर से जुड़े उद्योगों एवं सदस्यों की स्किल आवश्यकताओं के आकलन तथा राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त रूप से जॉब फेयर आयोजित करने पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि झारखण्ड चैंबर एवं स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एक मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा इस अभियान के तहत पैन इंडिया स्तर पर लगभग 12 हजार रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। फेडरेशन अपने सभी सदस्य उद्योगों एवं प्रतिष्ठानों से उनकी मैनपावर आवश्यकताओं का विवरण प्राप्त करेगा। इसके लिए एक गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें सदस्य अपनी आवश्यकता के अनुसार रिक्त पदों का विवरण भरेंगे।

## 61 दिनों से भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाती निःशुल्क चलंत प्याऊ अग्रसेन धारा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : अग्रवाल युवा सभा, रांची द्वारा संचालित तीन निःशुल्क चलंत प्याऊ, अग्रसेन धारा, ने बीते 61 दिनों तक लगातार शहरवासियों की सेवा में समर्पित रहते हुए, शहर के विभिन्न स्थानों पर शीतल पेयजल, सत्तू पानी, ग्लूकोज पानी, आम पानी, रूह अफजा शरबत एवं अन्य पेय पदार्थ की व्यवस्था उपलब्ध कराई। अध्यक्ष रोहित सरावगी ने बताया कि यह सेवा हमारे माननीय दानदाताओं के सहयोग से विगत 4 वर्षों से लगातार चलाई जा रही है और हर वर्ष समाज के लिए यह एक प्रेरणास्रोत बन रही है। प्रवक्ता अमित बजाज ने बताया कि इस वर्ष अग्रसेन धारा ने निम्नलिखित प्रमुख स्थानों पर अपनी सेवाएं दीं : श्रद्धानंद रोड, कुँजलाल स्ट्रीट, सोनार पट्टी, बारूद दुकान गली, नॉर्थ मार्केट रोड, ईस्ट मार्केट रोड, वेस्ट मार्केट रोड, प्यादा टोली, महावीर चौक, गांधी चौक, बड़ा लाल स्ट्रीट, कोतवाली थाना, नागा बाबा खटाल, राजभवन, कचहरी रोड, पंडरा बाजार समिति, रवि स्टील पंडरा, रातू रोड, लालपुर अग्रसेन चौक, मेन रोड, सुजाता चौक, कांके रोड, हरमू रोड, सहजानंद चौक, सिरम टोली चौक, रेलवे स्टेशन, चुटिया बाजार, कांटाटोली चौक, कोकर चौक, बरियातू रोड, बूटी मोड़, आदि। अग्रसेन धारा प्रभारी मयूर पोद्दार, मोहित अग्रवाल एवं निशान अग्रवाल ने इस सेवा को अत्यंत सुसज्जित एवं व्यवस्थित ढंग से चलाया, जिसके लिए शहरवासियों द्वारा भरपूर सराहना मिली।

### राज्यसभा चुनाव को लेकर सहयोगी दलों पर आरोप-प्रत्यारोप से बचें, गठबंधन की एकता सर्वोपरि : सतीश पौल मुंजनी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : झारखंड राज्यसभा चुनाव के परिणाम को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा दिए जा रहे बयानों के बीच झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी स्पष्ट करना चाहती है कि इंडिया गठबंधन की मजबूती, एकता और आपसी विश्वास हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने गठबंधन धर्म का पूरी निष्ठा के साथ पालन किया है और राज्यसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के दोनों उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से प्रयास किया। चुनाव परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं आने से स्वाभाविक रूप से कई सवाल खड़े हुए हैं, लेकिन बिना किसी ठोस तथ्य और प्रमाण के किसी सहयोगी दल अथवा किसी नेता पर आरोप लगाना गठबंधन की भावना के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी राजू जी को लेकर भी कुछ राजनीतिक बयान दिए गए हैं, जो न केवल दुर्भाग्यपूर्ण हैं बल्कि तथ्यों से परे भी हैं। राजू जी ने हमेशा झारखंड में इंडिया गठबंधन को मजबूत करने, सहयोगी दलों के बीच समन्वय स्थापित करने और भाजपा के खिलाफ साझा संघर्ष को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

## संजय सेठ ने मंजू देवी को किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : मोदी सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाये जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आज बिरसा चौक, हटिया निवासी मंजू देवी से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद ममता देवी, निवर्तमान पार्षद कृष्णा महतो भी मौजूद रहे। मंजू देवी देश की पहली आयुष्मान भारत योजना लाभार्थी हैं। 23 सितंबर 2018 को रांची में इस महत्वाकांक्षी योजना के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं उन्हें आयुष्मान कार्ड प्रदान किया था। आयुष्मान भारत योजना ने उनके परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करते हुए आर्थिक चिंताओं से भी बड़ी राहत दी है। जनसंपर्क के दौरान मंजू देवी जी ने इस जनहितकारी योजना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया। यही है सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्षों की सार्थक उपलब्धि–हर जरूरतमंद तक स्वास्थ्य सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन की गारंटी।

### आरजेडी नेताओं के बयानों से महागठबंधन की मर्यादा हुई तार-तार, कांग्रेस पर लगाये गये आरोप निराधार और दुर्भावनापूर्ण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने आरजेडी के कुछ नेताओं द्वारा कांग्रेस और झारखंड प्रभारी के. राजू के खिलाफ दिए गए अमर्यादित और आधारहीन बयानों पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मानना है कि यदि किसी दल को अपने विधायकों और नेताओं पर भरोसा नहीं है तो उसकी खीझ कांग्रेस पर निकालना उचित नहीं है। आरजेडी नेताओं द्वारा कांग्रेस के भीतर गुटबाजी और संगठनात्मक स्थिति पर टिप्पणी करना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है और अपने आंतरिक मामलों को संभालने में पूरी तरह सक्षम है। के. राजू के संबंध में की गई व्यक्तिगत टिप्पणियां न केवल दुर्भाग्यपूर्ण हैं बल्कि महागठबंधन की भावना के भी विरुद्ध हैं। जिन नेताओं ने उन्हें बिकाऊ कहने जैसी भाषा का प्रयोग किया है, उन्हें पहले अपने शब्दों की मयार्दा और राजनीतिक संस्कृति पर विचार करना चाहिए। बिना किसी प्रमाण के किसी वरिष्ठ नेता की छवि धूमिल करने का प्रयास राजनीतिक दिवालियापन का परिचायक है। कांग्रेस यह भी कहना चाहती है कि राज्यसभा चुनाव के परिणामों और मतदान के दौरान हुई घटनाओं को लेकर कई प्रश्न स्वयं आरजेडी के भीतर उठ रहे हैं।

## फिरायालाल पब्लिक स्कूल में डालसा का कार्यक्रम

# नशामुक्त समाज का निर्माण ही लक्ष्य : डालसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर, सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव राकेश रौशन की उपस्थिति में फिरायालाल पब्लिक स्कूल, नियर ओवरब्रीज में छात्र-छात्राओं के लिए डॉन अभियान के तहत नशा मुक्ति पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी, राजेश कुमार सिन्हा, एनसीबी से संजय ओहदार, सीआईडी से रिजवान अंसारी, लाइफ सेवर्स एनजीओ के प्रमुख, अतुल गेरा, फिरायालाल पब्लिक स्कूल के षिक्षक-षिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, विधि के छात्र-छात्राओं में यशफीन फातीमा, पुनम कुमारी, दीपिका कुमारी, साक्षी कुमारी, संजना रानी मिंज, पीएलवी दीपेन्द्र कुमार एवं बंधु उरांव समेत अन्य लोग उपस्थित थे। राजेश कुमार सिन्हा ने एनडीपीएस एक्ट के बारे में वहां पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी दी तथा इससे संबंधित कठोर कानून के बारे में विस्तार से बतलाया। अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास एवं 2 लाख रुपए के जुमार्ने की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। डालसा का रांची में रिनपास और सीआईपी में लिगल-ऐड-क्लिनिक है, जहां नशा से मुक्ती केंद्र में पीएलवी उपलब्ध रहते है और उनको सहायता प्रदान करते है। उन्होंने आगे कहा कि सीआईपी और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का लिगल एड क्लिनिक है, जहां नशा करनेवाले व्यक्तियों को ईलाज किया जाता है। श्री सिन्हा ने आगे नशा से संबंधित पदार्थों के बारे एवं सजा के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी।

### साईं नाथ यूनिवर्सिटी के चौदह विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कोर कम्पनी में पोस्ट डिप्लोमा इंजीनियरिंग ट्रेनी पद पर चयन



रांची : साईं नाथ यूनिवर्सिटी, रांची के डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग विभाग के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है कि सिविल इंजीनियरिंग विभाग के चौदह प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित कोर कंपनी मोनार्क सर्वेयर्स एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स लिमिटेड के जियोटेक विभाग में पोस्ट डिप्लोमा इंजीनियरिंग ट्रेनी के पद पर हुआ है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा, उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था एवं विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। चयनित विद्यार्थियों में रंजन कुमार, ज्ञान साहू, सूरज लाल साव, शिवम कुमार, अभय कुमार, आयुष कुमार एवं अनिक अनुराग आदि शामिल हैं। इन विद्यार्थियों ने कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया में अपने तकनीकी ज्ञान, व्यवहारिक कौशल एवं आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह सफलता प्राप्त की।

## व्यापार विस्तार व नयी सम्भावनाओं पर होगा बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बिजनेस एक्सपेंशन एंड न्यू ऑपर्चुनिटी उप समिति की बैठक आज चैम्बर भवन में हुई। बैठक में वर्तमान व्यावसायिक परिवेश में व्यापार के विस्तार, नई संभावनाओं की पहचान तथा एआई एवं आधुनिक तकनीकों के उपयोग से व्यवसाय को अधिक प्रतिस्पर्धी और प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि वर्तमान समय में व्यापारियों को केवल पारंपरिक तरीकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि एआई आधारित टूल्स, डिजिटल ऑटोमेशन, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग एवं आधुनिक बिजनेस मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग कर अपने व्यवसाय की कार्यक्षमता बढ़ानी चाहिए। इससे लागत में कमी, ग्राहकों तक बेहतर पहुंच, तेज निर्णय क्षमता तथा व्यापार के टर्नओवर में वृद्धि संभव है। साथ ही सफल बिजनेस मॉडल से सीख लेकर अपने व्यापार में नवाचार लाने और नई तकनीकों को अपनाने पर भी बल दिया गया। बैठक में व्यापारियों से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले ट्रेड फेयर, बिजनेस एक्सपो एवं उद्योग प्रदर्शनियों में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। कहा गया कि ऐसे आयोजनों से नई तकनीकों, बाजार की मांग और व्यापार विस्तार के नए अवसरों की जानकारी प्राप्त होती है। बैठक में निर्णय लिया गया कि उप समिति द्वारा राजधानी रांची में जल्द ही बड़े पैमाने पर एक बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा।

## 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत डालसा का हुआ आयोजन

# बुजुर्गों, बच्चों व महिलाओं की सहायता करना ही उद्देश्य : डालसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में नामकुम प्रखण्ड के जोरार कुम्हार टोली में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी मानव कुमार सिंह, युधिष्ठिर महतो, लता कुमारी, प्रीति कुमारी, अमित बड़ाईक, सीमा कुमारी, जसिंता टोप्पो, तारा मिंज, चालक राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को माननीय झालसा द्वारा संचालित योजना मानवता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट मानवता समाज के सबसे कमजोर और असहाय वर्गों को कानूनी और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की एक बेहद संवेदनशील पहल है। कोविड-19 महामारी के संकटपूर्ण समय में 24 मई 2020 को झारखंड उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश पर इस योजना को ई-लॉन्च किया गया था। आगे उन्होंने इस योजना के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सभी जिलों में ऐसे जरूरतमंद बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं की पहचान करना जिन्हें मदद की दरकार है। संकट के समय (जैसे कोरोना काल या अन्य आपदाओं में) उन तक भोजन, राशन, दवाइयां, मास्क और सैनिटाइजर जैसी आवश्यक वस्तुएं पहुंचाना। पात्र लाभार्थियों को पेंशन, राशन कार्ड और स्वास्थ्य बीमा जैसी विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा वंचित वर्गों के किसी कानूनी अधिकार का हनन होता है, तो उन्हें पूरी तरह मुफ्त कानूनी सलाह और वकील मुहैया कराना भी इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। यह भी ज्ञात हो कि उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची और यहां से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गयी। नालसा टॉल फ्री नम्बर - 15100 पर भी फोकस किया गया एवं मध्यस्थता तथा लोक अदालत की जानकारी दी गयी। डालसा के पीएलवी ने लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, बाल श्रम, बाल विवाह, पीड़ित मुआजवा, डायन बिसाही आदी पर बतायें और लोगों को जागरूक किये। अंत में लिफलेट और पम्पलेट का वितरण भी किया गया।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की तीसरी कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : मारवाड़ी युवा मंच, रांची समर्पण शाखा के सत्र 2026-27 की तीसरी कार्यकारिणी बैठक मारवाड़ी भवन, रांची में शाखा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। अध्यक्ष शुभा अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए शाखा की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। सचिव द्वारा पिछली गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में शाखा द्वारा संचालित सेवा कार्यों की समीक्षा की गई। गौ सेवा निरंतर सुचारू रूप से चल रही है तथा अन्नपूर्णा सेवा भी नियमित रूप से संचालित की जा रही है। स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत हेल्थ साथी कार्ड बनाने की नई पहल पर श्रीमती कोमल झुंझुनवाला जी ने विस्तृत जानकारी दी और इसके लाभों से सभी को अवगत कराया। आगामी कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सावन मेला, दो दिवसीय खेल महोत्सव एवं श्याम ज्योति पाठ के आयोजन की रूपरेखा तय की गई। श्याम ज्योति पाठ की जानकारी विनीता सिंघानिया द्वारा दी गई। संगठन विस्तार एवं शाखा की भावी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। वार्षिक शुल्क एवं अन्य आवश्यक विषयों पर निर्णय लिए गए। अंत में शाखा सचिव रेखा राईका ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में कुल 16 कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहें। ये जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

## एक झलक

### पुराने मामले का आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**चौपारण** : पुलिस ने लंबे समय से लंबित एक मामले में कार्रवाई करते हुए गोरहर थाना कांड संख्या 08/11 एवं जीआर संख्या 421/11 के प्राथमिकी अभियुक्त लक्ष्मण दास (पिता- टूकन राम), निवासी ग्राम चौरदहा, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे समकालीन अभियान के तहत फरार एवं वारंटी अभियुक्तों की धर-पकड़ लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस को यह सफलता मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि कानून से बचने की कोशिश करने वाले आरोपियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा लंबित मामलों के निष्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

### बिहारी महतो ने खाद्य सामग्री देकर जतायी शोक संवेदना

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के टिकरोंनवा निवासी हीरालाल महतो की धर्मपत्नी लीलिया देवी के देहांत के पश्चात झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी बिहारी महतो ने सामाजिक संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दिवंगत लीलिया देवी के श्राद्ध कार्यक्रम हेतु खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जेएलकेएम परिवार इस दु:ख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले तथा परिजनों को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। बिहारी महतो द्वारा सहयोग स्वरूप एक पैकेट आटा एवं एक टिन तेल प्रदान किया गया, जिससे श्राद्ध कार्यक्रम में परिवार को सहूलियत मिल सके। जेएलकेएम प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा कि भले सुख की घड़ी में शामिल न हो सके लेकिन दु:ख की घड़ी में पूरी प्रखंड की जनता के बीच हमेशा खड़ा रहूंगा। इस अवसर पर जेएलकेएम नरकी पंचायत अध्यक्ष निर्मल महतो, खेमनारायन महतो, पोखलाल महतो, जयनाथ साव उपस्थित रहे।

### सुमन कुमार सौरव ने लिया बरकट्ठा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का प्रभार

**बरकट्ठा** : बरकट्ठा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी के रूप में नव पदस्थापित सुमन कुमार सौरभ को प्रभारी अंचल अधिकारी नवीन कुमार कुल्लू के द्वारा प्रभार सौंपा गया मौके पर प्रखंड सह अंचल के प्रधान सहायक, सरफराज अहमद, मनरेगा सहायक अभियंता मुकेश यादव, प्रखंड समन्वयक pmay राधे श्याम यादव, खए अमित दुबे बी एफ टी दिलीप दास, महेंद्र टुडू, उमेश प्रसाद पंचायत सचिव नागेश्वर यादव, कैलाश प्रसाद, ऑपरेटर संतोष यादव, प्रमेशर टूरी, किशोर पासवान वगैरह उपस्थित रहे।

### पिट्स मॉडर्न स्कूल के पास हंप से टकरा कर बाइक सवार युवक की मौत

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ करोंज मोड़ निवासी 39 वर्षीय संतोष कुमार बर्णवाल उर्फ सोनू की आईईएल थाना क्षेत्र में शुक्रवार अलहे सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना पिट्स मॉडर्न स्कूल के समीप सड़क पर बने हंप (जार्किन) के पास हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष कुमार बर्णवाल किसी जरूरी कार्य से मोटरसाइकिल पर सवार होकर गोमिया की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पिट्स मॉडर्न स्कूल के पास सड़क पर बने हंप के निकट उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण चालक हंप का सही अंदाजा नहीं लगा सका और दुर्घटना का शिकार हो गया।

---

#### कृषि एवं आजीविका गतिविधियों का नाबार्ड डीडीएम ने किया क्षेत्रीय निरीक्षण

# देशी बीजों के उपयोग को प्राथमिकता दें : ऋचा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : नाबार्ड समर्थित जीवा परियोजना के अंतर्गत शुक्रवार दिनांक 19 जून 2026 को नाबार्ड, हजारीबाग की जिला विकास प्रबंधक ऋचा भारती द्वारा टाटीझरिया प्रखंड के चुरचू गांव का क्षेत्रीय भ्रमण किया गया। यह भ्रमण किसानों के बीच प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा आगामी खरीफ मौसम की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ऋचा भारती ने किसानों से संवाद स्थापित कर प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं, अपनाई जा रही कृषि पद्धतियों तथा खेती में आने वाली चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों को खरीफ फसल की वैज्ञानिक योजना बनाने तथा प्राकृतिक एवं टिकाऊ कृषि



पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह परियोजनाजन जागरण केंद्र, हजारीबाग प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से चुरचू गांव में 15 किसान प्राकृतिक खेती की पद्धतियों को अपनाते विभिन्न फसलों का उत्पादन कर रहे हैं। परियोजना के माध्यम से किसानों को देशी बीजों के संरक्षण, जैविक आदानों के निर्माण, प्राकृतिक कीटनाशकों के उपयोग तथा टिकाऊ कृषि तकनीकों के संबंध में नियमित प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। भ्रमण के क्रम में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु स्थापित पॉली हाउस का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पॉली हाउस में संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने गुणवत्तापूर्ण पौध उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन एवं जैविक खेती से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। ऋचा भारती ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान खरीफ मौसम में धान, मक्का, मड़ुवा सहित अन्य फसलों के उत्पादन में स्थानीय एवं देशी बीजों के उपयोग को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि देशी बीज न केवल स्थानीय जलवायु के अनुकूल होते हैं, बल्कि कम लागत, बेहतर पोषण तथा टिकाऊ कृषि प्रणाली को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने एवं कृषि को लाभकारी बनाने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जीवा परियोजना के परियोजना समन्वयक भुपेन्द्र उपाध्याय, एफ आर पी काजल, महिला किसान एवं गांव के अन्य कृषक उपस्थित रहे।

# विश्व सिकल सेल दिवस पर सदर अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम

**रांची** : विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रांची सदर अस्पताल में सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सकों, विशेषज्ञों और स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया तथा बीमारी की पहचान, रोकथाम और उपचार को लेकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, राज्य नोडल पदाधिकारी (ब्लड सेल) डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा, राज्य नोडल पदाधिकारी (आईईसी सेल) डॉ. राहुल किशोर सिंह, राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. पंकज, हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक रंजन, डॉ. ए.के. झा सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक आनुवंशिक बीमारी है, लेकिन समय पर जांच और उचित उपचार से इसके प्रभाव को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल सहित राज्य के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सिकल सेल एनीमिया की जांच निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच में भी सिकल सेल स्क्रीनिंग को शामिल किया गया है, ताकि बीमारी की समय रहते पहचान की जा सके।

हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक रंजन ने कहा कि झारखंड में सिकल सेल जीन का प्रसार अपेक्षाकृत अधिक है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से प्रभावित मरीजों को हाथ-पैर, पेट और छाती में तेज दर्द, बार-बार बुखार, खून की कमी तथा संक्रमण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मरीजों के लिए हाइड्रॉक्सी यूरिया, फोलिक एसिड, आवश्यक टीकाकरण और नियमित चिकित्सकीय परामर्श को बेहद महत्वपूर्ण बताया।

राज्य नोडल पदाधिकारी (आईईसी सेल) डॉ. राहुल किशोर सिंह ने कहा कि जन-जागरूकता और नियमित जांच के माध्यम से इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की। राज्य नोडल पदाधिकारी (ब्लड सेल) डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर आनुवंशिक विकार है, जो दीर्घकालिक एनीमिया, तीव्र दर्द, रक्त वाहिकाओं में अवरोध तथा विभिन्न अंगों को क्षति पहुंचा सकता है।

# विष्णुगढ़ के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में मधुश्री मिश्रा ने सम्भाला कार्यभार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड में पिछले लगभग एक महीने से चल रही स्थायी प्रखंड विकास पदाधिकारी की कमी दूर हो गई है। नवपदस्थापित बीडीओ मधुश्री मिश्रा ने शुक्रवार को कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर विष्णुगढ़ की प्रमुख जेबुन निशा ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। बता दें कि महीने भर से विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार टाटीझरिया की बीडीओ खुशबू रश्मि मिंज के पास था। प्रखंड अतिरिक्त प्रभार के भरोसे चल रहा



था। जिससे कई महत्वपूर्ण विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। प्रशासनिक फाइलें लंबित थीं। इस समस्या को देखते हुए सरकार द्वारा नए बीडीओ के पदस्थान का आदेश जारी किया गया था। मूल रूप से गुमला की रहने वाली बीडीओ इसके पहले लोहरदगा में पदस्थापित थीं। नवपदस्थापित बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में विकास कार्यों को गति देना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। लंबित पड़े मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा। पदभार ग्रहण करने के दौरान प्रखंड कार्यालय के कई कर्मी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। सबों ने बीडीओ को बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके आने से प्रखंड के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

### सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान तेज, सदर अस्पताल से जागरूकता रथ रवाना

**धनबाद** : विश्व सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सदर अस्पताल, धनबाद में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और चिकित्सकों ने आम लोगों से सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध सिकल सेल की निःशुल्क जांच सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। विशेषज्ञों ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है, जिसका पता केवल रक्त जांच से ही लगाया जा सकता है। परिवार में किसी एक सदस्य के संक्रमित पाए जाने पर अन्य सदस्यों की भी जांच कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार नहीं होने पर मरीज को कई शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है।

#### मलेरिया से बचाव का संदेश लेकर स्कूल पहुंची स्वास्थ्य टीम, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखायी अपनी प्रतिभा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : मलेरिया रोधी माह जून-2026 के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विष्णुगढ़ के सौजन्य से प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोविंदपुर में गुरुवार को मलेरिया जागरूकता सह प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच मलेरिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इसके रोकथाम और बचाव के उपायों की जानकारी पहुंचाना था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एमटीएस प्रभारी प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को मलेरिया के कारण, लक्षण, प्रभाव एवं



बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलेरिया मादा एनोफिलिस मच्छर के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी है, जिससे सावधानी और जागरूकता के माध्यम से बचाव संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, जल जमाव नहीं होने देने, नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने तथा पूरी बांह के कपड़े पहनने की सलाह दी। साथ ही कहा कि बुखार होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए ताकि समय पर उपचार मिल सके। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक राकेश कुमार गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय स्तर पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के अंत में मलेरिया रोधी माह से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन एमपीडब्ल्यू बैजनाथ प्रसाद द्वारा किया गया।

# राहुल गांधी का 56वां जन्म दिन केक काट कर मनाया गया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम मे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के 56 वां जन्म दिन केक काटकर कर मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सह कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने की। इस अवसर पर उनके दीघार्यु स्वस्थ एंव सफल जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के पश्चात जिला कांग्रेस मुख्यालय में पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धित वृक्षारोपण किया गया। मौके पर प्रदेश सचिव नवीन कुमार प्रदेश सचिव मनिषा टोप्पो पूर्व प्रदेश सचिव बिनोद सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी नगर अध्यक्ष परवेज अहमद वरिष्ठ कांग्रेसी कृष्णदेव प्रसाद सिंह, रघु जायसवाल, बाबर अंसारी, जावेद इकबाल, सदरूल होदा, मोहम्मद रब्बानी, माशूक अंसारी, केदार यादव, सुधीर कुमार, रविन्द्र प्रताप सिंह, अधिवक्ता मोहम्मद वारिस, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी के अतिरिक्त कांग्रेस के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### मुहर्रम को लेकर बरही थाना में शांति समिति की बैठक 21 जून को

# पर्व को शांति, भाईचारे व आपसी सहयोग के साथ सम्पन्न कराने में सभी वर्गों की सहभागिता महत्वपूर्ण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक 21 जून 2026 (रविवार) शाम 4 बजे को आहूत की गई है। बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार ने क्षेत्र के समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं सभी शांतिप्रिय



नागरिकों से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है। बैठक में मुहर्रम पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, आपसी समन्वय, जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द बनाये रखने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी। विनोद कुमार ने कहा है कि पर्व को शांति, भाईचारे और आपसी सहयोग के साथ संपन्न कराने में सभी वर्गों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। इसलिए अधिक से अधिक लोगों से बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव देने और प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

### कांग्रेस नेताओं ने मनाया राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन

**खूंटी** : खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन शुक्रवार को उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय जिला कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर की गई।

# बेहराबाद के सुजीत कुमार को अग्निवीर परीक्षा में मिली सफलता, खुशी की लहर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : प्रखंड के बेहराबाद गांव के निवासी सुजीत कुमार ने अग्निवीर भर्ती परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया है। सुजीत कुमार राजू यादव के पुत्र हैं और अपनी मेहनत तथा लगन के बल पर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल किया है। सुजीत की सफलता की खबर मिलते ही गांव में खुशी का माहौल है। उनके परिजन, मित्र और ग्रामीण उन्हें बधाई दे रहे हैं। विद्यालय परिवार भी अपने इस छात्र की उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विद्यालय के प्राचार्य सुमित कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जब अपना पढ़ाया हुआ विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त कर एक नई पहचान बनाता है, तो शिक्षक



का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और मन आनंद से भर उठता है। उन्होंने कहा कि सुजीत कुमार ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। उन्होंने सुजीत कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे आगे भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ देश सेवा के पथ पर अग्रसर रहें तथा अपने क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन करते रहें।

# दिव्यांग बच्चों संग मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन तथा बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह (अनूप सिंह) एवं उनकी पत्नी अनुपमा सिंह की 20वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को धनबाद स्थित जीवन दिव्यांगजन संस्थान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर खुशियां साझा की गईं और उनके उज्ज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि समाज के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बीच इस तरह के




आयोजन से उनमें आत्मीयता और सम्मान की भावना मजबूत होती है। मौके पर बच्चों के बीच मिठाई, बिस्केट तथा अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही राहुल गांधी के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए विधायक कुमार जयमंगल सिंह एवं श्रीमती अनुपमा सिंह को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीमती अनुपमा सिंह के प्रतिनिधि सतपाल सिंह ब्रोका, जीवन दिव्यांगजन संस्थान के संचालक अनिल सिंह, संतोष सिंह, जनेश्वर चौबे, राजू कुमार गिरी, अरुण रवानी, आनंद राम, सोनू सिंह एवं विक्की कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### क्वार्टर खाली कराने को लेकर एएसआई और यूआईएसएल के अधिकारियों में नोकझोंक

**पूर्वी सिंहभूम** : कदमा टावर रोड स्थित टाटा स्टील के आवासीय क्वार्टर संख्या एल5-55 को लेकर शुक्रवार को उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व में जुस्को) और एसआरटी की टीम कथित अवैध कब्जा हटाने के लिए मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान जमकर हंगामा हुआ और कंपनी के अधिकारियों और क्वार्टर में रह रहे ट्रैफिक पुलिस के एएसआई अमरेश कुमार सिंह के परिवार के बीच तीखी बहस हुई। हालांकि पुलिस की मौजूदगी में कई घंटे तक चली कार्रवाई के बाद कंपनी ने क्वार्टर को खाली कराकर अपने कब्जे में ले लिया।

#### सांसद मनीष जायसवाल का विष्णुगढ़ दौरा

# सात गांवों को मिली सोलर हाई मास्ट लाइट की सौगात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संसदीय क्षेत्र में दौरे के तीसरे दिन विष्णुगढ़ प्रखंड का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के



विकास को नई रफ्तार देते हुए कोल इंडिया लिमिटेड के सीएसआर मद से स्वीकृत सात अलग अलग स्थानों पर सोलर बेस्ड हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया। लाइटों का उद्घाटन आठमाइल चौक, भूताही मुरगावों, गोविंदपुर शिव मंदिर, कुसुंभा शिव मंदिर, बंदखारो, सिमराबेड़ा और गाल्होबार शिव मंदिर प्रांगण में नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया गया। इस सौगात से पूरा ग्रामीण इलाके में खुशी है। दौरे के दौरान सांसद ने कई गांवों में ग्रामीणों से सीधा जनसंवाद किया और उनकी बुनियादी समस्याओं के त्वरित निष्पादन का भरोसा दिया। इसके अलावा उन्होंने कि विष्णुगढ़ भास्कर सूर्य मंदिर में आयोजित लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह देव पीपल विवाह महोत्सव में शामिल होकर पूजा अर्चना की। वज्रपात और आकस्मिक निधन के शिकार हुए स्थानीय ग्रामीणों के शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। भेलवारा निवासी प्रसिद्ध सोहराय कलाकार पार्वती देवी से मुलाकात कर उनके जज्बे को सराहा। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा आज गांवों तक पहुंच रही विकास योजनाएं आम जनता के मत की ताकत का परिणाम हैं। आपके इसी विश्वास की बदौलत पीएम मोदी लगातार देश सेवा में जुटे हैं। यदि आपका यही स्नेह और आशीर्वाद मिलता रहा, तो हमारा देश निश्चित रूप से वैश्विक पटल पर विश्वगुरु बनकर उभरेगा। इस दौरे और जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, सांसद प्रतिनिधियों और स्थानीय मुखिया सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभावि में योगाभ्यास कार्यक्रम होगा आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा के हस्ताक्षर से एक सूचना जारी की गई है।

इस वर्ष विभावि एवं योगसरिता, योगसंस्थान के संयुक्त तत्वाधान में योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजन की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम है Yoga for healthy ageing अर्थात स्वस्थ जीवन के लिए योग। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र



भूषण शर्मा बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को सुशोभित करेंगे। आयोजन में विशिष्ट अतिथि सह विशेषज्ञ योग प्रशिक्षक के रूप में योगसरिता, योगसंस्थान की श्रीमती सरिता शर्मा योगाभ्यास कार्यक्रम का संचालन करेंगी। श्रीमती शर्मा विश्वविद्यालय के डिजिटल स्टूडियो में योग केंद्र द्वारा चयनित तीन योग शिक्षार्थियों की प्रस्तुतियों के माध्यम से योगाभ्यास का प्रशिक्षण देंगी। डिजिटल स्टूडियो से इसी का लाइव प्रसारण यूट्यूब के द्वारा प्रातः 8:30 बजे किया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों तक योग को पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन तीन अलग-अलग स्तरों पर किया गया है। योग केंद्र के निदेशक डॉ राजकुमार चौबे ने बताया कि पहले स्तर में यूट्यूब के माध्यम से https://www.youtube.com/@AcademicsforTransparenfcy योगाभ्यास कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति अपने स्थान से लिंक द्वारा जुड़कर इस प्रसारण का लाभ उठा सकते हैं। द्वितीय स्तर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यालय, विभाग तथा महाविद्यालय से जुड़े लोगों के लिए गूगल मीट लिंक https://meet.google.com/bdm-gjku-pwt के माध्यम से यूट्यूब के उसी प्रसारण से जुड़कर अपने-अपने केंद्रो पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

डॉ चौबे ने आगे बताया कि तृतीय स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रम की व्यवस्था विश्वविद्यालय मुख्यालय के जेसी बोस भवन में अवस्थित एडवांस्ड साइंस लैब के प्रशाल में किया गया है। यहां लगभग 50 की संख्या में शिक्षार्थी होंगे जो डिजिटल स्टूडियो के लाइव प्रसारण को बड़े स्क्रीन पर देखते हुए योगाभ्यास करेंगे। इस केंद्र में प्रशिक्षक अभिषेक कुमार सिंह सक्रिय भूमिका में रहेंगे। कुलसचिव द्वारा जारी सूचना के तहत सभी विभागाध्यक्ष, पदाधिकारी, शिक्षक तथा अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी तथा विद्यार्थियों से निवेदन किया गया है कि आमंत्रण में दिए गए लिंक द्वारा निर्धारित समय से 5 मिनट पूर्व जुड़कर इस कल्याणकारी अभियान को सफल बनाएंगे। विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों के सभी विभागाध्यक्ष तथा महाविद्यालयों के प्राचार्यगण से अपेक्षा की गई है कि वह अपने-अपने केंद्र पर उपलब्ध स्मार्ट बोर्ड में लाइव प्रसारण को प्रदर्शित करवाते हुए योगाभ्यास की व्यवस्था करेंगे।

### बरही में योग जागरूकता अभियान तेज

**बरही** : 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बरही प्रखंड में योग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा आयुष समिति हजारीबाग एवं पतंजलि परिवार के सहयोग से गांवों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में लगातार योग प्रशिक्षण दे रहे हैं। योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा लोगों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करते हुए आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास



कर रहे हैं। उनका कहना है कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान वे लोगों को सरल एवं सहज योग क्रियाओं का अभ्यास कराते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बना रहे हैं। साथ ही योग के माध्यम से मानसिक तनाव, विभिन्न शारीरिक समस्याओं और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव की जानकारी भी दे रहे हैं।

## एक झलक

### टासरा घाट पर डूबने से युवक की मौत

**सिन्दरी/पाथरडीह (धनबाद):** गोशाला ओपी क्षेत्र अंतर्गत दामोदर नदी के टासरा घाट पर शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवक गोलू कुमार शर्मा की डूबने से मौत हो गई। घटना दोपहर करीब दो बजे की है, जब गोलू नदी में नहाने के दौरान गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते पानी में समा गया। घटना की सूचना मिलते ही गौशाला ओपी प्रभारी शंभुनाथ सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद युवक को नदी से बाहर निकाला गया। इसके बाद परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चासनाला लेकर पहुंचे, जहां प्रभारी चिकित्सक डॉ. मिहिर कुमार ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक गोलू कुमार शर्मा सुदामडीह मेन कॉलोनी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह गौशाला बाजार स्थित अपने बड़े भाई रिकुं शर्मा के ससुराल आया हुआ था। उसके पिता सुदामडीह में एक ज्वेलरी दुकान में गहनों के कारीगर के रूप में कार्य करते हैं।

### नीट परीक्षा को लेकर सभी परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर दायरे में धारा 163 लागू

**धनबाद:** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने जिले के सभी सात परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश 21 जून को परीक्षा अवधि के दौरान प्रभावी रहेगा। जिन केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी उनमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय धनबाद नंबर-1, डिग्री कॉलेज आरएसपी-2 जामाडोबा, बीआईटी सिंदरी, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, आईआईटी आईएसएम, एसएसएलएनटी कॉलेज तथा आरएस मोर कॉलेज शामिल हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निषेधाज्ञा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ जुटाने, मटरगश्ती करने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग, अनधिकृत हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी भी गतिविधि पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से नियमों का पालन करने की अपील की है।

### गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर नुनुडीह में मीठे शरबत का वितरण

**पाथरडीह (धनबाद):** नुनुडीह स्थित झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर गुरुघर की परंपरा का निर्वहन करते हुए राहगीरों और श्रद्धालुओं के बीच चना एवं मीठे शरबत का वितरण किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजित इस सेवा शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर शीतल जल ग्रहण किया और अपनी प्यास बुझाई। सेवादारों ने बताया कि गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर मानव सेवा और परोपकार की भावना के तहत प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जाता है। सड़क से गुजरने वाले यात्रियों, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने सेवा कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों ने मीठे जल और चने का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हरपाल सिंह, जसबीर सिंह, राजेंद्र सिंह, हानि सिंह, ऋषि सिंह समेत अन्य सेवादार मौजूद रहकर लोगों की सेवा में जुटे रहे। आयोजन में श्रद्धा, सेवा और भाईचारे का संदेश देखने को मिला।

### रंगेहाथ पकड़ा गया मोबाइल चोर, सात चोरी के मोबाइल बरामद

**पाथरडीह (धनबाद):** सुदामडीह थाना क्षेत्र के नुनुडीह में शुक्रवार तड़के हुई मोबाइल चोरी की घटना के बाद स्थानीय लोगों की सतर्कता से एक कथित मोबाइल चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। उसके पास से सात चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, नुनुडीह निवासी लव कुमार तथा ईदगाह मोहल्ला निवासी मो. सलीम के घर में चार्जिंग पर लगे मोबाइल फोन को एक युवक अहले सुबह चोरी कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ितों और स्थानीय लोगों ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर उसकी तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद संदिग्ध युवक को जेलगोड़ा स्टेडियम परिसर से पकड़कर नुनुडीह लाया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से कुल सात मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में उसने अपना नाम भोंदू मांझी और घर बागड़ीगी बताया। सूचना मिलने पर सुदामडीह पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाना ले गई। पुलिस बरामद मोबाइलों के संबंध में जानकारी जुटाने के साथ-साथ यह पता लगाने में लगी है कि आरोपी किसी संगठित गिरोह से जुड़ा है या नहीं। मामले की जांच जारी है।

एनएच को दुर्घटनामुक्त बनाने के लिए बनी हाईवे टास्क फोर्स

# 11 पेट्रोल पम्पों को नोटिस जारी करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। हरिहरपुर से मैथन तक राष्ट्रीय राजमार्ग की निगरानी के लिए हाईवे टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। शनिवार से यह विशेष टीम पुलिस बल के साथ दिन-रात एनएच पर निगरानी करेगी। जिला परिवहन पदाधिकारी एवं ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में गठित टास्क फोर्स के साथ हाइड्रा और क्रेन भी उपलब्ध रहेंगे। टीम सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने, अवैध कट बंद कराने, खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने तथा ब्लैक स्पॉट को सुरक्षित बनाने की दिशा में काम करेगी। उपायुक्त ने एनएचएआई को रिफ्लेक्टिव बोर्ड लगाने तथा छूटे हुए ब्लैक स्पॉट पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' अभियान का उल्लंघन करने वाले 11 पेट्रोल पंपों को नोटिस जारी कर यह पूछने का निर्देश दिया गया कि उनका लाइसेंस क्यों नहीं रद्द किया जाए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित पेट्रोल पंपों, होटलों, क्लीनिकों और बड़े प्रतिष्ठानों में फर्स्ट एड कॉर्नर विकसित करने का निर्णय लिया गया। यहां कार्यरत कर्मचारियों को घायलों को प्राथमिक उपचार देने और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी. द्विवेदी ने बताया कि पिछले दो महीनों की दुर्घटनाओं के विश्लेषण में ओवर स्पीड, लापरवाही, ओवरलोडिंग और मानवीय भूल हादसों के प्रमुख कारण सामने आए हैं। मार्च माह में 65 सड़क दुर्घटनाओं में 39 लोगों की मौत हुई थी। वहीं इस वर्ष 139 सड़क दुर्घटनाओं में 30 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और 94 दुर्घटनाएं जानलेवा साबित हुई हैं। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी. द्विवेदी, ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सड़क सुरक्षा टीम, जेबीवीएनएल, रेलवे, बीसीसीएल, एनएचएआई तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिये निर्देश

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में राजगंज, चिरकुंडा, कतरास, धनबाद, बरवाअड्डा, झरिया, गोविंदपुर, सिजुआ, तोपचांची, सरायढेला, बलियापुर, बाघमारा समेत कई इलाकों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। जनता दरबार में अतिक्रमण कर जबरन घर निर्माण, जमीन पर अवैध कब्जा, जान से मारने की धमकी, विस्थापन संबंधी समस्याएं, भू-मापी, प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित अनियमितता, आंगनबाड़ी सेविका चयन, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, तालाब जीर्णोद्धार कार्य में गड़बड़ी तथा दाखिल-खारिज के लंबित मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और शिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है।



# 'रन फॉर योग' में उमड़ा जनसैलाब स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से आयोजित 'रन फॉर योग' कार्यक्रम में लोगों का उत्साह देखते ही बना। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत रणधीर वर्मा चौक से हुई, जबकि समापन सिटी सेंटर में किया गया। दौड़ में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, खेल प्रेमी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आम नागरिक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक दौड़ लगाते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को योग के महत्व तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग को जन-जन तक पहुंचाने और इसे जन-आंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए 21 जून को मेमको मोड़ स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।




### निरंतर प्रयास ही सफलता का मूलमंत्र : डॉ. मनीष शर्मा

**झरिया (धनबाद) :** झरिया के मानबाद स्थित मनिश कोचिंग सेंटर में शुक्रवार को सम्मान समारोह आयोजित कर मई 2026 में आयोजित सीए फाइनल परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान नव-चार्टर्ड अकाउंटेंट बने दीक्षा अग्रवाल, विशाल कुमार साहू, अविनाश अचिंत्य अग्रवाल, मुस्कान मित्तल तथा जुड़वां भाई आयुष अग्रवाल और पीयूष अग्रवाल को मेडल, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के संचालक डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि न भागना है, न रुकना है, बस चलते रहना है। सीए बनने का यही मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा केवल ज्ञान की नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन और निरंतर प्रयास की भी परीक्षा है। कठिन परिस्थितियों में भी लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने वाले विद्यार्थियों को अंततः सफलता अवश्य मिलती है।

17 सूत्री मांगों पर बीसीसीएल प्रबंधन का सकारात्मक रुख

# एक माह में समाधान का आश्वासन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र-1 के संगठित एवं असंगठित मजदूरों की लंबे समय से लंबित 17 सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के महामंत्री अभिषेक सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय कार्यालय में महाप्रबंधक केके सिंह से मुलाकात की। इस दौरान मजदूर हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें प्रबंधन ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए एक माह के भीतर मांगों के निष्पादन का आश्वासन दिया। बैठक में प्रबंधन ने संघ द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि को सुरक्षा, कल्याण एवं सलाहकार समिति की बैठकों में शामिल करने पर सहमति जताई। साथ ही ओसीपी में कार्यरत कर्मचारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप संडे ड्यूटी देने, ग्रेच्युटी भुगतान की समय-सीमा निर्धारित करने तथा एएमपी कोलियरी में आवश्यकतानुसार पर्सनल मैनेजर की नियुक्ति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी सहमति बनी। महाप्रबंधक केके सिंह ने कहा कि मजदूरों से जुड़े सभी लंबित मामलों का चरणबद्ध तरीके से समाधान कर अगले एक माह के भीतर उन्हें धरातल पर उतारा जायेगा। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव सुभाष सिंह, जगदीश प्रसाद, उमाकांत राय, गिरीश चंद्र शर्मा, ज्ञानीजेल सिंह, राज किशोर चौधरी, रविंद्र सच्चर, शंकर बेलदार, पुन यादव, राजेश तिवारी, विकास सिंह, ब्रजेश यादव, मगन महतो, सुरेश किशकू और जय कुमार चौहान समेत बड़ी संख्या में संघ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक केके सिंह, परियोजना पदाधिकारी टीएस चौहान, अभिराज शेखर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## जलापूर्ति योजना के स्विचरूम में सेंधमारी, 50 हजार का कॉपर केबल चोरी, चार पंचायतों में पेयजल संकट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** महुदा-मधुबन थाना क्षेत्र के नावागढ़ बस्ती स्थित शिव मंदिर मंडप के समीप बने खरखरी जलापूर्ति योजना के स्विचरूम में गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर करीब 30 फीट लंबा कॉपर केबल चोरी कर लिया। चोरी गए केबल की कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई है। घटना के बाद जलापूर्ति योजना का पंप हाउस पूरी तरह बंद हो गया, जिससे चार पंचायतों के कई गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने स्विचरूम की दीवार तोड़कर अंदर प्रवेश किया और पंप संचालन में उपयोग होने वाले कॉपर केबल को काटकर अपने साथ ले गए। शुक्रवार सुबह जब पंप चालक मोटर चालू करने पहुंचे तो घटना का पता चला। सूचना मिलते ही ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की भीड़ मौके पर जुट गई। जलापूर्ति बाधित होने से खरखरी, फुलारीटांड, बासजोड़ा और तारंगा पंचायत के दर्जनों गांवों व टोलों में लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने महुदा थाना में लिखित शिकायत देकर चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी स्विचरूम में पूर्व में भी तीन से चार बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। लगातार हो रही वारदातों से लोगों में आक्रोश है और पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### दामोदर का जलस्तर घटने से सिन्दरी में गहराया जल संकट

**सिन्दरी (धनबाद) :** दामोदर नदी के जलस्तर में लगातार गिरावट के कारण सिंदरी में पेयजल संकट बरकरार है। स्थिति की समीक्षा के बाद हर्ल के वाटर सप्लाई विभाग ने शनिवार को जलापूर्ति नहीं किए जाने की सूचना जारी की है। इससे पहले से ही पानी की किल्लत झेल रहे हजारों उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ गई है। पिछले लगभग दो सप्ताह से सिंदरी क्षेत्र में प्रत्येक 48 घंटे के अंतराल पर केवल 45 से 50 मिनट के लिए ही पानी की आपूर्ति की जा रही है। सीमित जलापूर्ति के कारण लोगों को घरेलू जरूरतों के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वाटर सप्लाई विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, दामोदर नदी में ट्रेंच काटकर सिंदरी स्थित पंप हाउस के इंटेकवेल तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। हालांकि नदी में पर्याप्त दबाव नहीं होने के कारण डोमगढ़ स्थित जलाशयों में पानी का स्तर बेहद धीमी गति से बढ़ रहा है।

## धनबाद में चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, 1181 वाहनों की हुई जांच

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर गुरुवार को देर शाम तक जिलेभर में व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान कुल 1181 वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों के कागजातों का सत्यापन किया तथा आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई करते हुए चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान का सत्यापन किया। अभियान के माध्यम से असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने और संभावित अपराधों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना तथा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। उन्होंने लोगों से जांच अभियान के दौरान पुलिस का सहयोग करने और वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की।



### मई में ट्रैफिक पुलिस का सख्त अभियान, 2411 वाहनों से वसूला गया 38.98 लाख रुपये जुर्माना

**धनबाद :** सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए मई माह में ट्रैफिक पुलिस ने जिलेभर में व्यापक अभियान चलाया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश तथा ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 2411 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 38 लाख 98 हजार 50 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। अभियान के दौरान खतरनाक और गलत पार्किंग करने वाले 408 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। वहीं सरकारी आदेशों के उल्लंघन के 532, बिना हेलमेट के 415, बीमा नहीं रहने के 462 तथा प्रदूषण मानकों और प्रेशर हॉर्न संबंधी नियमों के उल्लंघन के 1046 मामले सामने आए। इसके अलावा बिना ड्राइविंग लाइसेंस, अवैध मॉडिफिकेशन, फैंसी नंबर प्लेट, काला शीशा, ट्रिपल राइडिंग और बिना फिटनेस प्रमाणपत्र वाले वाहनों के खिलाफ भी चालान काटे गये। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# आम महोत्सव में किसानों और महिला समूहों के उत्पाद बनेंगे आकर्षण का केन्द्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को बैंक मोड़ स्थित डीएमसी मॉल परिसर में आम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सुबह आठ बजे से शुरू होने वाले इस महोत्सव में जिले के किसानों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न किस्म के आमों एवं आम से तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-बिक्री की जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों और जेएसएलपीएस (पलाश) के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है। महोत्सव में किसानों एवं एफपीओ के माध्यम से आम्रपाली, मल्लिका, लंगड़ा, दशहरी और सिंदूरी समेत कई लोकप्रिय किस्मों के आम उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा जेएसएलपीएस से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की दीदियां आम आधारित उत्पादों के विशेष स्टॉल लगाएंगी। इन स्टॉलों पर आम का अचार, चटनी, अमावट, आम जूस और आम पन्ना सहित अन्य मूल्य संवर्धित उत्पादों की बिक्री की जाएगी। प्रशासन ने कार्यक्रम के सफल संचालन, व्यापक प्रचार-प्रसार और आगंतुकों की सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से महोत्सव में शामिल होकर स्थानीय किसानों और महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



### के. राजू पर की जा रही टिप्पणियों का कांग्रेस ने किया विरोध, योगदान को बताया प्रेरणास्रोत



**धनबाद :** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू को लेकर की जा रही कथित भ्रामक और अनर्गल टिप्पणियों पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ी आपत्ति जताई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि के. राजू का संपूर्ण सार्वजनिक जीवन गरीबों, किसानों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा, सूचना का अधिकार (आरटीआई), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून तथा भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास कानून जैसे महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और कानूनों को मजबूत बनाने में के. राजू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय तथा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। संतोष कुमार सिंह ने कहा कि के. राजू की पहचान किसी पद से नहीं, बल्कि उनके संघर्ष, कार्यशैली और जनसेवा के प्रति समर्पण से है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति पर टिप्पणी करने से पहले उसके योगदान और उपलब्धियों का अध्ययन किया जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिना तथ्य और प्रमाण के आरोप लगाने वाले लोग अपनी विश्वसनीयता स्वयं कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकताओं को के. राजू के नेतृत्व, अनुभव और प्रतिबद्धता पर गर्व है तथा पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है।

मोहर्रम को लेकर पाथरडीह थाना में शांति समिति की बैठक

# सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद) :** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को पाथरडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों के अलावा विभिन्न अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अंशु कुमार ने की, जबकि संचालन पुलिस अवर निरीक्षक डी.के. तिवारी ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी अंशु कुमार ने उपस्थित लोगों से मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा तथा अखाड़ों के खेल निर्धारित समय के अनुसार ही आयोजित किए जाएं। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध सूचना की तत्काल पुलिस को जानकारी देने की अपील की। बैठक में पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में शांति समिति और अखाड़ा समितियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी के सहयोग से पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक डी.के. तिवारी, अभिमन्यु चौधरी, नागेंद्र सिंह, सहायक अवर निरीक्षक गौतम कुमार रवि समेत शांति समिति के सदस्य मोहम्मद नूर आलम, मोहम्मद अकबर, अमर कुमार सिंह, नीरज तिवारी, फरीद खान, अली हैदर, मोहम्मद मुबारक, मोहम्मद आलम, मोहम्मद फिरदौस, मोहम्मद मिस्टर, हीरा नोनिया, अली हुसैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# राहुल गांधी के जन्मदिवस पर धनबाद जिला कांग्रेस ने मनाया सेवा व समर्पण उत्सव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 56वें जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला कांग्रेस मुख्यालय में सेवा एवं समर्पण उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने केक काटकर राहुल गांधी के दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों के बीच फल, मिठाई एवं अन्य उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया। नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और गरीब, मजदूर तथा युवाओं के अधिकारों की लड़ाई को लगातार मजबूती से उठाते रहे हैं। उनके जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाकर समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश प्रतिनिधि, जिला महासचिव, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश गुप्ता, ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, संतोष सिंह, अशोक पाल, विजय झा, संजय कुमार, इरफान अंसारी, रंजीत सिंह, अजय कुमार, दीपक महतो, सुनील महतो, मनोज सिंह, मुकेश कुमार तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



### राहुल गांधी का जन्मदिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया गया

**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी स्थित इंटक कार्यालय में शुक्रवार को नगर अध्यक्ष राज बिहारी यादव की अध्यक्षता में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिवस सेवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनके स्वस्थ, दीघार्यु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह, शंभू महतो, अजय कुमार, रामजी यादव, संजय सिंह, राजेश महतो, सुनील रवानी, मनोज पासवान, विजय कुमार तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने राहुल गांधी के जनसेवा, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### राहुल गांधी के जन्मदिवस पर बाघमारा युवा कांग्रेस ने किया वृक्षारोपण

**बाघमारा (धनबाद):** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को बाघमारा विधानसभा युवा कांग्रेस के तत्वावधान में कतरास स्थित श्री गंगा गौशाला में पौधारोपण एवं गौ-सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, पशु सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाघमारा विधानसभा कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अवध नारायण प्रसाद ने पौधारोपण कर लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हमेशा जनहित, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते रहे हैं। उनके जन्मदिवस पर सेवा कार्यों का आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश प्रमाणिक ने कहा कि राहुल गांधी के विचार युवाओं को समाज सेवा और जनहित के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं बाघमारा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शय्यूम खान ने कहा कि यह कार्यक्रम सेवा, समर्पण और सामाजिक दायित्व का प्रतीक है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विशाल महतो, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सावन सुमन, विधानसभा उपाध्यक्ष राहुल बजरंगी, रवि पासवान, कतरास नगर अध्यक्ष योगेश महतो, जफर इकबाल, तारिक अनवर, समीर अंसारी, तस्लीम अंसारी, राजा अंसारी, राजू महतो, रोशन पटेल, अंकित बंसल, सुमित यादव, अमीर, टिंकू अंसारी, प्रिंस लाला, गुड्डू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## सम्पादकीय.....

## सांसदों का लगातार दल बदलना...

**सांसदों** का लगातार दल बदलना लोकतंत्र के लिए स्वस्थ संकेत नहीं माना जा सकता। मतदाता किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि अक्सर पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व को ध्यान में रखकर वोट देता है। इसलिए जनादेश का सम्मान करते हुए राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों दोनों को अपने आचरण में अधिक जवाबदेही दिखानी होगी। यही लोकतांत्रिक मर्यादा की मांग है। भारतीय राजनीति में दल-बदल और राजनीतिक पुनर्संरेखण कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब किसी दल के सांसद बड़ी संख्या में पार्टी छोड़ने लगें तो यह केवल संगठनात्मक संकट नहीं, बल्कि नेतृत्व और राजनीतिक दिशा पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है। हाल के दिनों में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद उसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में सांसदों के विद्रोह और अब शिवसेना (उद्धव गुट) के कई सांसदों के संभावित पलायन की खबरों ने विपक्षी राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) पहले ही 2022 के विभाजन के बाद अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। अब ऑपरेशन टाइगर के तहत सात सांसदों के शिंदे गुट में जाने की अटकलें लग रही हैं। हालांकि पार्टी नेतृत्व इन खबरों का खंडन कर रहा है, लेकिन जिस प्रकार उद्धव ठाकरे को अपने सांसदों और विधायकों की बैठक बुलानी पड़ी, उससे संकट की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। दूसरी ओर, टीएमसी में भी बड़ी टूट की खबरें सामने आई हैं। रिपोर्टों के अनुसार पार्टी के कई सांसदों ने अलग राजनीतिक रास्ता चुनने की कोशिश की है, जिससे ममता बनर्जी के नेतृत्व को चुनौती मिली है। इन घटनाओं के राजनीतिक मायने दूरगामी हैं। पहला, यह विपक्षी दलों में नेतृत्व के प्रति बढ़ती असंतुष्टि को दर्शाता है। दूसरा, इससे सत्तापक्ष की राजनीतिक शक्ति और मजबूत हो सकती है क्योंकि विपक्ष का संख्याबल और मनोबल दोनों प्रभावित होते हैं। तीसरा, इससे मतदाताओं के बीच यह संदेश जाता है कि कई क्षेत्रीय दल वैचारिक प्रतिबद्धता की बजाय राजनीतिक अवसरवाद के दौर से गुजर रहे हैं। लोकतंत्र में दल-बदल विरोधी कानून मौजूद है, लेकिन राजनीतिक दल अक्सर उसके कानूनी प्रावधानों के भीतर रहकर नए समीकरण बना लेते हैं। यही कारण है कि सांसदों और विधायकों के समूहगत स्थानांतरण का सिलसिला रुकता नहीं दिखता। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या यह केवल कुछ नेताओं की महत्वाकांक्षा का परिणाम है या फिर विपक्षी दलों के भीतर गहरे संगठनात्मक संकट का संकेत? यदि टीएमसी और शिवसेना जैसी पार्टियों अपने जनप्रतिनिधियों को साथ रखने में कठिनाई महसूस कर रही हैं, तो उन्हें आत्ममंथन करना होगा। केवल भाजपा या एनडीए पर आरोप लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा; दलों को अपने संगठन, नेतृत्व शैली और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद को मजबूत करना होगा। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? यह सोचने वाला प्रश्न है? आज सत्ता की मलाई के लिए जिस दल से चुनाव लड़ा बरसो जिससे पहचान बनी आज उसी दल के लिए बेवफा होना समझ से परे नहीं। अगर दल समझ नहीं आ रहा तो अपने पद से इस्तीफा देकर जिस दल में जाना चाहते हैं उससे चुनाव लडना चाहिए। लेकिन आज जैसा कि विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सांसदों का अपनी तरफ सत्ता पक्ष इसलिए कर रहा है कि उसे मानसून सत्र में संसद बिल पास करने हैं। चलो मान लिया कि सत्ता पक्ष ऐसा कर रहा है तो क्या दल की विश्वनीयता पर तो प्रश्न चिन्ह नहीं लगना चाहिए। खैर देखना होगा कि अभी कितने दलों के सांसदों का मन बदलने के पसीज रहा है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, राजनीतिक विचारक है।

## ● किसने क्या कहा



तीन साल में अपराधी को सजा तक पहुंचाने वाली व्यवस्था बनाना लक्ष्य

**अमित शाह**
गृह एवं सहकारिता मंत्री



पारम्परिक सैन्य क्षमताएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी पहले थीं

**राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री

# पश्चिम एशिया में समकालीन भू-राजनीतिक बदलाव

विशेष | **डॉ. सत्यवान सौरभ**



> शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद पश्चिम एशिया में अमेरिका का प्रभाव लगभग निर्विवाद था। अमेरिका ने लोकतंत्र, सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों के नाम पर इराक तथा अफगानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप किए। किंतु इराक युद्ध के परिणामों ने यह दिखाया कि शासन परिवर्तन के बाद भी स्थायी शांति और संस्थागत स्थिरता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। सद्दाम हुसैन के पतन के बाद इराक में सांप्रदायिक तनाव बढ़ा, राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न हुई और अंततः इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) जैसे आतंकी संगठन का उदय हुआ। इसी प्रकार लीबिया में नाटो समर्थित हस्तक्षेप ने तत्कालीन शासन को तो समाप्त कर दिया, किंतु देश वर्षों तक गृहयुद्ध और अराजकता में फँसा रहा।

**पश्चिम** एशिया आज विश्व राजनीति के सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है। यह क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा संसाधनों का केंद्र होने के साथ-साथ एशिया, यूरोप और अफ्रीका को जोड़ने वाला सामरिक भूभाग भी है। पिछले दो दशकों में इस क्षेत्र में हुए युद्धों, शासन परिवर्तनों, सांप्रदायिक संघर्षों, आतंकवाद के उभार तथा बाहरी शक्तियों के हस्तक्षेपों ने इसकी राजनीतिक संरचना को गहराई से प्रभावित किया है। इराक, सीरिया, लीबिया और यमन जैसे देशों के अनुभवों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सैन्य शक्ति के माध्यम से राजनीतिक स्थिरता स्थापित करने के प्रयास अक्सर अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते। इसी बीच खाड़ी देशों, ईरान तथा वैश्विक शक्तियों के बीच संबंधों में आए बदलाव पश्चिम एशिया में एक नई क्षेत्रीय व्यवस्था के निर्माण की ओर संकेत करते हैं। ऐसे परिवर्तनों के बीच भारत के लिए भी अपनी विदेश नीति को नए सिरे से परिभाषित करना आवश्यक हो गया है क्योंकि इस क्षेत्र से उसके ऊर्जा, व्यापारिक और प्रवासी हित गहराई से जुड़े हुए हैं। शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद पश्चिम एशिया में अमेरिका का प्रभाव लगभग निर्विवाद था। अमेरिका ने लोकतंत्र, सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों के नाम पर इराक तथा अफगानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप किए। किंतु इराक युद्ध के परिणामों ने यह दिखाया कि शासन परिवर्तन के बाद भी स्थायी शांति और संस्थागत स्थिरता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। सद्दाम हुसैन के पतन के बाद इराक में सांप्रदायिक तनाव बढ़ा, राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न हुई और अंततः इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) जैसे आतंकी संगठन का उदय हुआ। इसी प्रकार लीबिया में नाटो समर्थित हस्तक्षेप ने तत्कालीन शासन को तो समाप्त कर दिया, किंतु देश वर्षों तक गृहयुद्ध और अराजकता में फँसा रहा। सीरिया में विभिन्न वैश्विक और क्षेत्रीय शक्तियों की सैन्य भागीदारी ने संघर्ष को और जटिल बना दिया। इन घटनाओं ने सिद्ध कर दिया कि सैन्य हस्तक्षेप राजनीतिक समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकते। पश्चिम एशिया में बदलती भू-राजनीति का एक प्रमुख पहलू अमेरिका के प्रभाव में अपेक्षाकृत कमी और नई शक्तियों के उदय के रूप में सामने आया है। अमेरिका अब अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं को हिंद-प्रशांत क्षेत्र और चीन के उदय की ओर स्थानांतरित कर रहा है। परिणामस्वरूप पश्चिम एशिया में एक प्रकार का शक्ति शून्य उत्पन्न हुआ है, जिसे क्षेत्रीय और अन्य वैश्विक शक्तियाँ भरने का प्रयास कर रही हैं। चीन ने आर्थिक निवेश, व्यापारिक संबंधों और बेल्ट एंड रोड पहल के माध्यम से अपनी उपस्थिति मजबूत की है। विशेष रूप से सऊदी अरब और ईरान के बीच संबंधों की बहाली में चीन की मध्यस्थता ने यह संकेत दिया कि कूटनीतिक और आर्थिक साधन अब क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सैन्य शक्ति से अधिक प्रभावी हो सकते हैं। रूस ने भी सीरिया में हस्तक्षेप के माध्यम से अपनी रणनीतिक वापसी दर्ज कराई और यह प्रदर्शित किया कि सीमित सैन्य उपस्थिति तथा सक्रिय कूटनीति के संयोजन से क्षेत्रीय प्रभाव स्थापित किया जा सकता है। इसी दौरान खाड़ी देशों की विदेश नीति में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिले हैं। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर जैसे देशों ने आर्थिक विकास, निवेश और तकनीकी आधुनिकीकरण को प्राथमिकता देना शुरू किया है। सऊदी अरब का 'विजन 2030' कार्यक्रम इस परिवर्तन का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य तेल पर निर्भरता कम कर अर्थव्यवस्था का विविधीकरण करना है। इसके लिए क्षेत्रीय स्थिरता आवश्यक है। यही कारण है कि खाड़ी देशों ने ईरान के साथ तनाव कम करने तथा संवाद बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए हैं। दूसरी ओर ईरान, जो लंबे समय तक अमेरिकी प्रतिबंधों और क्षेत्रीय अलगाव का सामना करता रहा, अब क्षेत्रीय शक्ति संतुलन का एक अनिवार्य घटक बनकर उभरा है। इराक, सीरिया, लेबनान और यमन में उसका प्रभाव इस तथ्य को रेखांकित करता है कि पश्चिम एशिया की किसी भी सुरक्षा व्यवस्था को ईरान को शामिल किए बिना सफल नहीं बनाया जा सकता। वर्तमान परिस्थितियाँ इस बात को रेखांकित करती हैं कि पश्चिम एशिया को एक समावेशी क्षेत्रीय सुरक्षा ढाँचे की आवश्यकता है। अब तक क्षेत्रीय सुरक्षा मुख्यतः बाहरी शक्तियों के सैन्य गठबंधनों और शक्ति संतुलन की राजनीति पर आधारित रही है किंतु इससे स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकी। इराक, यमन, सीरिया और फिलिस्तीन के उदाहरण बताते हैं कि संघर्षों के मूल कारण राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक हैं, जिनका समाधान केवल सैन्य साधनों से संभव नहीं है। एक समावेशी सुरक्षा ढाँचा ऐसा होना चाहिए जिसमें खाड़ी सहयोग परिषद् (जीसीसी) के देश ईरान, इराक, तुर्किये, मिस्त्र तथा अन्य प्रमुख क्षेत्रीय ताकत समान रूप से भागीदारी करें। इसका उद्देश्य सामूहिक सुरक्षा, समुद्री मार्गों की रक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग, ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा तथा विश्वास निर्माण होना चाहिए। यूरोप में शीतयुद्ध के बाद विकसित बहुपक्षीय सुरक्षा संस्थाओं की तरह पश्चिम एशिया को भी संवाद और सहयोग आधारित सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है। पश्चिम एशिया में समुद्री सुरक्षा का महत्व भी निरंतर बढ़ रहा है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर जैसे समुद्री मार्ग वैश्विक ऊर्जा और व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# प्रकृति के पुनर्जन्म का भारत मॉडल : एक नयी सभ्यता की शुरुआत

गौरतलब | **प्रो. आरके जैन**



> संकल्प और संवेदनशीलता के साथ यह यात्रा वर्ष 2015 में शुरू हुई, जब भारत ने 'बॉन चैलेंज' के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। प्रारंभ में लक्ष्य 2020 तक 13 मिलियन हेक्टेयर और 2030 तक अतिरिक्त 8 मिलियन हेक्टेयर भूमि बहाली का था, जिसे बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में यूएनसीसीडी के 14वें पक्षकार सम्मेलन के दौरान बढ़ाकर 26 मिलियन हेक्टेयर कर दिया गया।

**सभ्यताओं** का भविष्य केवल संसदों में नहीं, खेतों की मिट्टी, जंगलों की हरियाली और जलस्रोतों की जीवनधारा में भी लिखा जाता है। ऐसे समय में जब दुनिया भूमि क्षरण, सूखे और मरुस्थलीकरण की गंभीर चुनौती से जूझ रही है, भारत ने आशा और संकल्प का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। वर्ष 2011 से 2020 के बीच देश ने 21.76 मिलियन हेक्टेयर क्षतिग्रस्त भूमि को पुनर्जीवित किया है, जो 'बॉन चैलेंज' के 26 मिलियन हेक्टेयर लक्ष्य का लगभग 84 प्रतिशत है। यह केवल भूमि बहाली का आंकड़ा नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय दृष्टि का प्रमाण है जिसने विकास और प्रकृति को विरोधी नहीं, बल्कि सहयात्री माना। भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि जलवायु नेतृत्व संपन्नता से नहीं, बल्कि दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों से हासिल होता है। संकल्प और संवेदनशीलता के साथ यह यात्रा वर्ष 2015 में शुरू हुई, जब भारत ने 'बॉन चैलेंज' के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। प्रारंभ में लक्ष्य 2020 तक 13 मिलियन हेक्टेयर और 2030 तक अतिरिक्त 8 मिलियन हेक्टेयर भूमि बहाली का था, जिसे बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में यूएनसीसीडी के 14वें पक्षकार सम्मेलन के दौरान बढ़ाकर 26 मिलियन हेक्टेयर कर दिया गया। 17 जून 2026 को विश्व मरुस्थलीकरण विरोधी दिवस पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा जारी दूसरी प्रगति रिपोर्ट ने इस प्रगति को वैश्विक मंच पर रखा। रिपोर्ट में तेलंगाना को सर्वाधिक भूमि पुनर्स्थापन करने वाला राज्य बताया गया, जबकि आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और ओडिशा का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। इन राज्यों ने वनरोपण, जल संरक्षण, एग्रोफॉरेस्ट्री और प्राकृतिक पुनरुत्थान से अनुपयोगी भूमि को फिर से जीवन दिया। किसी भी पर्यावरणीय कार्यक्रम की सफलता तभी है जब उसका असर सीधे जनजीवन तक पहुंचे। भारत की भूमि बहाली यात्रा की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि उसने हरियाली के साथ आजीविका भी पैदा की। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 1.22 अरब व्यक्ति-दिवस रोजगार सृजित हुए। ग्रामीण युवा, महिलाएं और सीमांत किसान इसके प्रमुख लाभार्थी बने। जहां कभी बंजर भूमि बेरोजगारी, पलायन और निराशा का प्रतीक थी, वहां आज हरे खेत, फलदार बाग और पशुधन के लिए चारा दिखाई देता है। इस पहल ने मिट्टी को उपजाऊ बनाया, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति दी, गरीबी घटाई और गांवों को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया।

## आज का इतिहास

- मुहम्मद बिन कासिम ने 712 में सिंध में रावर पर हमला कर हिंदू राजा दाहिर की हत्या की।
- नवाब सिराजुद्दौला के सैनिकों ने 1756 में ब्रिटिश सैनिकों को फोर्ट विलियम के तहखाने में कैद किया।
- ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया 1837 में बनीं।
- सैमुअल मोर्स ने 1840 में टेलीग्राफ का पेटेंट कराया।
- ग्वालियर किला ब्रिटिश सैनिकों द्वारा 1858 में कब्जा कर लिया गया और पहले भारतीय सिपाही विद्रोह का आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गया
- रोमानिया के प्रधानमंत्री बार्बू कटारगिउ की हत्या 1862 में की गई।
- पश्चिमी वर्जिनिया 1863 में अमेरिका का 35वां राज्य बना।
- अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने 1877 में कनाडा के ओंटारियो में दुनिया का पहला वाणिज्यिक टेलीफोन सेवा शुरू की।
- भारत का सबसे व्यस्ततम रेलवे स्टेशन 1887 में मुंबई स्थित विक्टोरिया टर्मिनस (छत्रपति शिवाजी टर्मिनस) लोगों के लिए खुला।
- पुणे में एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय की स्थापना 1916 में हुई
- माली फेडरेशन (बाद में माली और सेनेगल में विभाजन) को 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता मिली।
- अमेरिकी राजदूत की हत्या के बाद 1976 में लेबनान से अमेरिका ने सैकड़ों अपने नागरिकों को वहां से निकाला।
- अमेरिका के उच्चतम नागरिक सजावट, द मेडल ऑफ फ्रीडम, को 1985 में मदर टेरेसा को प्रस्तुत किया गया है
- ईरान में 1990 को आये भूकंप से लगभग 40 हजार लोग मरे।
- भारत सरकार ने 1996 में जिनेवा सम्मेलन में सीटीबीटी पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया।
- विश्वनाथन आनंद ने 1998 में ब्लादीमीर कैमनिक को हराकर पाचवीं फ्रैंकफर्ट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता।
- एकीकृत जर्मनी की राजधानी फिर से बर्लिन को बनाने के प्रस्ताव को संसद ने 1991 में मंजूरी दी।

## अंकजाल - 8304

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 19 | 34 | 13 | | 18 | 20 | 16 | 16 | |
| 19 | | 8 | | | | 8 | | 5 | 26 |
| 15 | 4 | | 2 | | 5 | | 7 | | 25 |
| 13 | | 8 | | | | 4 | | 6 | 15 |
| 28 | 7 | | 3 | | 2 | | | | |
| | | | | 9 | | 3 | | 5 | 27 |
| 22 | 6 | | 3 | | | | 2 | | 12 |
| 20 | | 3 | | 7 | | 8 | | 5 | 16 |
| 18 | 6 | | 3 | | | | 1 | | 15 |
| | 18 | 17 | 10 | 31 | | 23 | 14 | 22 | |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

**अंकजाल 8303 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 21 | 17 | 12 | | 39 | 24 | 16 | 19 | |
| 19 | 9 | 3 | 7 | | 5 | 5 | 4 | 9 | 23 |
| 14 | 2 | 7 | 5 | | 8 | 7 | 5 | 3 | 23 |
| 10 | 8 | 2 | | 3 | 4 | 6 | 7 | 7 | 27 |
| 33 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | | | |
| | | | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 27 |
| 25 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | | 8 | 5 | 13 |
| 24 | 8 | 6 | 4 | 6 | | 7 | 3 | 5 | 15 |
| 18 | 6 | 7 | 3 | 2 | | 7 | 4 | 9 | 20 |
| | 19 | 19 | 24 | 26 | | 14 | 20 | 21 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## आभार जताना सीखो

**मेरी एक** संत मित्र थीं विमल। गर्मी के दिन थे और हम लोग गंगा तट पर बैठे हुए थे। गंगा तट पर बैठने से बड़ी ठंडी हवा लग रही थी। यूं तो बहुत गर्मी थी। अचानक से उन्होंने अपने झोले से आम निकाले और आम उन्होंने गंगा जी में उतार दिए ताकि ठंडे हो जाएँ और जब ठंडे हो गए तो उन्होंने एक मुझे दिया एक स्वयं लिया। उन्होंने आम हाथ में पकड़ा है और आम को देखती जा रही हैं। देखते-देखते उन्होंने कहा, यह आम का पेड़ जाने किस किसान ने कब बोया होगा, कितने पेड़ मर-मरा जाते हैं। चलते ही नही लेकिन यह पेड़ चलता रहा। सब झेल गया, आंधी तूफान सब झेल गया। मरा नहीं स्वस्थ रहा। अभी वह बड़ा हुआ। अभी उस पर बौर आए। फिर उस पर फल लगे और जाने कितने ही बार इस पेड़ पर कितने ही फल लगे होंगे और जाने किस-किसने खाए होंगे। लेकिन यह एक आम उतरा, टोकरी में गया। टोकरी से मंडी, मंडी से ट्रेडर, ट्रेडर से रीटेलर। और फिर अंत में रेहड़ी वाले के पास इतने आम थे, पर मैंने चुन कर कुछ आमों को निकाला और गंगा तट पर ये जो आम लाई हूं और उनमें से एक आम आपको दे दिया। पर यह आम मेरे हिस्से में आया। तो यह आम मुझ तक कितनी लम्बी यात्रा कर के आ रहा है। भावविभोर हो कर विमल ने कहा कि परमात्मा ने इस फल को खासम-खास मेरे लिए ही उगाया था। इसको मैं कहती हूं- संवेदनशील होना।

## सुविचार

जीवन में कोई चीज इतनी हानिकारक और खतरनाक नहीं, जितना डांवांडोल स्थिति में रहना।
**सुभाष चन्द्र बोस**

इच्छा से दुख आता है, इच्छा से भय आता है, जो इच्छाओं से मुक्त है, वह न दुख जानता है, न भय।
**महात्मा गांधी**

# इधर पत्ता हिला, उधर बिजली मैया कोप भवन पंहुची....



**चैतन्य भट्ट**

**बिजली** विभाग ने अपने विभाग से इतर एक और सेवा शुरू की है और वो है तेज हवाओं वाले मौसम की निःशुल्क जानकारी देने की ,यदि आप अपने घर में आराम की मुद्रा में बिस्तर पर लेटे हैं हैं और अचानक बिजली गोल हो जाए तो समझ लीजिए कि हवा सामान्य से थोड़ी बहुत तेज गति से चलने का माहौल बन रहा है। ऐसा नहीं कि मौसम में ये बदलाव पहले नहीं होते थे। मगर कम ही मौकों पर बिजली विभाग जानकारी देने की जरूरत समझता था। व्यवस्था इतनी पुख्ता रहती थी कि तेज हवाएं चलने पर भी बिजली सप्लाई पर कोई ज्यादा असर नहीं पड़ता था अब हालत ये है कि हल्की हवा से पेड़ों के पत्ते हिलने शुरू ही होते हैं और बिजली मैया कोप भवन में चली जाती हैं। बिजली विभाग के आला अफसरों के घर तो इनवर्टर समेत तमाम वैकल्पिक व्यवस्थाएं मौजूद रहती हैं सो वे क्या जानें कि अचानक बिजली चली जाने से होने वाली उमस भरी गर्मी कितनी तकलीफ देह होती है। सजा भुगतता है वो आम आदमी जो बिजली का बिल ईमानदारी से चुकाता है, हर साल बढ़ती बिजली दरों की मार झेलता है और जबरिया स्मार्ट मीटर लगाने जैसी गुंडई खामोशी से बर्दाश्त करता है। असुविधा सिर्फ गर्मी से होने वाली परेशानी और आराम में खलल की नहीं है और भी कितनी परेशानियां हैं। पढ़ने वाले परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं और जरा सी हवा चलते ही बिजली चली जाती है ,आटा आधा पिसा है चक्की बंद हो जाती है, पानी की टंकी भरना है और बिजली नहीं है, टीवी देख रहे हैं सस्पेंस फिल्म का सस्पेंस सामने आने वाला है कि बिजली गोल, कार के पंक्चर टायर को सुधारने के बाद जैसे ही हवा भरने की शुरूआत हुई बिजली गायब, अब बैठे रहो बिना हवा के टायर को लेकर, कन्हा तक गिनाएं ये परेशानियां सवाल ये है कि जब उपभोक्ता ईमानदारी से बिल चुकाता है तो उसे निर्बाध बिजली सप्लाई क्यों नहीं मिलना चाहिए। हर साल कंपनियां मैंटेनेंस पर लाखों रुपए खर्च करती हैं। पेड़ों की डालें निर्ममता से काटी जाती है। आम उपभोक्ता बिना सूचना किए जाने वाले शट डाउन की परेशानी झेलती है। तो? फिर इस बारे सर्कस का फायदा ही क्या है ?जुल्म तो ये भी है कि तथाकथित मेंटेनेंस पर होने वाला ये खर्च टैरिफ वृद्धि के माध्यम से जनता से ही वसूल किया जाता है,अगर बिजली कंपनी सुन रही है और उसे सचमुच उपभोक्ता की फि क्र है तो ऐसे तरीके अपनाए जिससे थोड़े से हवा पानी में ही बिजली गुल हो जाने की समस्या से निजात मिले। जहां तक मौसम की जानकारी का सवाल है तो उसके लिए सरकार ने मौसम विभाग बना कर रखा है पहले अपना डिपार्टमेंट सम्भाल लो फिर दूसरे डिपार्टमेंट में टाँग अड़ाना।

कहते हैं जब इंसान के बुरे दिन आते हैं तो सारे काम उल्टे होने लगते हैं वो जहां हाथ डालता है वहीं उसके सामने असफलता आकर खड़ी हो जाती है आजकल यही हाल है देश में 70 साल तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी का , अब देखो राज्यसभा की तीसरी सीट के लिए कितने दिन से लफड़ा चल रहा था कि किसको सीट मिलेगी, किसको उम्मीदवार बनाया जाएगा, चूंकि आजकल महिलाओं को लेकर सभी राजनीतिक दल बड़े चिंतित दिखाई दे रहे हैं इसलिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को कैंडिडेट बना दिया लेकिन बदकिस्मती तो देखो उनके नामांकन पत्र में एक छोटी सी गलती क्या हो गई रिटर्निंग ऑफिसर ने उनका फॉर्म ही निरस्त कर दिया, बेचारे कांग्रेसी रिटर्निंग ऑफिसर के दरवाजे से लेकर चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट पता नहीं कहां-कहां चले गए लेकिन हाथ की आई शून्य अब कह रहे हैं हम सड़कों पर आंदोलन करेंगे ,अरे भैया कितने सालों से राजनीति कर रहे हो, हजारों नामांकन फॉर्म भरे होंगे आपके नेताओं ने, बड़े-बड़े वकीलों की फौज है उसके बाद भी ऐसी गलती कि नामांकन फार्म ही रिजेक्ट हो गया।

## राशिफल

**मेष** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**तुला** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**वृष** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**वृश्चिक** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

**मिथुन** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी।

**धनु** स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें।

**कर्क** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**मकर** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें।

**सिंह** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कुंभ** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा।

**कन्या** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मीन** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

# धार्मिक पहचान और राष्ट्रीय एकता : भारत को अपनी ताकत पहचाननी होगी

गौरतलब | **शमीम अहमद**



> हमारा संविधान, जो बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की अगुवाई में बना, उसने जानबूझकर एकरस राष्ट्रवाद को नकारा और हर नागरिक को यह हक दिया कि वह अपना धर्म माने, उस पर अमल करे और उसका प्रचार करे, बशर्ते वह इस लोकतांत्रिक ढाँचे में बराबर का साझीदार बना रहे। सवाल यह नहीं है कि हम धर्म चुनें या राष्ट्र, सवाल यह है कि हम दोनों को ऐसी तरह साथ कैसे रखें कि सामाजिक सौहार्द, संवैधानिक नैतिकता और राष्ट्रीय एकता और मजबूत हो।

**भारत** कभी एकरंगा नहीं रहा, न कभी एकसाँचे में ढला। यह वह धरती है जहाँ सदियों से अनेक धर्म, बोलियाँ, रीति-रिवाज और परंपराएँ साथ-साथ पनपती रही हैं। इन्होंने आपस में टकराने के बजाय मिल-जुलकर एक ऐसी सभ्यतागत चेतना को जन्म दिया जो दरअसल 'समावेश' पर टिकी है अलगाव पर नहीं। सम्राट अशोक की वह प्राचीन सीख, जो कलिंग के खूनी युद्ध के बाद उन्होंने सबको दी थी, कि हर पंथ का आदर करो; और कबीर, गुरु नानक जैसे संतों की वह आध्यात्मिक परंपरा, जिसमें किसी को बाहर नहीं रखा गया यह सब बताता है कि इस देश में आस्था और अपनेपन के बीच हमेशा एक गहरा संवाद चला है। भारत का मूल सपना कभी धार्मिक पहचान को मिटाने का नहीं था, बल्कि एक साझी राष्ट्रीय चेतना के घेरे में सारी विविधताओं को सँजोने का था।

लेकिन, आज के दौर में यह संवाद कड़वा हो गया है। सार्वजनिक बहसों में अकसर राजनीतिक नारे, अफवाहें और सोशल मीडिया के चुनिंदा किस्से हावी हो जाते हैं, जो धार्मिक पहचान और देशभक्ति को आमने-सामने खड़ा कर देते हैं। ऐसा 'या तो या' वाली सोच उस बुनियाद को कमजोर करती है जिस पर आजाद भारत की इमारत खड़ी की गई थी। हमारा संविधान, जो बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की अगुवाई में बना, उसने जानबूझकर एकरस राष्ट्रवाद को नकारा और हर नागरिक को यह हक दिया कि वह अपना धर्म माने, उस पर अमल करे और उसका प्रचार करे, बशर्ते वह इस लोकतांत्रिक ढाँचे में बराबर का साझीदार बना रहे। सवाल यह नहीं है कि हम धर्म चुनें या राष्ट्र, सवाल यह है कि हम दोनों को ऐसी तरह साथ कैसे रखें कि सामाजिक सौहार्द, संवैधानिक नैतिकता और राष्ट्रीय एकता और मजबूत हो। यहाँ भारत की 'गंगा-जमुनी तहजीब' और सामासिक संस्कृति ही हमें राह दिखाती है। हमारे यहाँ राष्ट्रीयता की समझ हमेशा दूसरे मुल्कों की तुलना में अलग रही है। यह सभ्यता सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आप्रवासन और आध्यात्मिक मेल-जोल से बनी है। प्राचीन व्यापारिक रास्तों ने ईसा की सदियों पहले ही यहूदियों, ईसाइयों और पारसियों को इसके तटों पर पहुँचाया; और यहाँ उन्हें सताया नहीं गया, बल्कि उन्होंने आश्रय और सम्मान पाया। इस्लाम के आगमन ने यहाँ की वास्तुकला, संगीत, साहित्य, जबान और रूहानियत को और समृद्ध किया। उत्तर भारत की 'गंगा-जमुनी तहजीब' इसी मिलन की दास्तान है, जहाँ अलग-अलग धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्योहारों, रस्मों और रोजमर्रा की ज़िंदगी में शरीक होते थे। भक्ति और सूफी आंदोलनों ने इस सह-अस्तित्व की भावना को एक नई उड़ान दी। मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया और कबीर जैसे बुजुर्गों ने तंग सांप्रदायिक सीमाओं को तोड़ा और करुणा, नम्रता और भक्ति का पैगाम दिया। उनकी बातें आम जनता के दिल में उतर गईं, क्योंकि उन्होंने फिरके पर इंसानियत को तरजीह दी। आजादी की जंग में भी अलग-अलग मजहब के नेता एक मंच पर खड़े थे। महात्मा गाँधी बार-बार कहते थे कि धर्म को नैतिकता सिखानी चाहिए, नफरत नहीं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## सहकारिता, कृषि, पशुपालन और मत्स्य योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

# लाभुकों तक पहुंचायें योजनाओं का लाभ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को सहकारिता, कृषि, पशुपालन, गव्य विकास एवं मत्स्य विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान 100 एमटी एवं 500 एमटी क्षमता वाले निर्माणाधीन गोदामों, लैम्प्स में निर्मित गोदामों की अद्यतन स्थिति, गत माह तक निबन्धित समितियों की संख्या तथा सौर एवं विद्युत ऊर्जा चालित कोल्ड रूम की प्रगति की समीक्षा की गयी। कृषि विभाग की समीक्षा में जिले में वर्षापात की स्थिति, बीज विनिमय एवं वितरण योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण तथा बिरसा फसल विस्तार योजना 2026-27 की प्रगति पर विशेष चर्चा हुई। इसके अलावा राज्य योजना 2025-26, फसल सुरक्षा कार्यक्रम, सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना, आरकेवीवाई-पीडीएमसी योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के विभिन्न घटकों की भी समीक्षा की गयर। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत ई-केवाईसी की प्रगति और किसान समृद्धि योजना 2026-27 की स्थिति पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, निर्धारित लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति तथा लाभुकों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाये रखने के निर्देश दिये। पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत लाभुकों के बीच पशुओं का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वहीं मत्स्य विभाग की समीक्षा में मछली परिवहन के लिए उपलब्ध कराये जानेवाले पिकअप वैन, मछली बिक्री को बढ़ावा देने के लिए फिश सेलिंग किट वितरण तथा प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

### जन शिकायत निवारण शिविर में उपायुक्त ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, समाधान के दिये निर्देश



**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने सभी फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों की जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। कार्यक्रम में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, भूमि, कृषि समेत विभिन्न विभागों से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त हुए। शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनने के बाद उपायुक्त ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को मामलों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष जांच के आधार पर समयबद्ध समाधान किया जाये ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा लम्बित शिकायतों के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। जन शिकायत निवारण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### पलामू क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट 2026 का समापन, लातेहार बना ओवरऑल चैम्पियन



**लातेहार :** पलामू क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 का तीन दिवसीय आयोजन शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। 17 से 19 जून तक आयोजित इस कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश लातेहार, पलामू क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक, उपायुक्त लातेहार, पुलिस अधीक्षक पलामू तथा पुलिस अधीक्षक लातेहार सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस ड्यूटी मीट में लातेहार, पलामू और गढ़वा जिले के चयनित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने विभिन्न व्यावसायिक प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण गतिविधियों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान फॉरेंसिक साइंस, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, साइबर विश्लेषण, फिंगरप्रिंट, फोटोग्राफी तथा डॉग स्क्वॉड संचालन से जुड़े विषयों पर प्रतिभागियों की दक्षता का मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लातेहार जिला ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। फॉरेंसिक साइंस, फोटोग्राफी एवं क्राइम इन्वेस्टिगेशन में गढ़वा के पुलिस अवर निरीक्षक आदित्य कुमार नायक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेडिको-लीगल, लिफ्टिंग, पैकेजिंग एंड फॉरवर्डिंग ऑफ एग्जिबिट श्रेणी में लातेहार के पुलिस अवर निरीक्षक भागीरथ पासवान प्रथम रहे।

## एक झलक

### आपसी सहयोग से पूर्ण हुई देवी मंडप की ढलाई गांव में खुशी का माहौल

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखंड के करकट गांव में माता रानी देवी मंडप निर्माण का वर्षों पुराना सपना साकार हो गया। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग, श्रमदान और जनभागीदारी से मंडप की ढलाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। इस अवसर पर गांव में धार्मिक माहौल बना रहा तथा जय श्रीराम और माता रानी के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। देवी मंडप नवनिर्माण समिति के अध्यक्ष फेकुआ नगेसिया के नेतृत्व में संपन्न हुए इस कार्य में ग्रामीणों ने तन, मन और धन से सहयोग दिया। समाजसेवी संजय लोहरा, सतेन्द्र सिंह, विजय मुंडा एवं बैगा नवीन मुंडा का भी निर्माण कार्य में महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने बताया कि यह मंडप भविष्य में धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का भी प्रमुख केंद्र बनेगा। मंडप की ढलाई पूर्ण होने पर पूरे गांव में हर्ष का माहौल है।

### दो नाबालिग बच्चियों के लापता होने से हड़कम्प

**गुमला :** सदर थाना क्षेत्र के घटगांव पंचायत अंतर्गत टांगर टोली गांव से दो नाबालिग बच्चियां आशिका केरकेट्टा (15) और रोशनी उरांव (15) पिछले चार दिनों से लापता हैं। परिजनों ने गुमला थाना में आवेदन देकर दोनों की सकुशल बरामदगी की गुहार लगायी है। परिजनों के अनुसार, दोनों बच्चियां 16 जून को नदी में नहाने जाने की बात कहकर घर से निकली थीं, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका है। परिवार ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस से मदद मांगी। आशिका केरकेट्टा लूथरान स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा है, जबकि रोशनी उरांव ने पढ़ाई छोड़ दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दोनों बच्चियों की तलाश में जुटी हुई है।

### डोमचांच में लापता बालक का शव कुएं से बरामद

**डोमचांच (कोडरमा) :** डोमचांच थाना क्षेत्र के गोलवाढाब निवासी बीरेंद्र यादव के पुत्र 12 वर्षीय शीतल कुमार का शव मेघनपहाड़ी स्थित एक कुएं से बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही डोमचांच थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। फिलहाल बच्चे की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी पहलुओं पर गहनता से पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं, पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय में टिंकरिंग व स्टेम लैब का उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** विद्यार्थियों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेतरहाट आवासीय विद्यालय में हिंदाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड एवं झारखंड सरकार के सहयोग से टिंकरिंग लैब तथा स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित) लैब का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को दोनों प्रयोगशालाओं की विशेषताओं, उपयोगिता तथा इनके माध्यम से मिलने वाले व्यावहारिक और तकनीकी ज्ञान की जानकारी दी गई। बताया गया कि इन प्रयोगशालाओं के जरिए विद्यार्थी विज्ञान और तकनीक के सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप से समझ सकेंगे तथा नवाचार, अनुसंधान और समस्या समाधान की क्षमता विकसित कर सकेंगे। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने कहा कि वर्तमान समय विज्ञान और तकनीक का युग है। विद्यार्थियों के लिए केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका व्यावहारिक उपयोग समझना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि टिंकरिंग एवं स्टेम लैब विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीकी दक्षता विकसित करने का बेहतर अवसर प्रदान करेंगी।

## नीट (यूजी)-2026 परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क, धारा-163 लागू



**शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम, नियम उल्लंघन पर होगी कार्रवाई**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गढ़वा :** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी) 2026 के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर गढ़वा जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा के निर्देश पर अनुमंडल प्रशासन ने परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी कुमार मयंक भूषण ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। नीट (यूजी)-2026 परीक्षा 21 जून 2026 (रविवार) को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित होगी। गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र में परीक्षा के लिए राजकीयकृत गोविंद +2 उच्च विद्यालय, श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी कॉलेज तथा केंद्रीय विद्यालय, गढ़वा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के उद्देश्य से सभी परीक्षा केंद्रों के चारों ओर 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। यह आदेश परीक्षा दिवस पर सुबह 6:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़, सभा, प्रदर्शन, जुलूस एवं नारेबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं शोर उत्पन्न करने वाले उपकरणों के उपयोग की भी अनुमति नहीं होगी, ताकि परीक्षार्थियों को शांत एवं अनुकूल वातावरण मिल सके। सुरक्षा व्यवस्था के तहत किसी भी व्यक्ति को हथियार, आग्नेयास्त्र, विस्फोटक अथवा ज्वलनशील पदार्थ लेकर आने की अनुमति नहीं होगी। वहीं, परीक्षार्थियों को मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, कैलकुलेटर सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र में ले जाने की सख्त मनाही रहेगी। अनुमंडल पदाधिकारी कुमार मयंक भूषण ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने चेतावनी दी कि जारी निर्देशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गढ़वा प्रशासन ने अभिभावकों, परीक्षार्थियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन में सहयोग प्रदान करें।

## सरस्वती विद्या मंदिर में योग दिवस की तैयारी, छात्रों ने किया योगाभ्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में शुक्रवार को विशेष पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लेते हुए योग दिवस को सफल और भव्य बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और ओम के उच्चारण के साथ हुई। इसके बाद आयोजित योगाभ्यास सत्र में विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का प्रदर्शन किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने ताड़ासन, वृक्षासन, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी तथा कपालभाति सहित कई महत्वपूर्ण योग क्रियाओं का अभ्यास किया। पूरे सत्र के दौरान विद्यार्थियों में अनुशासन और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति का आधार भी है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक विकास होता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## जैन मंदिर कोडरमा में मनाया गया श्रुत पंचमी महापर्व



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** जैन समाज के श्रद्धालु भक्त जनों ने जैन मंदिर में ज्ञान आराधना का महापर्व श्रुतपंचमी पर्व मनाया। श्रुत पंचमी के शुभ अवसर पर जैन मन्दिर में प्रातः श्रुत स्कन्ध यंत्र का अभिषेक ओर स्थानीय पंडित अभिषेक जैन शास्त्री के मुख से शांति धारा का वाचन किया गया और विशेष भक्तों के परिवार को ओर नया मंदिर जी मे भी विशेष भक्तों को प्राप्त हुआ तत्पश्चात जैन मन्दिर के प्रांगण में प्रभात फेरी के रूप में श्रुत जिनवाणी को मस्तक पर रख कर मंदिर की परिक्रमा दी गई, जिसमे जैन समाज के युवक, महिलाएं केसरिया परिधान म3 शामिल हुवे साथ ही बहुत संख्या में महिलाएं,युवक भी जयघोष करते हुए भक्तिभाव से विभोर होकर परिक्रमा की पश्चात मन्दिर सभागार में नित्य पूजन के बाद शास्त्र पूजन श्रुतस्कंध विधान संगीतमय रूप में के द्वारा भक्तिपूर्वक किया गया। स्थानीय पंडित अभिषेक जैन शास्त्री ने बताया कि दिगंबर जैन परंपरा के अनुसार आज ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी 'श्रुत पंचमी पर्व है आज से लगभग 2100 वर्ष पूर्व गिरनार गिरी की चंद्र गुफा में आत्म आराधना में रत आचार्य धरसेन 'षट्खंडागम' के ज्ञाता महा समर्थ आचार्य थे। देह की अल्प आयु जान, 'यह श्रुत मेरे बाद लोप हो जायेगा-आचार्य श्री ने शीघ्र ही उन्होंने मुनिराज सुबुद्धि (आचार्य पुष्पदंत) और मुनिराज नरवाहन (आचार्य भूतबली) को बुलाकर 'षट्खंडागम' का ज्ञान दिया। ताड़ पत्र पर आ. पुष्पदंत ने प्रथम 'जीवट्ठाण' खंड लिखा। सर्वप्रथम शब्द ब्रह्म के रूप में 'णमोकार महामंत्र' निबद्ध मंगल के रूप में लिखा गया।

### साइकिलिंग जागरूकता अभियान में भागीदारी के लिए संत मरियम के छात्र तैयार

**मेदिनीनगर :** संत मरियम विद्यालय के विद्यार्थियों ने आगामी 20 जून को आयोजित होनेवाले साइकिलिंग जागरूकता अभियान में सहभागिता के लिए विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अनुशासित ढंग से साइकिल रैली का अभ्यास किया। इस दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों तथा सामूहिक साइकिलिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की भी जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि पलामू जिला साइकिलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 20 जून को प्रातः 6 बजे ब्राइट लैंड स्कूल, बाईपास रोड से साइकिलिंग जागरूकता अभियान का आयोजन किया जायेगा, जिसका समापन पुलिस लाइन स्टेडियम में होगा। इस अभियान में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, खेल प्रेमी, सरकारी अधिकारी, मीडिया कर्मी एवं आम नागरिक भाग लेंगे।

## राज्यसभा सांसद बनने के बाद पहली बार लातेहार पहुंचे बैद्यनाथ राम, हुआ भव्य स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के बाद शुक्रवार को पहली बार अपने गृह जिला लातेहार पहुंचे राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम का जिलेवासियों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। उनके आगमन को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल रहा। विभिन्न सामाजिक संगठनों, समर्थकों और आम नागरिकों ने फूल-मालाओं तथा जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया।लातेहार पहुंचने के बाद बैद्यनाथ राम सबसे पहले नगर स्थित भगवती मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश तथा जिले के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में माथा टेककर उन्होंने माता का आशीर्वाद लिया।इसके बाद दैनिक फ्रीडम फाइटर से बातचीत में उन्होंने राज्यसभा के लिए निर्वाचित किए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन पर विश्वास जताया है, जिसके कारण उन्हें देश की सर्वोच्च विधायी संस्था के उच्च सदन में जाने का अवसर मिला है। बैद्यनाथ राम ने कहा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुझ पर भरोसा किया है। मैं उनके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा और झारखंड की जनता की आकांक्षाओं तथा राज्यहित से जुड़े मुद्दों को राज्यसभा में मजबूती के साथ उठाऊंगा। लातेहार की जनता की अपेक्षाओं के संबंध में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें करीब 15 वर्षों तक जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इस दौरान क्षेत्र के विकास के लिए कई कार्य किए गए, लेकिन कुछ योजनाएं अभी भी अधूरी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लंबित विकास कार्यों को पूरा कराने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। राज्यसभा सांसद के लातेहार आगमन को लेकर समर्थकों में विशेष उत्साह देखा गया। लोगों ने उनसे जिले के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनहित से जुड़े मुद्दों को संसद में प्रभावी ढंग से उठाने की उम्मीद जतायी।

## ग्राम प्रधान से मारपीट व लूट मामले में 11 के खिलाफ प्राथमिकी, जांच में जुटी पुलिस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान के साथ हुई मारपीट और लूटपाट की घटना को लेकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9 नामजद तथा 2 अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि ग्राम प्रधान लाजरुस लकड़ा ने थाना में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि बुधवार को उनके साथ मारपीट की गयी तथा उनका मोबाइल फोन और नकद राशि छीन ली गई। शिकायत के आधार पर महुआडांड़ थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार प्राथमिकी में खलील अंसारी, साहिल खान उर्फ चील्ड, हकीम अंसारी, सहजर अंसारी, शाहिद अहमद, जावेद अंसारी, अब्दुल काबिर उर्फ लेपड़ा, आकीब अली और नूर नवाज को नामजद आरोपित बनाया गया है। इसके अलावा दो अज्ञात व्यक्तियों को भी आरोपी के रूप में शामिल किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ने पीड़ित से सम्पर्क कर पूरे मामले की जानकारी ली और पुलिस टीम को जांच में लगाया।

### प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कला में पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

## साइबर अपराध व आपातकालीन सेवाओं की दी गयी जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा) :** डंडई प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय, लवाही कला में शुक्रवार को नशा मुक्त झारखंड अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए इससे दूर रहने का संदेश दिया गया तथा उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए संकल्पित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी एवं विद्यालय के प्राचार्य अमिताभ कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा आपातकालीन सहायता हेतु डायल 112 की उपयोगिता और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। अपने संबोधन में थाना प्रभारी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि आर्थिक बबार्दी, अपराध तथा पारिवारिक हिंसा का भी प्रमुख कारण बनता है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक रहने की आवश्यकता है। आज नशा समाज के लिए एक गंभीर सामाजिक बुराई बन चुका है, जिसकी चपेट में युवा ही नहीं बल्कि किशोर और बच्चे भी आ रहे हैं। वहीं, विद्यालय के प्राचार्य अमिताभ कुमार पांडेय ने कहा कि 12 जून से 26 जून तक पुलिस विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के हित में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान सराहनीय है।

## पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति की स्थिति, जलापूर्ति योजनाओं की प्रगति, जल गुणवत्ता, पाइपलाइन विस्तार, खराब पड़े जल स्रोतों की मरम्मत तथा स्वच्छता संबंधी कार्यों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न पेयजल आधारित योजनाओं के सिविल वर्क की भी समीक्षा की। उन्होंने एमवीएस के संवेदकों को इंटक वेल से लेकर ईएसआर तक के कार्यों में तेजी लाने की बात कही। कार्य में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं रहने को लेकर एनएस इंफ्रा से स्पष्टीकरण भी किया गया। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि जलापूर्ति एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस ने दिया हरियाली का संदेश

# बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में हुआ पौधरोपण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जशपुर रोड स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पौधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा प्रकृति संरक्षण, सामाजिक सरोकार और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते रहे हैं। उनके जन्मदिन पर वृक्षारोपण कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना समय की आवश्यकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में एक पौधा लगा कर उसकी देखभाल करे, तो आनेवाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर निरंतर जागरूकता अभियान चलाती रही है। राहुल गांधी के जन्मदिवस को सेवा, समर्पण और प्रकृति संरक्षण के संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर मनीष कुमार हिंदुस्तान, संजीव मलानी, नगर अध्यक्ष जय सिंह, गुलाम सरवर, रफी अली, रूपेश कुमार, सागीर आलम, अभिषेक सोरेंग, पंचम बिलुंग सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**लातेहार :** जिला युवा कांग्रेस कमेटी लातेहार द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित यादव ने की। इस अवसर पर युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने राहुल गांधी के जन्मदिन को खास बनाने के लिए पौधरोपण अभियान चलाया। सभी सदस्यों ने एक-एक पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने लोगों से पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने केक काट कर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया और उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। उपस्थित नेताओं ने राहुल गांधी के विचारों, संघर्षों और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रेरणादायक बताया।

### नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को किया गया जागरूक



**महुआडांड़ (लातेहार) :** निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम एवं जनजागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोहरपाठ, महुआडांड़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा फिया फाउंडेशन की टीम के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई।रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने हड़िया-दारू बंद करो, सिगरेट का धुआं मौत का कुआं जैसे नारों के माध्यम से समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। रैली में शामिल बच्चों और शिक्षकों ने लोगों से नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और समाज के अन्य वर्गों को नशे की लत से बचाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी।

## एक झलक

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**गुमला** : घाघरा थाना क्षेत्र के बियार टोली गांव निवासी बसंत कुजूर (24) ने गुरूवार की रात्रि अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। सूचना मिलने पर घाघरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। जानकारी के अनुसार बसंत कुजूर गुरुवार को खेती-बाड़ी के काम के लिए खेत गया था जहां से देर शाम वह घर लौटा। जिसके बाद उसने शराब का सेवन कर रात में खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार सुबह जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो स्वजन को शक हुआ। दरवाजा खोलने पर बसंत का शव साड़ी के सहारे घर के धरना में लटका मिला। मृतक के भाई मोहित कुजूर ने बताया कि बसंत पिछले कई दिनों से अत्यधिक शराब का सेवन कर रहा था। हालांकि उसने यह कदम क्यों उठाया, इसकी जानकारी स्वजन को नहीं है।

### डायन-बिसाही मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गुमला** : सदर थाना क्षेत्र की मुरकुंडा पंचायत के कोटेंगसेरा गांव में 65 वर्षीय पालू खड़िया की हत्या के मामले में पुलिस ने दूसरे अभियुक्त बसुआ अंबाकोना निवासी विश्वा भगत को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, 10 जून की रात गांव के बहुरा उरांव ने पालू खड़िया की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद मुख्य आरोपी बहुरा उरांव ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्या से पहले बहुरा उरांव विश्वा भगत के पास गया था। पूछताछ के दौरान यह तथ्य मिला कि विश्वा भगत ने उसे बताया था कि पश्चिम दिशा का कोई व्यक्ति उस पर ओझा-गुनी कर रहा है। इसके बाद बहुरा उरांव ने पालू खड़िया पर संदेह करते हुए उनकी हत्या कर दी। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### 21 जून को मनाया जायेगा 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**दुमका** : 21 जून 2026 को प्रातः 8:30 बजे इन्डोर स्टेडियम, दुमका में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित किया गया है। जिलेवासियों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर योग के माध्यम से स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लें।

## 'आत्मा' एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन की संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न

# 2026-27 की कार्ययोजना को मिली मंजूरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त कार्यालय सभागार में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिला स्तरीय आत्मा शासकीय निकाय एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा तथा पोषण मिशन की कार्यकारी समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त-सह-अध्यक्ष (आत्मा) दिलेश्वर महतो ने की। बैठक में जिले के किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा विभिन्न कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। उपायुक्त ने कृषि एवं संबद्ध



विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों के किसानों तक उन्नत बीज, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता समय पर पहुंचायी जाये। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए तैयार विभिन्न योजनाओं एवं बजटीय प्रावधानों की समीक्षा कर उन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। स्वीकृत कार्ययोजना के तहत किसानों के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन (फ्रंटलाइन डेमोंस्ट्रेशन) आयोजित किए जायेंगे। साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने तथा बिशुनपुर माइनिंग क्षेत्र के खाद्य सुरक्षा समूहों को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत जिले के 1880 हेक्टेयर क्षेत्र में उन्नत एवं हाइब्रिड धान, मक्का तथा मडुआ (रागी) का क्लस्टर प्रदर्शन किया जायेगा। वहीं, दलहन आत्मनिर्भरता एवं खाद्य तेल मिशन के तहत अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, नाइजर, सरसों एवं अलसी की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर प्रदर्शन आयोजित होंगे। इसके अलावा जिले की सभी 159 पंचायतों में उच्च गुणवत्ता वाले दलहन मिनीकिट का वितरण किया जायेगा। बैठक में परियोजना निदेशक (आत्मा), जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, प्रगतिशील किसान, स्वयंसेवी संस्था 'अराऊज' के प्रतिनिधि सहित कृषि विभाग के अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर चाईबासा में आयोजित हुई 'रन फॉर योगा'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चाईबासा** : पश्चिमी सिंहभूम जिले में प्रोजेक्ट जागृति ₹बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदम₹ अभियान के तहत आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार को 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर से हुई। यहां से जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक दौड़ में भाग लिया। प्रतिभागी शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए चाईबासा स्थित गांधी मैदान पहुंचे, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने योग के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों को जन-जन तक




पहुंचाने के लिए स्लोगन, पोस्टर और होर्डिंग के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए। शहरवासियों को नियमित योगाभ्यास अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर कदम बढ़ाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार ने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित लोगों को नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन बनाए रखने के लिए भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 340 परिवारों को मिला नया आशियाना

# मोहरदा आवासीय परिसर में गृह प्रवेश सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत पूर्वी सिंहभूम जिले के बिरसानगर स्थित मोहरदा आवासीय परिसर में शुक्रवार को 340 परिवारों को उनके नए आवास की चाबी सौंपी गई। वर्षों से अपने घर का सपना संजोए लाभुकों के लिए यह अवसर किसी उत्सव से कम नहीं रहा। नए घर की चाबी मिलने के साथ ही लाभुकों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दिया तथा पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने ऑनलाइन माध्यम से किया। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो और जमशेदपुर



पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने लाभुकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश की प्रक्रिया संपन्न कराई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभुक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। मोहरदा आवासीय परियोजना के अंतर्गत कुल 644 फ्लैटों का निर्माण किया गया है। इनमें से 340 लाभुकों ने बैंक की निर्धारित राशि जमा कर आवंटन से संबंधित सभी शर्तें पूरी कर ली थीं। इसके बाद प्रथम चरण में उन्हें आवास की चाबी सौंपी गई। शेष पात्र लाभुकों को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के उपरांत आगामी चरणों में आवास आवंटित किए जाएंगे। यह आवासीय परियोजना पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में शुरू की गई थी। विभिन्न प्रशासनिक एवं तकनीकी कारणों से निर्माण कार्य में विलंब हुआ, लेकिन अब परियोजना पूर्ण होने के बाद इसका लाभ लोगों तक पहुंचने लगा है। योजना के तहत निर्मित आवास निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों को किफायती दरों पर उपलब्ध कराए गए हैं। चाबी प्राप्त करने वाले लाभुकों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वे लंबे समय से किराये के मकानों में रह रहे थे और स्वयं के घर का सपना देख रहे थे। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अब उनका यह सपना साकार हो सका है। लाभुकों का कहना है कि अपना घर मिलने से न केवल आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि परिवार को सुरक्षित, स्थायी और सम्मानजनक जीवन भी मिल सकेगा।

## सतगावां थाना परिसर में आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# आपसी भाईचारे के साथ मनायें मोहर्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सतगावां** : आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के साथ संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को सतगावां थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी केशव प्रसाद चौधरी एवं थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) प्रमोद कुमार केशरी उपस्थित रहे। मंच संचालन मो. अजहर रवानी ने किया। बैठक में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों एवं गांवों के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शांति समिति के सदस्यों तथा मोहर्रम कमेटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान मोहर्रम जुलूस,



ताजिया विसर्जन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में बताया गया कि प्रखंड क्षेत्र के शिवपुर, राजघटी, माधोपुर, जगनीडीह, नावाडीह, डेगोडीह, मीरगंज, अंगार, दोनाय एवं राजाबर सहित अन्य क्षेत्रों में मोहर्रम पर्व प्रमुख रूप से मनाया जाता है। इन सभी स्थानों पर प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी तथा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह ने कहा कि मोहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कोडरमा रेलवे स्टेशन पर मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया वाटर कूलर, यात्रियों को मिलेगी राहत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : भीषण गर्मी को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच द्वारा कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-4 पर वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार शाम आयोजित कार्यक्रम में स्टेशन परिसर का दूसरा तथा शहर का आठवां वाटर कूलर जो स्वर्गीय रामप्रसाद संघई और सरस्वती देवी के स्मृति में संस्था को सप्रेम भेट किया गया है। आम जनता को समर्पित किया गया। वाटर कूलर का उद्घाटन सीटीआई बच्चा सिंह, दीपक कुमार तथा स्टेशन प्रबंधक विकास कुमार और आरपीएफ के आरक्षी रंजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच राष्ट्र सेवा और जनहित के कार्यों में लगातार महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। मंच की अमृत धारा परियोजना के तहत स्थापित यह वाटर कूलर रेलवे यात्रियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर राहत पहुंचाएगा। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अजय उपाध्याय ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई, जबकि राधा संघई के नेतृत्व में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। अनुराधा संघई भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच केवल नाम के लिए नहीं, बल्कि सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है। संस्था पानशाला, पाठशाला और धर्मशाला जैसी सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ जनकल्याण के विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

## जेल यातना गृह नहीं, बल्कि सुधार गृह है : संतोष पांडेय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : झालसा के निर्देश तथा पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से शुक्रवार को केन्द्रीय कारा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की देखरेख डालसा सचिव राकेश रंजन ने की। शिविर को सम्बोधित करते हुए लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि जेल यातना गृह नहीं, बल्कि सुधार गृह है, जहां लोगों को अपने द्वारा किए गए अपराध पर पश्चाताप कर जीवन में सुधार का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत प्रत्येक कैदी को मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार प्राप्त है तथा उसके साथ किसी



प्रकार का शारीरिक उत्पीड़न या अमानवीय व्यवहार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कैदी को अपनी पसंद का वकील रखने का अधिकार है। साथ ही उसे पर्याप्त चिकित्सा, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं उचित इलाज प्राप्त करने का भी अधिकार है। महिला बंदियों के साथ रहने वाले छह वर्ष तक की आयु के बच्चों को भोजन, वस्त्र, शिक्षा और मनोरंजन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। मौके पर जेलर देवनाथ राम ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से जरूरतमंद बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता और वकील उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बंदियों से अपील की कि जिनके पास अभी तक अधिवक्ता नहीं हैं, वे इसकी जानकारी दें, ताकि उन्हें अविलंब कानूनी सहायता उपलब्ध करायी जा सके। उन्होंने प्ली बार्गेनिंग के माध्यम से मामलों के त्वरित निस्तारण की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में भीष्म नारायण सिंह लॉ कॉलेज के इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राएं नेहा कुमारी, अंजली कुमारी, अनुराग कुमार तिवारी एवं प्रेमजीत कुमार गुप्ता सहित पीएलवी और बड़ी संख्या में बंदी उपस्थित थे।

## लायंस क्लब झुमरी तिलैया के संस्थापक सदस्य का निधन, शोक सभा आयोजित

**झुमरी तिलैया** : लायंस क्लब झुमरी तिलैया के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष कल्याण कुमार मजूमदार का निधन कोलकाता स्थित रविंद्रनाथ टैगोर अस्पताल में 16 तारीख को हो गया। वे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से वरिष्ठ प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त होने के बाद समाज सेवा से जुड़ गए थे और झुमरी तिलैया में लायंस क्लब की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्व. मजूमदार देवी मंडप रोड स्थित अपने आवास पर पुत्र के साथ निवास करते थे। स्वास्थ्य कारणों से वे कोलकाता इलाज के लिए गए थे, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन पर स्थानीय लायंस क्लब द्वारा शिव वाटिका में शोक सभा आयोजित की गयी। सभा में उनके समाजसेवा के कार्यों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **ई-निविदा सूचना सं.: एम-24-पाइपलाइन-एचटीई-86, कार्य का नाम :** कोचिंग डिपो, हटिया के वाशिंग लाइन और सिक लाइन के लिए न्यूमेटिक पाइन लाइन का प्रावधान। **अनुमानित कार्य लागत (जीएसटी सहित) :** रु. 38,01,983.01, **बयाना राशि:** रु.76,000/-, **ई-निविदा की अंतिम तिथि व समय:** 13.07.2026 को 15.00 बजे। वेबसाइट का विवरण और ब्यौरा: www.ireps.gov.in (PR-356)

## बीएसएल में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने तथा सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बीएसएल के मानव संसाधन विकास विभाग में ईसीएस विभाग के सहयोग से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की गणना, उसके प्रभावों, वर्तमान वैश्विक एवं राष्ट्रीय नियमों तथा उत्सर्जन में कमी लाने के उपायों संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की गणना हेतु विश्व इस्पात संघ की विधि पर विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही उत्सर्जन में कमी से सम्बन्धित वर्तमान वैश्विक एवं राष्ट्रीय नियमों, नीतियों तथा इस्पात उद्योग में अपनाई जा रही नवीनतम प्रवृत्तियों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा की गयी। प्रशिक्षण में इस्पात उद्योग में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की अवधारणा, उसके स्रोतों तथा पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं उत्पाद लागत पर पड़ने वाले प्रभावों का विस्तार से विश्लेषण किया गया। प्रतिभागियों को उद्योग में उत्सर्जन कम करने की दिशा में अपनाए जा सकने वाले प्रभावी उपायों एवं नवाचारों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसएल द्वारा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी भी साझा की गई, साथ ही प्रतिभागियों से अपेक्षित योगदान एवं उनकी भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया।

## 'हम आपको सुनते हैं' कार्यक्रम में उपायुक्त ने सुनीं जनसमस्याएं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : जिला प्रशासन द्वारा आयोजित हम आपको सुनते हैं (लोक संवाद) कार्यक्रम के तहत उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों की सुनवाई की। कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय परिसर में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, पेयजल, सड़क, विद्युत आपूर्ति, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों को नागरिकों ने प्रमुखता से उठाया। उपायुक्त ने सभी आवेदनों एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित



विभागीय पदाधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा किया जाए ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े।मौके पर प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़**

अतिअल्पकालीन निविदा आंमत्रण सूचना सं0– 13/2026–27

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 25/06/2026 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27/06/2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27/06/2026 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : पुलिस अधीक्षक कार्यालय, ब्लॉक सी0, समाहरणालय, रामगढ़।
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of 4 Additional class room in UHS Pali, Block- Patratu, Ramgarh | 43,98,600/- | 88,000/- | 5000/- | 4 माह |
| 2 | Const. of 4 Additional class room in UHS Chari Hindi, Block- Gola, Ramgarh | 45,43,400/- | 91,000/- | 5000/- | 4 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, रामगढ़

PR 382776 Building (26-27)_D

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झुमरीतिलैया में पॉक्सो एक्ट पर कार्यशाला का आयोजन

# बच्चों की सुरक्षा और काउंसिलिंग पर दी गयी विस्तृत जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतेलैया** : मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आज शिक्षकों के लिए 'पॉक्सो एक्ट और बाल सुरक्षा' पर एक महत्त्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता विद्यालय के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा थे, जिन्होंने शिक्षकों का ज्ञानवर्धन करते हुए पॉक्सो कानून की बारीकियों, इसके तहत मिलने वाले कड़े दंड और पीड़ित बच्चों की काउंसिलिंग के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री गुरु चरण वर्मा ने बताया कि POCSO का पूरा नाम प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल



ऑफेंस है। यह कानून लड़कियों के साथ-साथ लड़कों (सभी बच्चों) को समान रूप से सुरक्षा प्रदान करता है।

उन्होंने इसके तहत मिलनेवाले कड़े कानूनी दंड की जानकारी देते हुए बताया

**1. गम्भीर अपराधों में आजीवन कारावास या मृत्युदंड :** बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न के मामलों में दोषी को कम से कम 20 वर्ष के कठोर कारावास से लेकर आजीवन कारावास या मृत्युदंड तक की सजा का प्रावधान है।

**2. यौन उत्पीड़न पर न्यूनतम सजा :** यौन उत्पीड़न के सामान्य मामलों में भी न्यूनतम 5 से 7 वर्ष तक के कड़े कारावास की सजा और जुमार्ने का प्रावधान है।

**3. अपराध छिपाने या रिपोर्ट न करने पर भी सजा :** यदि किसी जिम्मेदार व्यक्ति (जैसे शिक्षक या संस्थान) को अपराध की जानकारी होने के बाद भी वह इसकी रिपोर्ट नहीं करता, तो उसे भी कानूनन 01 वर्ष तक की कैद या जुर्माना (या दोनों) हो सकता है।

प्राचार्य ने बताया कि सेक्सुअल एब्यूज (यौन शोषण) के कारण बच्चे गम्भीर मानसिक तनाव से गुजरते हैं। यदि किसी बच्चे में निम्नलिखित लक्षण दिखायी दें, तो शिक्षकों को तुरंत सतर्क हो जाना चाहिए

1. अचानक अकेले रहने की आदत या गुमसुम हो जाना।
2. शरीर को पूरी तरह ढकने के लिए एक के ऊपर दो-तीन कपड़े पहनना।
3. दोस्तों, परिवार और रिश्तेदारों से दूरी बना लेना।
4. किसी खास व्यक्ति को देखकर अचानक डर जाना या सहम जाना।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
mail-rdsdgumla123@gmail.com

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/12/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी: (अनाबद्ध निधि मद)

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF P.C.C. ROAD FROM MALANG TOLI TO BARI TOLI, VILLAGE-BANALAT, PANCHAYAT - NIRASI, BLOCK-BISHUNPUR, DISTRICT- GUMLA | 24,99,207.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | CONSTRUCTION OF BOULDER PULIYA AT MALANG TOLI TO BARI TOLI, VILLAGE-BANALAT, PANCHAYAT - NIRASI, BLOCK-BISHUNPUR, DISTRICT- GUMLA | 14,12,200.00 | 28,300.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 3 | CONSTRUCTION OF RCC CULVERT (1x6x2.5) & RETAINING WALL AT ODR ROAD TO KHANBANTOLI, VILLAGE- TIGAWAL, PANCHAYAT - MALAM, BLOCK- CHAINPUR, DISTRICT- GUMLA | 24,87,900.00 | 49,800.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –22.06.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.06.2026 से दिनांक 29.06.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 02.07.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला। .

PR.NO.382815 Rural Development(26-27):D

# सम्राट चौधरी ने 286 करोड़ की 157 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार से रिमोट के माध्यम से नगर विकास एवं आवास विभाग की 286 करोड़ रुपये की लागत वाली 157 महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 239 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुई 114 योजनाओं का उद्घाटन तथा 47 करोड़ रुपये की 43 नई योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के शहरों को आधुनिक, स्वच्छ, सुव्यवस्थित और विश्वस्तरीय बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने के लिए शहरी विकास के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर योजनाएं लागू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना देश के सबसे प्राचीन और गौरवशाली शहरों में से एक है। इसकी ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक विकास से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। शहर के सौंदर्यीकरण, आधारभूत संरचना के विस्तार और नागरिक सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।



उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत 11.44 करोड़ रुपये की लागत से वेस्ट टू वंडर थीम पर आधारित लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क का शिलान्यास किया गया है। इस पार्क में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जीवन और योगदान को भी प्रदर्शित किया जाएगा। यह पार्क पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी नमामि गंगे परियोजना के तहत पटना के अधिकाधिक घरों को सीवरेज नेटवर्क से जोड़ने का कार्य तेज गति से चल रहा है। इससे गंगा नदी की स्वच्छता के साथ-साथ शहरी स्वच्छता को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को बेहतर बाजार सुविधाएं उपलब्ध कराने और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से स्थानीय जरूरतों के अनुरूप सब्जी हाट योजना भी लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत रिवर फ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, जेपी गंगा पथ तथा वन विभाग की ओर से विकसित ग्रीन एरिया, पार्किंग, उद्यान और वॉकिंग पाथ-वे जैसी परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से शहर की सुंदरता बढ़ेगी और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पटना स्मार्ट सिटी के तहत आधुनिक डिजाइन की 50 दुकानों का शिलान्यास और 200 प्रीफैब्रिकेटेड दुकानों का उद्घाटन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को नए अवसर मिलेंगे तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन विकसित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भविष्य की महत्वाकांक्षी योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ह्यपाटलिपुत्रह्व नाम से एक आधुनिक सैटेलाइट टाउनशिप विकसित की जाएगी। लगभग 66 हजार एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित इस टाउनशिप में अंतरराष्ट्रीय स्तर की आवासीय, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, व्यावसायिक और मनोरंजन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पटना को आधुनिक शहरी विकास के नए मानकों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य बिहार के प्रत्येक शहर को विकास, स्वच्छता और सुशासन का आदर्श केंद्र बनाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन विकास योजनाओं के माध्यम से पटना अपने ऐतिहासिक गौरव को पुनः स्थापित करते हुए आधुनिक और स्मार्ट शहर के रूप में नई पहचान बनाएगा।

## एक झलक

### मामूली विवाद ने ली युवक की जान

**सीवान :** सीवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के कोड़र गांव में मामूली कहासुनी ने एक परिवार की खुशियां छीन ली। विवाद में लाठी-डंडे से की गई मारपीट में गंभीर रूप से घायल 24 वर्षीय युवक राहुल कुमार की इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही राहुल का शव गांव पहुंचा, पूरे माहौल में मातम छा गया। जवान बेटे का शव देखते ही मां सुमिता देवी और पिता बिजली महतो बदहवास होकर रोने लगे। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। राहुल चार भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर बताई जा रही है और उसके पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मृतक राहुल कुमार कोड़र गांव निवासी बिजली महतो का पुत्र था। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर किसी बात को लेकर राहुल कुमार की गांव के ही सुधीर कुमार और चुनचुन कुमार से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि सुधीर कुमार और चुनचुन कुमार ने लाठी-डंडे से राहुल पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर घटनास्थल पर गिर पड़ा। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में हालत गंभीर बनी रहने पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया।

### अलंकृता पांडे होंगी भागलपुर की नयी जिलाधिकारी

**भागलपुर :** तेजतर्रार और अपनी प्रशासनिक कार्यशैली के लिए जानी जाने वाली 2016 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अलंकृता पांडे को भागलपुर का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। बिहार सरकार द्वारा जारी हालिया ट्रांसफर-पोस्टिंग के आदेश के बाद भागलपुर में नए प्रशासनिक युग की शुरूआत होने जा रही है। इसके पूर्व अलंकृता पांडे जहानाबाद जिले में जिलाधिकारी के रूप में अपनी बेहतरीन सेवाएं दे रही थीं। अब उनके कंधों पर सिल्क सिटी भागलपुर के विकास और कानून व्यवस्था की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अलंकृता पांडे ने जहानाबाद की जिलाधिकारी रहते हुए जनहित के कई बड़े फैसले लिए और विकास कार्यों को धरातल पर उतारा। प्रशासनिक दक्षता और जनता से सीधा जुड़ाव रखने वाली अलंकृता पांडे अब भागलपुर जिले के विकास, प्रशासनिक व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं को नई गति देंगी। भागलपुर जैसे बड़े और ऐतिहासिक जिले में उनकी नियुक्ति को बेहद अहम माना जा रहा है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर की रहने वाली अलंकृता पांडे बचपन से ही मेधावी रही हैं। उन्होंने देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली सिविल सर्विस परीक्षा में अपने शानदार प्रदर्शन से ऑल इंडिया 85वीं रैंक हासिल की थी।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** रजरप्पा क्षेत्र में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत शुक्रवार को कमांड क्षेत्र के विद्यालयों में स्वच्छता थीम आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट तथा उत्क्रमित (+2) उच्च विद्यालय, रजरप्पा प्रोजेक्ट के लगभग 90 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत, पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छ जीवनशैली जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपूरक चित्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान सीएसआर पदाधिकारी आशीष झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। बच्चों को अपने घर, विद्यालय और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने स्वच्छता के संदेश को अपने परिवार और समुदाय तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। विजेता प्रतिभागियों को 30 जून 2026 को स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।



### अग्निशमन विभाग को मिली आधुनिक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म फायर टेंडर गाड़ी

**भागलपुर :** भागलपुर में अग्निशमन विभाग की क्षमता को और मजबूत करने के लिए तिलकामांझी स्थित मुख्य अग्निशमन केंद्र के बेड़े में एक आधुनिक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म फायर टेंडर गाड़ी को शामिल किया गया है। यह गाड़ी ऊंची इमारतों में आग लगने की स्थिति में आग बुझाने के साथ-साथ फंसे हुए लोगों के रेस्क्यू में भी मदद करेगी। इसमें लगा हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म कई मंजिलों तक ऊपर पहुंच सकता है। जिससे फायर कर्मी ऊंचाई वाले स्थानों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। इस गाड़ी में हाई प्रेशर वाटर सिस्टम और फोम की सुविधा भी उपलब्ध है।

**बन्दा में फिर नकली शराब फैक्ट्री का हुआ पर्दाफाश, पुलिस की दूसरी बड़ी कार्रवाई**

## छापेमारी में बोतलें, स्टिकर व उपकरण बरामद, 01 गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला थाना क्षेत्र के बंदा गाँव में नकली शराब के अवैध कारोबार पर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में दर्ज कांड संख्या 76/26 में बंदा निवासी अशोक साव (44 वर्ष) एवं अनिल साव (42 वर्ष) को अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस ने अशोक साव को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपी अनिल साव अभी भी गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने रॉयल स्टैग, सिग्नेचर, मैकडोल्स, ब्लू तथा अन्य ब्रांडों की खाली बोतलें, नकली लेबल, कॉर्क, रिपीट कैप और झारखंड सरकार के स्टिकर समेत बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यहां तैयार की जाने वाली नकली शराब को रजरप्पा, गोला समेत आसपास के गाँवों और बाजारों में खपाया जाता था। बार-बार पकड़ी जा रही फैक्ट्री, फिर भी नहीं रुक रहा कारोबार सबसे बड़ा सवाल यह है कि बंदा में यह पहली कार्रवाई नहीं है। इससे पूर्व भी इसी इलाके में नकली शराब के कारोबार पर पुलिस ने छापेमारी की थी। इसके बावजूद दोबारा इतने बड़े पैमाने पर अवैध फैक्ट्री का संचालन होना स्थानीय निगरानी तंत्र और खुफिया व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है।



## नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख से अधिक की ठगी का आरोप, एसपी से लगायी न्याय की गुहार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा/धनबाद :** जिले के लोदना क्षेत्र से नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये से अधिक की कथित ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में लोदना 6 नंबर खटाल पट्टी निवासी राजीव कुमार यादव ने धनबाद के पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, लोदना पैठान पट्टी निवासी एम.डी. फैज खान उर्फ डॉक्टर, जो वर्तमान में होमगार्ड में कार्यरत बताए जाते हैं, ने एफसीआई टाटा जमशेदपुर में नौकरी दिलाने का भरोसा देकर विभिन्न किस्तों में 10 लाख 18 हजार 600 रुपये लिए। पीड़ित का आरोप है कि रकम लेने के बाद आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा और न तो नौकरी दिला सका और न ही राशि वापस की। राजीव कुमार यादव ने बताया कि कई बार पैसा लौटाने की मांग करने के बावजूद कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाने की गुहार लगाई है। फिलहाल मामले में पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर लोगों की नजरें टिकी हुई हैं। हालांकि, आरोपों के संबंध में आरोपी पक्ष की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



## संविदा नियुक्ति के नाम पर अवैध राशि मांगने वालों से सावधान रहें : जिला शिक्षा पदाधिकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालयों में विभिन्न शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारीकी गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गुमला ने बताया कि संबंधित पदों पर प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी उपरांत दावा आपत्ति हेतु पदवार सूची का प्रकाशन जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर किया गया है । इस बीच संज्ञान में आया है कि कुछ असामाजिक तत्व एवं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा संबंधित अभ्यर्थियों से उनके मोबाइल पर संपर्क कर संविदा नियुक्ति दिलाने के नाम पर राशि की मांग कर रहे हैं। जिला कार्यालय को प्राप्त सूचना अनुसार निम्न मोबाइल नम्बर से अभ्यर्थियों को अवैध रूप से फोन किए जा रहे हैं । 9262563526, 7479558522, 7484956505, 9122937573

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि ऐसे व्यक्तियों का झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला अथवा जिला प्रशासन से कोई संबंध नहीं है तथा नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की धनराशि की मांग नहीं की गई है एवं यह पूर्णतः अवैध है । चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित की जा रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा उक्त नम्बर या अन्य किसी नम्बर से फोन, संदेश या अन्य किसी माध्यम से नौकरी दिलाने के नाम पर धनराशि की मांग की जाती है, तो वे किसी भी परिस्थिति में भुगतान न करें। साथ ही ऐसे मामलों की सूचना तत्काल निकटतम थाना अथवा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सके।उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी आधिकारिक सूचनाएं केवल जिला प्रशासन की वेबसाइट एवं विभागीय माध्यमों से ही जारी की जाएंगी। अभ्यर्थी किसी भी अफवाह या भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें तथा सतर्कता एवं जागरूकता बनाए रखें।जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गुमला।

## दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को मिला सहारा टाटा स्टील फाउंडेशन ने बांटे सहायक उपकरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा/धनबाद :** टाटा स्टील फाउंडेशन, जामाडोबा की ओर से सबल पहल के तहत सिजुआ ग्रुप के भेलाटांड़ सामुदायिक केंद्र में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री दिव्याशा-वयोश्री केंद्र (पीएमवीडीके) के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 16 लाभार्थियों को व्हीलचेयर, चलने की छड़ी, नी-ब्रेस, लम्बोसेक्रल बेल्ट समेत विभिन्न आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो मुख्य अतिथि तथा टाटा स्टील सिजुआ कोलियरी के हेड संजीव ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान टाटा स्टील फाउंडेशन एवं पीएमवीडीके के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा समुदाय के सदस्य भी उपस्थित रहे। विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने फाउंडेशन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए इस प्रकार के प्रयास उन्हें सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन जीने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन व जनप्रतिनिधिगणों के साथ समन्वय बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के कमांड क्षेत्र से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हेतु महाप्रबंधक सभागार, रजरप्पा क्षेत्र में एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र राजीव सिंह ने की। बैठक में रजरप्पा परियोजना के परियोजना पदाधिकारी एल. के. राय, रजरप्पा वाशरी के परियोजना पदाधिकारी एल. बी. सिंह, महुआटांड थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, रजरप्पा थाना के अवर निरीक्षक रंजीत कुमार महतो, स्टाफ अधिकारी (खनन) गौतम नाथ, स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) रामानुज, स्टाफ अधिकारी (परियोजना/योजना) रवि कुमार, स्टाफ अधिकारी (भूमि/राजस्व) बिनोद कुमार, स्टाफ अधिकारी (परि व यो) रवि कुमार तथा क्षेत्रीय नोडल अधिकारी (सुरक्षा) आशीष झा उपस्थित थे। बैठक में सेवई उत्तरी के मुखिया कुलदीप सिंह, सेवई दक्षिणी की मुखिया किरण देवी, धवईया के मुखिया तेजलाल महतो, बोरोबिंग की मुखिया बसंती देवी, बड़कीपोना के मुखिया अरविन्द सिंह, मायल के मुखिया मो. फिरोज तथा भूचूंगडीह की मुखिया सुनीता देवी सहित कमांड क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक में क्षेत्र में कोयला चोरी, अवैध कोयला खनन, अवैध परिवहन एवं भंडारण की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। पंचायत प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को अवैध खनन एवं कोयला चोरी के दुष्परिणामों तथा कानूनी प्रावधानों के संबंध में जागरूक करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर यह जानकारी दी गई कि रजरप्पा परियोजना की खदान एवं वाशरी क्षेत्र प्रतिबंधित क्षेत्र हैं तथा बिना अनुमति प्रवेश करना, कोयला चोरी करना अथवा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त होना दंडनीय अपराध है। अवैध कोयला खनन, परिवहन, भंडारण एवं व्यापार से संबंधित मामलों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर एक्ट) एवं अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। महुआडांड़ थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए प्रबंधन के साथ हरसंभव सहयोग हेतु प्रतिबद्ध है।



## 5 फीट पर झूल रहा 11 हजार वोल्ट का तार, हादसे की आशंका

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड के ग्राम पंचायत ऊपरबरगा में आम जनमानस के आग्रह पर शुक्रवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के रामगढ़ जिला प्रवक्ता पांडव कुमार महतो ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में 11 हजार वोल्ट के हाई टेंशन बिजली तार एवं जर्जर खंभों की गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि कई स्थानों पर 11 हजार वोल्ट का बिजली तार जमीन से महज पांच फीट की ऊंचाई पर झूल रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन ग्रामीणों, महिलाओं एवं बच्चों का आवागमन होता है और किसी भी समय निर्दोष लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई महीनों से यह स्थिति बनी हुई है, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जनता दरबार में उपस्थित लोगों ने अविलंब समस्या का समाधान करने तथा जर्जर खंभों एवं झूलते तारों को दुरुस्त करने की मांग की। मौके पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी उत्तम कुमार महतो, युवा मोर्चा जिला महासचिव नीतीश कुमार महतो, वरिष्ठ कार्यकर्ता बंशीधर महतो, करमा महतो, राहुल महतो, नागेश्वर महतो सहित गांव के सैकड़ों महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।



# नक्सल मुक्त भारत : समन्वित रणनीतियों ने दी वामपंथी उग्रवाद को शिकस्त

**31** मार्च 2026 को भारत ने अपनी आंतरिक सुरक्षा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए स्वयं को प्रभावी रूप से नक्सलवाद या वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त घोषित किया। लगभग छह दशकों तक नक्सलवाद देश की सबसे गंभीर आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों में से एक रहा। इसने विशेष रूप से जनजातीय और दूरदराज क्षेत्रों में हिंसा, भय और अविकास का वातावरण पैदा किया। लाखों लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे। वर्ष 2014 के बाद केंद्र सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए सुरक्षा, विकास और जनकल्याण को जोड़ते हुए एक व्यापक और समन्वित रणनीति अपनाई, जिसके परिणामस्वरूप यह ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई। नक्सलवाद की शुरूआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी आंदोलन से हुई थी। समय के साथ यह आंदोलन कई राज्यों में फैल गया और देश के बड़े भूभाग को प्रभावित करने लगा। वर्ष 2004 से 2014 के बीच का दशक नक्सली हिंसा का सबसे गंभीर दौर माना जाता है। इस अवधि में हजारों हिंसक घटनाएँ हुईं और बड़ी संख्या में नागरिकों तथा सुरक्षा बलों के जवानों ने अपने प्राण गंवाए। उस समय नक्सलवाद से निपटने के लिए कोई स्पष्ट राष्ट्रीय नीति नहीं थी और विभिन्न राज्य अलग-अलग स्तर पर कार्य कर रहे थे। परिणामस्वरूप समस्या लगातार बढ़ती रही। वर्ष 2015 में सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति एवं कार्य योजना लागू की। यह नीति तीन प्रमुख स्तंभों–विश्वास, निर्माण और जन कल्याण–पर आधारित थी। इन तीनों स्तंभों ने मिलकर नक्सलवाद के सामाजिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंधी कारणों को संबोधित किया तथा प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया। विश्वास का उद्देश्य लोगों का शासन व्यवस्था के प्रति भरोसा बहाल करना था। इसके लिए सुरक्षा बलों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस थानों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के शिविरों और सुरक्षा ढाँचे का विस्तार किया गया। वर्ष 2014 से पहले जहाँ केवल 66 सुदृढ़ पुलिस थाने थे, वहीं बाद में उनकी संख्या बढ़कर 597 हो गई। इसके अतिरिक्त सैकड़ों नए सीएपीएफ शिविर स्थापित किए गए और सुरक्षा बलों को आधुनिक हथियारों तथा बुलेट-प्रूफ वाहनों से लैस किया गया। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में सरकार की उपस्थिति मजबूत हुई और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार आया। सरकार ने नक्सल विरोधी अभियानों में आधुनिक तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया। ड्रोन, यूएवी, उपग्रह चित्रण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डेटा विश्लेषण तथा मोबाइल डेटा निगरानी जैसी तकनीकों ने खुफिया सूचनाएँ जुटाने और नक्सली गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ह्लट्रेस, टारगेट और न्यूट्रलाइजह्व की रणनीति के तहत कई सफल अभियान चलाए गए, जिनमें ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट, ऑपरेशन ऑक्टोपस और ऑपरेशन डबल बुल प्रमुख थे। इन अभियानों ने नक्सलियों के मजबूत गढ़ों को समाप्त किया और उनकी संगठनात्मक क्षमता को कमजोर कर दिया। सरकार ने केवल सुरक्षा कार्रवाई पर ही ध्यान नहीं दिया, बल्कि आत्मसमर्पण और पुनर्वास की प्रभावी नीति भी लागू की। हथियार छोड़ने वाले नक्सलियों को आर्थिक सहायता, मासिक वजीफा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। इससे हजारों नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। वर्ष 2024 से मार्च 2026 के बीच लगभग 4,000 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जो इस नीति की सफलता का प्रमाण है। दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ निर्माण था। इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत संरचना और संपर्क व्यवस्था का विस्तार करना था। पिछले बारह वर्षों में इन क्षेत्रों में 12,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया। इससे दूरस्थ गाँव बाजारों, स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ सके। डिजिटल क्रांति को बढ़ावा देने के लिए 9,600 से अधिक मोबाइल टावर लगाए गए, जिससे अधिकांश गाँव मोबाइल नेटवर्क से जुड़ गए। इसके अलावा बैंक शाखाओं, एटीएम, डाकघरों और बैंकिंग प्रतिनिधियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किए गए। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और कौशल विकास केंद्रों के निर्माण से जनजातीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। हजारों युवाओं और महिलाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। तीसरा स्तंभ जन कल्याण था, जिसका उद्देश्य प्रभावित समुदायों के जीवन स्तर में सुधार करना था। सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पेयजल, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को जनजातीय क्षेत्रों तक पहुँचाने पर विशेष ध्यान दिया। पीएम-जनमन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और आकांक्षी जिला कार्यक्रम जैसी पहलों ने जनजातीय समुदायों के विकास को नई गति दी। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के परिवारों और बच्चों को भी शिक्षा तथा आजीविका सहायता प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र का उदाहरण इस परिवर्तन को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। कभी नक्सलवाद का प्रमुख गढ़ माने जाने वाले बस्तर में सुरक्षा, विकास और जनभागीदारी के संयुक्त प्रयासों से व्यापक परिवर्तन आया। नई सड़कें, मोबाइल टावर, स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाएँ और पुनर्वास योजनाओं ने क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल आयोजनों ने भी सामाजिक एकीकरण को मजबूत किया। इन समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2014 में नक्सल प्रभावित 126 जिलों की संख्या घटकर वर्ष 2026 में केवल 2 रह गई। नक्सली हिंसा की घटनाओं और मौतों में भी भारी कमी दर्ज की गई। जिन क्षेत्रों में कभी भय और हिंसा का वातावरण था, वहाँ आज शांति, विकास और लोकतांत्रिक भागीदारी दिखाई देती है।

**निष्कर्षत:** नक्सल मुक्त भारत की उपलब्धि केवल एक सुरक्षा सफलता नहीं, बल्कि सुशासन, विकास और जनकल्याण की संयुक्त विजय है। यह सिद्ध करती है कि जब सरकार सुरक्षा उपायों के साथ विकास और सामाजिक समावेशन को भी प्राथमिकता देती है, तब सबसे जटिल चुनौतियों का भी स्थायी समाधान संभव हो जाता है। नक्सल मुक्त भारत वास्तव में देश के जनजातीय और पिछड़े क्षेत्रों के लिए शांति, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य के नए युग की शुरूआत है।

# नॉकआउट चरण में पहुंचनेवाला पहला देश बना मेक्सिको, दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराया



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** फीफा विश्व कप 2026 में मेजबान मेक्सिको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया और नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। मुकाबले का एकमात्र और निर्णायक गोल लुइस रोमो ने दूसरे हाफ में किया। यह गोल दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम स्युंग-ग्यु की बड़ी गलती के बाद आया। दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में मेक्सिको ने बढ़त बनाई, जब एक क्रॉस को पकड़ने के प्रयास में किम अपने ही साथी खिलाड़ी से टकरा गए और गेंद उनके हाथ से छूट गई। मौके का फायदा उठाते हुए रोमो ने बिना किसी गलती के गेंद को खाली गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। गोल खाने के बाद दक्षिण कोरिया ने वापसी की कोशिश की। हालांकि किम ने बाद में शानदार बचाव करते हुए राउल जिमेनेज को दूसरा गोल करने से रोक दिया। मुकाबले के अंतिम क्षणों में दक्षिण कोरिया को बराबरी का मौका मिला, लेकिन मेक्सिको के गोलकीपर राउल रांजेल ने यांग ह्युन-जुन के प्रयास को शानदार तरीके से रोककर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ मेक्सिको छह अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रहा और अगले दौर में पहुंच गया।

फीफा विश्व कप

## फीफा विश्व कप के बाद जर्मनी टीम को अलविदा कहेंगे मैनुअल नेउर, विश्व कप को बताया अंतिम टूर्नामेंट



**विंस्टन-सेलम :** जर्मनी के अनुभवी गोलकीपर मैनुअल नेउर ने गुरुवार को घोषणा की है कि वह फीफा विश्व कप 2026 के बाद एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे। 40 वर्षीय नेउर ने स्पष्ट किया कि यह उनके करियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। साल 2014 में जर्मनी को विश्व कप जिताने वाले नेउर लगातार पांचवें विश्व कप में जर्मनी के मुख्य गोलकीपर के रूप में खेल रहे हैं। उन्होंने यूरो 2024 में जर्मनी की क्वार्टर फाइनल हार के बाद राष्ट्रीय टीम से संन्यास ले लिया था, लेकिन क्लब स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें विश्व कप के लिए फिर टीम में शामिल किया गया। नेउर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैंने 2024 में सही कारणों से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल छोड़ा था। पिछले दो वर्षों तक लगातार राष्ट्रीय टीम के लिए खेलना मेरे लिए शारीरिक रूप से कठिन होता। अब यह तय है कि यह मेरा आखिरी टूर्नामेंट है। मैं दो साल बाद होने वाली अगली यूरो चैम्पियनशिप में नहीं खेलूंगा। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में उन्होंने यह स्वीकार किया है कि जर्मनी के लिए ये उनके अंतिम मुकाबले होंगे, लेकिन फिलहाल उनका पूरा ध्यान विदाई पर नहीं बल्कि टीम के प्रदर्शन पर है।

## स्विट्जरलैंड ने बोस्निया को 4-1 से हराया



**इंगलवुड :** फीफा विश्व कप 2026 में स्विट्जरलैंड ने शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार तड़के बोस्निया-हजेगोविना को 4-1 से हराकर ग्रुप बी में मजबूत स्थिति बना ली। मुकाबले का निर्णायक मोड़ दूसरे हाफ में आया, जब विकल्प खिलाड़ी योहान मंजांबी ने विश्व कप का अपना पहला गोल दागा और इसके बाद स्विट्जरलैंड ने लगातार आक्रामक खेल दिखाते हुए बड़ी जीत दर्ज की। पहले हाफ में स्विट्जरलैंड ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन बोस्निया की सधी हुई रक्षापंक्ति के सामने उसे सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में स्विट्जरलैंड ने दबाव बढ़ाया और 74वें मिनट में मंजांबी ने शानदार वॉली के जरिए टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद बोस्निया की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब तारिक मुहरेमोविच को खतरनाक टैकल के कारण लाल कार्ड दिखाया गया और टीम 10 खिलाड़ियों तक सीमित हो गई। संख्यात्मक बढ़त का फायदा उठाते हुए स्विट्जरलैंड ने 84वें मिनट में रूबेन वर्गास के गोल से स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद 90वें मिनट में वर्गास के पास पर मंजांबी ने अपना दूसरा गोल दागा। मैच के इंजरी टाइम में कप्तान ग्रेनिट झाका ने पेनाल्टी को गोल में बदलते हुए स्कोर 4-1 कर दिया। बोस्निया की ओर से एकमात्र गोल एर्मिन माहमिक ने इंजरी टाइम में किया। हालांकि हार के बावजूद बोस्निया की टीम अब भी नॉकआउट चरण में पहुंचने की दौड़ से बाहर नहीं हुई है। मुकाबले में बोस्निया के अनुभवी कप्तान एडिन जेको ने 40 वर्ष की उम्र में विश्व कप मैच खेलकर नया रिकॉर्ड भी बनाया।

## एक झलक

### अंडर-23 महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के ट्रायल 21 जून को कानपुर में

**मुरादाबाद :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने वर्ष 2026-27 सत्र के लिए अंडर-23 महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के चयन ट्रायल की घोषणा कर दी है। इनका ट्रायल का 21 जून को कानपुर में होगा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक व डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने शुक्रवार को बताया कि एसोसिएशन द्वारा जारी पत्र के अनुसार ट्रायल का आयोजन 21 जून को कानपुर स्थित कमला क्लब मैदान में किया जाएगा। यूपीसीए से संबद्ध विभिन्न जिला क्रिकेट संघों को भेजे गए निर्देशों में कहा गया है कि वह अपने-अपने जनपदों की पात्र महिला खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि पर ट्रायल में भाग लेने के लिए भेजें। यूपीसीए के निदेशक विजय गुप्ता ने आगे बताया कि खिलाड़ियों को 21 जून को सुबह सात बजे तक कमला क्लब, कानपुर पहुंचना होगा। यूपीसीए के अनुसार ट्रायल मुकाबले सफेद क्रिकेट किट में खेले जाएंगे तथा रेड बॉल का उपयोग किया जाएगा।

### स्मैश ट्राफी : बैडमिंटन कोर्ट पर दिखा नन्हे खिलाड़ियों का दम

**इंदौर :** शहर में बैडमिंटन खेल की नयी प्रतिभाओं को तराशने के उद्देश्य से आयोजित स्मैश ट्राफी तीसरी अंतर अकादमी बैडमिंटन स्पर्धा में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस स्पर्धा में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। स्पर्धा के दौरान बेहतर खेल दिखाने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी के हर्ष बढ़े और सरताज अकादमी के प्रखर राठौर को सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं, बालिका वर्ग में अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी की काश्वी कुशवाह ने 9 वर्ष बालिका एकल का खिताब अपने नाम किया। काश्वी ने न केवल 9 वर्ष वर्ग में जीत दर्ज की, बल्कि 11 वर्ष बालिका वर्ग में भी उपविजेता रहीं। काश्वी 9 वर्ष वर्ग में अपने तीनों लीग मैच जीतकर पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहीं।

## नीरज चोपड़ा बने आईओए के एंटी-डोपिंग अभियान का चेहरा

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने भारतीय खेलों को डोपिंग मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के साथ मिलकर एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान का उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रदर्शन बढ़ाने वाली प्रतिबंधित दवाओं के खतरों के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस पहल की घोषणा आईओए एथलीट्स फोरम के दूसरे संस्करण के दौरान की गई। इस अवसर पर आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रघुराम अय्यर ने बताया कि भारतीय ओलंपिक संघ और नीरज चोपड़ा फाउंडेशन के बीच क्लीन स्पोर्ट्स अभियान के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कार्यक्रम में दोहा में मौजूद नीरज चोपड़ा का वीडियो संदेश भी चलाया गया। अपने संदेश में उन्होंने युवा खिलाड़ियों से धैर्य रखने और सफलता के लिए किसी भी प्रकार के शॉर्टकट से बचने की अपील की। नीरज ने कहा, मैंने देखा है कि कई युवा खिलाड़ी जल्दी बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए डोपिंग का सहारा लेना चाहते हैं लेकिन मेरी यात्रा इसका उदाहरण है कि ओलंपिक पदक जीतने में मुझे 10 साल लगे। खेलों में सफलता के लिए धैर्य बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में खिलाड़ियों में धैर्य की कमी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा, बच्चे बहुत जल्दी परिणाम चाहते हैं। कोई एक साल में ही 80 मीटर पार करना चाहता है, जबकि ऐसे स्तर तक पहुंचने में कई वर्षों की मेहनत लगती है। यह अभियान ऐसे समय में शुरू किया गया है जब भारत लगातार तीसरे वर्ष विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) की वार्षिक सूची में सर्वाधिक डोपिंग मामलों वाले देशों में शामिल रहा है। हाल ही में एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने भारत को डोपिंग के लिहाज से उच्च जोखिम वाला देश भी बताया था।

### फुटबॉल प्रीमियर लीग 2026-27 का कार्यक्रम घोषित

## आर्सेनल और कोवेंट्री के बीच होगा उद्घाटन मुकाबला

एजेंसी



**लंदन :** फुटबॉल प्रीमियर लीग 2026-27 सीजन के कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। मौजूदा चैंपियन आर्सेनल अपने खिताब बचाव अभियान की शुरूआत घरेलू मैदान पर नवप्रवेशी कोवेंट्री के खिलाफ करेगी। यह मुकाबला 21 अगस्त को खेला जाएगा और इसी के साथ नए सीजन का आगाज होगा। दूसरी ओर, मैनचेस्टर सिटी नए युग की शुरूआत करेगी। पिछले दस वर्षों में पहली बार टीम पेप गार्डियोला के बिना मैदान पर उतरेगी और अपने पहले मैच में बोर्नमाउथ की मेजबानी करेगी। मैनचेस्टर यूनाइटेड को अपने शुरूआती मुकाबले में नवप्रवेशी हल सिटी के मैदान पर चुनौती का सामना करना होगा, जबकि लिवरपूल अपना पहला मैच न्यूकैसल के खिलाफ खेलेगा। फुटबॉल प्रीमियर लीग प्रशासन ने इस बार सीजन को पिछले वर्ष की तुलना में एक सप्ताह बाद शुरू करने का निर्णय लिया है, ताकि फीफा विश्व कप के बाद खिलाड़ियों को पर्याप्त आराम और रिकवरी का समय मिल सके। सीजन का अंतिम दौर 30 मई 2027 (रविवार) को खेला जाएगा, जो 5 जून 2027 को मैड्रिड में होने वाले यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल से छह दिन पहले समाप्त होगा। इससे पहले नए सत्र का पारंपरिक उदघाटन मुकाबला कम्युनिटी शील्ड के रूप में खेला जाएगा, जिसमें प्रीमियर लीग विजेता आर्सेनल और एफए कप विजेता मैनचेस्टर सिटी आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला 16 अगस्त को प्रिंसिपैलिटी स्टेडियम, कार्डिफ में होगा।



मैक्सिको सिटी में फीफा विश्वकप फुटबॉल के ग्रुप ए मैच में मैक्सको के जॉर्ज सांचेज दक्षिण कोरिया के खिलाफ गोल दागने का प्रयास करते हुए।

### देवेन्द्र की घातक गेंदबाजी ने जबलपुर को 07 विकेट से हराया

**इंदौर :** होलकर स्टेडियम की दूधिया रोशनी में खेले गए मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग के एक रोमांचक मुकाबले में रॉयल निमाड़ ईगल्स ने जबलपुर रॉयल लायंस को 7 विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर ने 176 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था, जिसे ईगल्स ने हिमांशु मंत्री (45), कनिष्क दुबे (नाबाद 70) और कप्तान सारांश जैन (नाबाद 32) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत 18.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। देवेंद्र सिंह कथैत (3 विकेट) को उनके घातक गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## डीडीसीए महिला टी-20 लीग में तनु चौहान का धमाकेदार प्रदर्शन, जड़े लगातार चार नाबाद शतक

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** डीडीसीए महिला टी-20 लीग में एसबी यूथ क्रिकेट क्लब (महिला) की सलामी बल्लेबाज तनु चौहान ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। 23 वर्षीय बल्लेबाज ने लगातार चार मैचों में चार शतक जड़ते हुए अब तक टूर्नामेंट में एक बार भी अपना विकेट नहीं गंवाया है। तनु चौहान ने अब तक खेली गई चार पारियों में कुल 492 रन बनाए हैं और सभी पारियों में नाबाद लौटते हुए अपनी टीम को प्रतियोगिता में मजबूत शुरूआत दिलाई है। तनु ने अपने अभियान की शुरूआत एसेक्स फार्म्स (महिला) के खिलाफ 78 गेंदों पर नाबाद 149 रन की विस्फोटक पारी से की। इसके बाद उन्होंने सिटी जिमखाना (महिला) के खिलाफ 76 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए। उनका शानदार फॉर्म यहीं नहीं रुका और तीसरे मुकाबले में रघुबीर विलोजर्स क्रिकेट क्लब (महिला) के खिलाफ 77 गेंदों पर नाबाद 124 रन की पारी खेली। चौथे मैच में उन्होंने राजिंदर नगर कोल्ट्स क्रिकेट क्लब (महिला) के खिलाफ 75 गेंदों पर नाबाद 111 रन बनाकर लगातार चौथा शतक पूरा किया। अपनी टीम एसबी यूथ क्रिकेट क्लब (महिला) के लिए खेलते हुए तनु ने हर मैच में आक्रामक बल्लेबाजी और निरंतरता का शानदार उदाहरण पेश किया है। उनकी इन पारियों ने उन्हें मौजूदा सत्र की सबसे प्रभावशाली बल्लेबाजों में शामिल कर दिया है।

## भारतीय टीम को बड़ा झटका, श्रेयंका पाटिल टखने की चोट के कारण महिला टी20 विश्व कप से बाहर

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के बीच बड़ा झटका लगा है। टीम की ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल दाएं टखने में चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह युवा लेग स्पिनर प्रेमा रावत को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। श्रेयंका को बुधवार को हेडिंग्ले में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत के दूसरे ग्रुप चरण मुकाबले के दौरान चोट लगी। पावरप्ले के अंतिम ओवर में गेंद रोकने के प्रयास में उनका टखना मुड़ गया, जिसके बाद उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया। टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने शुक्रवार को श्रेयंका के स्थान पर 24 वर्षीय प्रेमा रावत को भारतीय टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। प्रेमा रावत अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सकी हैं, लेकिन घरेलू और महिला प्रीमियर लीग में उनके प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने पिछले दो सत्रों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए छह महिला प्रीमियर लीग मैच खेले हैं और तीन विकेट लिए हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 में बांग्लादेश को 7 रन से हराया, रेनशॉ ने बनाये नाबाद 89 रन

## ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज अपने नाम की

एजेंसी



**चटगांव :** ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश को सात रन से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने ढाका में एकदिवसीय श्रृंखला में मिली हार का हिसाब बराबर किया और साथ ही वर्ष 2021 के बाद पहली बार बांग्लादेश की धरती पर टी-20 श्रृंखला जीतने में सफलता हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की जीत के नायक मैट रेनशॉ रहे, जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 89 रन बनाए। उन्होंने टिम डेविड (45 रन, 26 गेंद) के साथ चौथे विकेट के लिए केवल 50 गेंदों में 97 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। शुरूआती झटकों के बाद दोनों बल्लेबाजों ने पारी को संभालते हुए बड़ा स्कोर खड़ा किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम ने पावरप्ले में तीन विकेट गंवा दिए। हालांकि रेनशॉ और डेविड की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच का रुख बदल दिया। अंतिम ओवरों में रेनशॉ और जोएल डेविस ने तेज रन जोड़कर टीम को 20 ओवर में 197/5 के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। बांग्लादेश की ओर से नासुम अहमद सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 27 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश को तंजीद हसन ने तेज शुरूआत दिलाई। टीम ने पावरप्ले में 72 रन बना लिए थे और मुकाबले में मजबूत स्थिति में दिख रही थी। तंजीद ने तेज बल्लेबाजी की लेकिन उनके आउट होने के बाद बांग्लादेश की लय प्रभावित हुई।

## अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में हर्षित राणा की वापसी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार (19 जून) को पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मुकाबले के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया है। हर्षित राणा पिछले कुछ समय से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे थे। अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है और वह चेन्नई में भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। भारत और अफगानिस्तान के बीच 20 जून को चेन्नई में तीसरा और आखिरी वनडे खेला जाएगा। 24 वर्षीय हर्षित राणा इस साल टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैच के दौरान घुटने की चोट का शिकार हो गए थे, जिसके बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। उनकी जगह टीम में मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया था। चोट के कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में भी हिस्सा नहीं ले सके और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मैदान पर नहीं उतर पाए। हालांकि लंबे पुनर्वास के बाद राणा को इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के साथ-साथ जापान में होने वाले एशियाई खेलों की संभावित योजनाओं में भी शामिल किया गया था। अब उनकी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी चेन्नई वनडे से ही हो सकती है, यदि उन्हें अंतिम एकादश में मौका मिलता है। हर्षित राणा ने भारत के लिए अपना आखिरी मुकाबला टी-20 विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम वनडे में उन्होंने तीन विकेट लेने के साथ निचले क्रम में 43 गेंदों पर 52 रन भी बनाए थे। अब तक खेले 14 वनडे मुकाबलों में वह 26 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। भारत फिलहाल तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाए हुए है। टीम ने धर्मशाला और लखनऊ में खेले गए पहले दो मुकाबले जीत लिए थे। श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला शनिवार (20 जून) को चेन्नई में खेला जाएगा।

**अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम**

**शुभमन गिल** (कप्तान), रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बरार, हर्ष दुबे, यशस्वी जायसवाल, हर्षित राणा।

## अंतिम मिनटों में टूटा भारत का सपना, जर्मनी ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में 2-1 से हराया

एजेंसी

**रॉटरडैम :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 के रॉटरडैम चरण में शुक्रवार को मौजूदा विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ शानदार संघर्ष किया, लेकिन अंतिम क्षणों में मैच हाथ से निकल गया और भारत को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए जुगराज सिंह ने अपने 100वें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को यादगार बनाते हुए गोल दागा, लेकिन जर्मनी ने अंतिम चार मिनट में दो गोल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मुकाबले की शुरूआत में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और गेंद पर नियंत्रण बनाए रखते हुए जर्मनी को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।



मजबूत रक्षापंक्ति के कारण विश्व चैम्पियन टीम पहले हाफ में स्पष्ट अवसर नहीं बना सकी। दूसरे क्वार्टर में भारत ने तेज दबाव बनाते हुए जर्मनी को लगातार गलती करने पर मजबूर किया। अभिषेक ने भारत के लिए एक अच्छा मौका बनाया, लेकिन टीम बढ़त हासिल नहीं कर सकी। तीसरे क्वार्टर में भारत को पहला पेनाल्टी कॉर्नर मिला और जुगराज सिंह ने 38वें मिनट में जोरदार ड्रैग फ्लिक लगाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह उनके करियर के 100वें अंतरराष्ट्रीय मैच का खास पल बन गया। जर्मनी ने तीसरे क्वार्टर के अंत में लगातार हमले किए, लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित एचएस ने शानदार बचाव करते हुए बढ़त कायम रखी। अंतिम क्वार्टर में भारत के पास अंतर बढ़ाने के अवसर आए, लेकिन टीम उन्हें गोल में नहीं बदल सकी। इसका फायदा उठाते हुए जर्मनी ने 56वें मिनट में जस्टस वाइगांड के पेनाल्टी कॉर्नर गोल से बराबरी कर ली। इसके बाद मुकाबले के अंतिम सेकंडों में जर्मनी को एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला, जिसे याकॉब ब्रिला ने गोल में बदलते हुए अपनी टीम को 2-1 से जीत दिला दी। हार के बावजूद भारतीय टीम ने पूरे मुकाबले में विश्व चैम्पियन जर्मनी को कड़ी चुनौती दी और अपने खेल से प्रभावित किया। भारत अब 21 जून को भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे अपने अगले मुकाबले में नीदरलैंड्स का सामना करेगा।

# शेयर बाजार में लगातार पांच दिनों से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 607 अंक टूटा

**नयी दिल्ली/मुंबई :** शेयर बाजार में लगातार पांच दिनों से जारी तेजी शुक्रवार को थम गई। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स में 607 अंक और निफ्टी में 155 अंक की गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एक्सेंचर के सतर्क आय अनुमान के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सेचज (बीएसई) का सेंसेक्स 607.08 अंक यानी 0.78 फीसदी टूटकर 76,802.90 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 940.26 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 154.90 अंक यानी 0.64 फीसदी की गिरावट के साथ 24,013.10 के स्तर पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू बाजार में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई। इससे पहले के पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 3,577.43 अंक यानी 4.84 फीसदी और निफ्टी 1,006.4 अंक यानी 4.34 फीसदी चढ़ गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सबसे




ज्यादा नुकसान इंफोसिस को हुआ। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा में गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड और एनटीपीसी जैसे शेयर बढ़त में रहे। वहीं, निफ्टी पर सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी मामूली गिरावट में रहा, जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा। चीन का शंघाई और हांगकांग का बाजार अवकाश के कारण बंद रहे। वैश्विक स्तर पर कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 फीसदी गिरकर 79.39 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, रुपया शुक्रवार को शुरूआती बढ़त खोते हुए अंत में छह पैसे मजबूत होकर 94.34 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 254.36 अंक यानी 0.33 फीसदी उछल कर 77,409.98 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 82.30 अंक यानी 0.34 फीसदी चढ़कर 24,168 के स्तर पर बंद था।

## एक झलक

### रुपया बढ़त पर बंद

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में 7 पैसे की बढ़त के साथ ही 94.33 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.20 पर पहुंच गया। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में तेजी आने की उम्मीद के बीच घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की अनुकूल कीमतों और विदेशी निवेश प्रवाह में सुधार से रुपया आज सकारात्मक रुख के साथ खुला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.30 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में मजबूती के साथ बढ़कर 94.20 प्रति डॉलर तक पहुंच गया। ये इसके पिछले बंद भाव से 20 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को 10 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.40 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 फीसदी की बढ़त के साथ 100.92 पर रहा।

### स्विस बैंकों में भारतीयों का पैसा 8 फीसदी से अधिक घटा

**नयी दिल्ली :** स्विस बैंकों में भारतीयों द्वारा जमा किया गया धन वर्ष 2025 में 8 प्रतिशत से अधिक घटकर 3.25 अरब स्विस फ्रैंक (लगभग 36,793 करोड़ रुपये) रह गया है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक, स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) द्वारा जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, यह कमी मुख्य रूप से स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से रखे गए धन में गिरावट के कारण दर्ज की गई है। एसएनबी के आंकड़ों के मुताबिक, कुल जमा राशि में गिरावट के बावजूद, व्यक्तिगत और संस्थागत ग्राहकों के खातों में जमा धन 50 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 52.4 करोड़ स्विस फ्रैंक (लगभग 6,000 करोड़ रुपये) हो गया है। हालांकि, कुल राशि में इन जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 16 प्रतिशत ही रही। कुल धनराशि का बड़ा हिस्सा बैंकों को देय राशि के रूप में था, जो अन्य बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के जरिये रखी गई थी। यह राशि पिछले साल करीब 15 प्रतिशत घटकर 2.6 अरब स्विस फ्रैंक रही। इससे पहले, वर्ष 2024 में स्विस बैंकों में जमा कुल भारतीय धन तिगुना होकर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक हो गया था, जो 2021 के बाद का उच्चतम स्तर था।

## एचसीएलफाउंडेशन ने एचसीएलटेक ग्रांट के 12वें संस्करण के लिए आवेदन किया आमंत्रित

**रांची :** एचसीएलफाउंडेशन, जो भारत में वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएलटेक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एजेंडे को संचालित करती है, ने ग्रामीण भारत में स्थायी, समुदाय-नेतृत्व वाले बदलाव लाने के लिए भारत में गैर-लाभकारी संगठनों को एक मंच प्रदान करने हेतु एचसीएलटेक ग्रांट के 12वें संस्करण की घोषणा की। एक सम्मानित जूरी द्वारा चुने गए एनजीओ को जल, जैव विविधता, स्वास्थ्य और शिक्षा के विषयों पर सतत ग्रामीण विकास में परिवर्तनकारी परियोजनाओं के लिए कुल 24 करोड़ प्रदान किए जायेंगे। प्रत्येक श्रेणी से चार विजेता एनजीओ को 5-5 करोड़ मिलेंगे, जबकि आठ अन्य एनजीओ को उनकी प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए 50-50 लाख मिलेंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2026 है। डॉ. निधि पुंधीर, निदेशक, एचसीएलफाउंडेशन ने कहा एचसीएलफाउंडेशन में, हमारा मानना है कि कुछ सबसे परिवर्तनकारी समाधान उन जमीनी संगठनों से निकलते हैं जो उन समुदायों से गहराई से जुड़े होते हैं जिनकी वे सेवा करते हैं।

एचसीएलटेक ग्रांट के इस संस्करण के माध्यम से, हमारा उद्देश्य एनजीओ को अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने, नए विचारों को बड़े पैमाने पर लागू करने और ऐसा स्थायी बदलाव लाने के लिए एक मंच प्रदान करना है जो देश भर में जीवन को बेहतर बनाता है और समुदायों को मजबूत करता है। हम उन संगठनों के साथ साझेदारी करने के लिए उत्सुक हैं जो सार्थक प्रभाव पैदा कर रहे हैं और भारत की विकास यात्रा में योगदान दे रहे हैं।

## इंटरनेशनल फादर्स डे: सोनी सब के कलाकारों ने अपने पिता से मिली सीख साझा कीं



**मुंबई :** हर सफल सितारे के पीछे अक्सर एक पिता होता है, जिसकी निःस्वार्थ मदद, त्याग और जीवन के सबक ने चुपचाप उनके सपनों की राह आसान बनाई होती है। इस फादर्स डे पर सोनी सब के कलाकार मनीष वाधवा, इकबाल खान, तोरल रसपुत्रा, अर्जुन पुंज, मुस्कान बामने और नितिन बाबू ने दिल से उन पिताओं को याद किया, जिन्होंने रोशनी के पीछे खड़े होकर उन्हें चुनौतियों से निकाला, अनिश्चित समय में उन पर विश्वास किया और उन्हें आज का इंसान बनने की प्रेरणा दी। धैर्य और विनम्रता सिखाने से लेकर सबसे बड़े चीयरलीडर बनने तक, पिता ही हैं, जो उनके सबसे बड़े रोल मॉडल बने हुए हैं। इकबाल खान, जो यादें में डॉ. देव मेहता का किरदार निभा रहे हैं, कहते हैं, दो बेटियों का पिता बनने के बाद मैंने अपने पिता को नये नजरिए से देखना शुरू किया। बचपन में हम हमेशा यह नहीं समझ पाते कि हमारे माता-पिता हमें सुरक्षित और खुश रखने के लिए कितने त्याग करते हैं।

## जैविक खेती के दम पर पूर्वोत्तर में भारत का अगला ग्रोथ इंजन बनने की क्षमता : वित्त मंत्री

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र अपनी सतत कृषि एवं जैविक उत्पादों की ताकत का उपयोग करके भारत का अगला विकास इंजन बनने की क्षमता रखता है। मेघालय राज्य वैश्विक बाजारों में अपने भरोसे के कारण इस क्षेत्र का नेतृत्व करने की विशेष स्थिति में है। मेघालय के री-भोई जिले के भोइरिमबोंग में नॉर्थ-ईस्ट की सबसे बड़ी ऑर्गेनिक मसाला प्रोसेसिंग यूनिट के उद्घाटन समारोह में वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि का भविष्य अब केवल



अधिक उत्पादन करने वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि बेहतर, स्वच्छ, भरोसेमंद और प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद देने वालों के हाथों में है। वित्त मंत्री ने कहा कि जब मेघालय के किसान आगे बढ़ेंगे, तो पूरा पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा। जब पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा, तो भारत की विकास यात्रा को एक नया इंजन मिलेगा। सीतारमण ने मेघालय सरकार, महिला समूहों और उद्यमियों को राज्य में जैविक कृषि आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए बधाई दी। उन्होंने मेघालय की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि राज्य को बड़े कृषि राज्यों के साथ मात्रा के आधार पर प्रतिस्पर्धा करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भविष्य भरोसेमंद गुणवत्ता एवं भरोसेमंद उत्पादकों का है। इस मौके पर मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग गोले और मेघालय के उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन टिनसोंग भी मौजूद थे।

## आकाश अंबानी ने रखा जियो का एआई रोडमैप

# कॉल, कारोबार और खेती तक पहुंचेगा एआई



### रिलायंस इंटेलिजेंस जामनगर में भारत का सॉवरेन एआई बैकबोन बना रहा है

### भारतीय भाषाओं में नेटिव एआई बना रहा जियो, 22 भारतीय भाषाओं में सेवाओं की तैयारी



**मुंबई :** जियो की अगली बड़ी छलांग एआई में होगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 49वीं वार्षिक आम बैठक में चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश डी. अंबानी ने कहा कि भारत को बाहर बने एआई का केवल उपभोक्ता नहीं बने रहना चाहिए। भारत को एआई का निमार्ता और ग्लोबल लीडर बनना चाहिए। मुकेश अंबानी ने कहा कि इसी सोच के साथ रिलायंस इंटेलिजेंस को कंपनी के नए ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रिलायंस इंटेलिजेंस का उद्देश्य उपभोक्ताओं, उद्यमों और सरकारों के लिए बड़े पैमाने पर एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्लेटफॉर्म और सेवाओं का लाभकारी बिजनेस तैयार करना है।

जियो के चेयरमैन आकाश एम. अंबानी ने रिलायंस इंटेलिजेंस की सेवाओं और एआई उत्पादों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिलायंस इंटेलिजेंस जामनगर में भारत का सॉवरेन एआई बैकबोन बना रहा है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर रिलायंस की अपनी सौर ऊर्जा से संचालित होगा। इसकी पहली 120 मेगावाट क्षमता 2026 के अंत तक शुरू करने की योजना है। पूरी तरह चालू होने पर यह क्षमता दो लाख से अधिक एच100-इक्विवेलेंट जीपीयू तक बढ़ सकती है।

आकाश अंबानी ने कहा, 'दुनिया के एआई प्लेटफॉर्म पहले अंग्रेजी में बनते हैं और बाद में उनका अनुवाद किया जाता है। इसके विपरीत, जियो भारतीय भाषाओं में नेटिव एआई बना रहा है। भारत का एआई भारतीय भाषा में बोलेगा। भारत के दिलों को जोड़ेगा। भारत की तस्वीर और तकदीर बदलेगा।'

रिलायंस इंटेलिजेंस 22 भारतीय भाषाओं में भरोसेमंद, किफायती और बहुभाषी एआई सेवाएं देने की तैयारी कर रहा है। इनमें जियो भारत आईक्यू, एआई व्यापार, जियो हेल्थ आईक्यू, जियोलर्नआईक्यू और जियोकृषिआईक्यू जैसी सेवाएं शामिल होंगी। इन सेवाओं का उद्देश्य किसानों, छात्रों, दुकानदारों, परिवारों और छोटे कारोबारियों तक एआई की उपयोगिता पहुंचाना है।

जियो अपने नेटवर्क में भी एआई को सीधे जोड़ रहा है। कंपनी जियो कॉल एजेंट पर काम कर रही है। इसके जरिए हर जियो कॉल में, ग्राहक की अनुमति से, एआई एजेंट जुड़ सकेगा। यह कॉल को ट्रांसक्राइब कर सकेगा, उसका सार बना सकेगा और जरूरत पड़ने पर खाना ऑर्डर करने, कैब बुक करने, टेबल रिजर्व करने या मीटिंग तय करने जैसे काम भी कर सकेगा। आकाश अंबानी ने जियो की पांचवीं प्रतिबद्धता को भारत की तकनीक को दुनिया तक ले जाने से जोड़ा। उन्होंने कहा कि 5जी, फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और एआई सेवाओं के लिए जियो में बनाया गया अपना डीप-टेक स्टैक अब चुनिंदा देशों में अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ इस्तेमाल के लिए तैयार है। रिलायंस ने गूगल, मेटा और एनवीडिया के साथ साझेदारियों का भी उल्लेख किया। कंपनी का कहना है कि इन साझेदारियों के जरिए वैश्विक तकनीक को भारतीय क्रियान्वयन, भारतीय इन्फ्रास्ट्रक्चर और भारत-प्रथम गवर्नेंस के साथ जोड़ा जायेगा। जियो ने जिस तरह डेटा को हर भारतीय के लिए किफायती बनाया था, रिलायंस इंटेलिजेंस अब एआई को आसान, भरोसेमंद और किफायती बनाने की तैयारी कर रहा है। कंपनी का दावा है कि जब एआई सुलभ होगा, तब भारत केवल एआई युग में भागीदार नहीं रहेगा, बल्कि उसका नेतृत्व करेगा।

## ईशा अंबानी ने रखा रिलायंस के एफएमसीजी कारोबार का बड़ा लक्ष्य

### वित्त वर्ष 2030 तक 01 लाख करोड़ रेवेन्यू

- कंज्यूमर बिजनेस को मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात से जोड़ने की तैयारी कर रही है रिलायंस
- रिलायंस रिटेल 20 हजार स्टोर के पार







**मुंबई :** ईशा एम. अंबानी ने रिलायंस के एफएमसीजी कारोबार के लिए बड़ा लक्ष्य सामने रखा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 49वीं वार्षिक आम बैठक में उन्होंने कहा कि रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड यानी आरसीपीएल की निकट अवधि की महत्वाकांक्षा वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रेवेन्यू तक पहुंचने की है। उनकी दीर्घकालिक महत्वाकांक्षा आरसीपीएल को भारत की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनियों में से एक बनाने की है, जिसके साथ एक मजबूत ग्लोबल प्लेटफॉर्म भी हो। आरसीपीएल ने वित्त वर्ष 2026 में 22,000 करोड़ का ग्रॉस रेवेन्यू हासिल किया। कंपनी के अनुसार, दूसरी कंपनियों को जिस मुकाम तक पहुंचने में दशकों लगे, आरसीपीएल ने उसे सिर्फ चार वर्षों में हासिल किया। आज आरसीपीएल के प्रोडक्ट्स निर्यात और फ्रेंचाइज बिक्री के जरिए 40 से अधिक देशों में मौजूद हैं। कैंपा ने वित्त वर्ष 2026 में 4,700 करोड़ से अधिक की ग्रॉस सेल्स दर्ज की। दशकों से चली आ रही मार्केट लीडरशिप को चुनौती देने के बाद यह अब भारत का चौथा सबसे बड़ा कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स ब्रांड बन गया है। प्रमुख बाजारों में कैंपा का मार्केट शेयर दो अंकों में पहुंच गया है। रिलायंस रिटेल ने भी वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 20 हजार स्टोर का आंकड़ा पार कर लिया।

## वित्त वर्ष 2027 से रिलायंस की कमाई में दिखेगा न्यू एनर्जी का असर : अनंत अंबानी



**मुंबई :** रिलायंस के एनर्जी बिजनेस का नेतृत्व कर रहे अनंत एम. अंबानी ने कंपनी के न्यू एनर्जी कारोबार को रिलायंस की अगली बड़ी ग्रोथ यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 49वीं वार्षिक आम बैठक में उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2027 से न्यू एनर्जी बिजनेस रिलायंस के वित्तीय प्रदर्शन में सार्थक योगदान देना शुरू करेगा। सोलर मॉड्यूल्स से व्यावसायिक रेवेन्यू इसी वर्ष शुरू होगा और बैटरी फैक्ट्री भी इसी वर्ष कमीशन होगी। अनंत अंबानी ने कहा, वित्त वर्ष 2027 से न्यू एनर्जी, रिलायंस के वित्तीय प्रदर्शन में सार्थक योगदान देना शुरू करेगा। सोलर मॉड्यूल्स से व्यावसायिक रेवेन्यू इसी वर्ष शुरू होगा। बैटरी फैक्ट्री इसी वर्ष कमीशन होगी। और सैमसंग सीएंडटी समझौता कोई वादा नहीं है, यह एक हस्ताक्षरित करार है। रिलायंस ने ग्रीन अमोनिया के लिए सैमसंग सीएंडटी के साथ 3 अरब डॉलर का दीर्घकालिक सप्लाई एग्रीमेंट किया है। कंपनी के अनुसार, यह दुनिया के सबसे बड़े ग्रीन अमोनिया ऑफटेक करारों में से एक है और उसके ग्रीन हाइड्रोजन प्लेटफॉर्म की व्यावसायिक प्रतिस्पर्धात्मकता को साबित करता है। जामनगर में 5,000 एकड़ में फैला धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स अब दुनिया के सबसे एकीकृत क्लीन एनर्जी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम्स में से एक बन चुका है। कंपनी की सोलर पीवी सेल और मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग लाइनें चालू हो चुकी हैं। करीब 1 गीगावॉट एचजेटी मॉड्यूल्स का उत्पादन भी हो चुका है। बैटरी क्षेत्र में रिलायंस बड़ा विस्तार कर रही है। कंपनी की 40 गीगावॉट-आवर वार्षिक क्षमता वाली बीईएसएस और सेल गीगा फैक्ट्री का पहला चरण इसी वर्ष कमीशन होने की राह पर है। रिलायंस ने इसे बढ़ाकर 120 गीगावॉट-आवर वार्षिक क्षमता तक ले जाने की प्रतिबद्धता जताई है।

## पेज एक के शेष

**भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक : मोदी...**

परिश्रम का सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य पर देश के विश्वास की अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के सपनों को शक्ति देने और युवाओं तथा उद्योगों के बीच मजबूत सेतु का काम करनेवाली पहल है।

मोदी ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है और विकसित भारत का सपना देश के युवाओं के सपनों, कौशल और क्षमताओं पर निर्भर करता है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर मिले, नवाचार करने वालों को मंच मिले और उद्यम शुरू करनेवालों को हर सम्भव सहयोग प्राप्त हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में सरकार की नीतियों और निर्णयों ने रोजगार के नये अवसर पैदा किये हैं। 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बुनियादी ढांचा निवेश लाखों युवाओं के लिए रोजगार की नींव रख रहा है, जबकि मुद्रा योजना के तहत 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता ने करोड़ों लोगों को अपना व्यवसाय शुरू करने में मदद की है।

उन्होंने कहा कि 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और तीन करोड़ से अधिक महिलाएं ह्यलखपति दीदीह्ण बन चुकी हैं। वहीं, देश में स्टार्टअप की संख्या 500 से बढ़ कर दो लाख से अधिक हो गयी है और अब हर जिले में स्टार्टअप संस्कृति विकसित हो रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भविष्य की अर्थव्यवस्था की तैयारी कर रही है, जबकि भारत भविष्य की अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार युवाओं को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करने में जुटी है और 21वीं सदी में वही देश आगे बढ़ेंगे, जो कौशल, नवाचार और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

उन्होंने कहा कि पीएम विकसित भारत रोजगार योजना एक ऐसे भारत के निर्माण का माध्यम है, जहां युवाओं को अवसर, उद्योगों को प्रोत्साहन और रोजगार सृजन को राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप मिले।

**प्रधानमंत्री की जी-7 शिखर सम्मेलन और स्लोवाकिया यात्रा ने वैश्विक मंच पर बढ़ाया भारत का कद : भाजपा...**

ऐसा पहली बार 2003 में अटलजी के कार्यकाल के दौरान हुआ था। उन्होंने कहा कि जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी और कई देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ताएं कीं। भारत ने जी-7 देशों के समक्ष इंटरनेशनल मोबिलाइजेशन पार्टनरशिप फॉर एक्सेलेरेटिंग कनेक्टिविटी एंड ट्रेड (इंपैक्ट) का प्रस्ताव रखा, जिसमें सदस्य देशों ने रुचि दिखायी। यह भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को अब तक 33 अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं, जो विश्व स्तर पर उनके नेतृत्व की स्वीकार्यता को दशार्ते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार दुनिया के प्रमुख देशों का विश्वास अर्जित कर रहा है। साथ ही, फ्रांस द्वारा स्टेम शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिवर्ष 30 हजार भारतीय छात्रों के लिए अवसर उपलब्ध कराने के फैसले को भी भारत-फ्रांस संबंधों की मजबूती का संकेत बताया गया।

**प्रधानमंत्री 20-21 जून को प. बंगाल दौरे पर, पीएम-किसान की 23वीं किस्त जारी करेंगे...**

तथा जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत 18,880 करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के खातों में भेजी जाएगी। पश्चिम बंगाल में 45 लाख से अधिक किसानों को 900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलेगी।

प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) की शुरूआत करेंगे। वर्ष 2026-27 में इस योजना के तहत राज्य के लगभग 50 लाख किसानों और 14 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को बीमा सुरक्षा प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत 'एग्रीस्टैक', राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का भी शुभारम्भ किया जायेगा।

प्रधानमंत्री दक्षिण 24 परगना जिले के फ्रेजरगंज में आधुनिकीकृत मत्स्य बंदरगाह तथा बीरभूम जिले के सैंथिया में नये आधुनिक मछली बाजार का उद्घाटन करेंगे। वहीं, नदिया जिले के हरिणघाटा में बकरियों के लिए क्षेत्रीय वीर्य उत्पादन प्रयोगशाला और वीर्य बैंक का भी लोकार्पण करेंगे, जो पूर्वी भारत की अपनी तरह की पहली सुविधा होगी।

रेलवे क्षेत्र में लगभग 590 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को भी गति मिलेगी। प्रधानमंत्री हावड़ा जिले की सांकराइल-सांतरागाछी लिंक लाइन परियोजना राष्ट्र को समर्पित करेंगे। साथ ही, हावड़ा में 300 बिस्तरों वाले नये संभागीय रेलवे अस्पताल और पूर्व मेदिनीपुर जिले में हाउर-राधामोहनपुर रेल उपरिगामी पुल (आरओबी) की आधारशिला रखेंगे।

इसके अलावा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-कककक) के तहत विकसित 49 सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनकी कुल लंबाई 315 किलोमीटर से अधिक है। इन परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री 21 जून को कोलकाता के रेड रोड पर आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग) रखी गयी है। प्रधानमंत्री हजारों योग साधकों के साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल सत्र में भाग लेंगे और लोगों को सम्बोधित करेंगे।

इसके बाद प्रधानमंत्री कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित तीन नौसैनिक जहाजों ; यथा आईएनएस दुनागिरि, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय, को भारतीय नौसेना में शामिल करेंगे। भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किये गये इन जहाजों का निर्माण कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने 200 से अधिक एमएसएमई की भागीदारी के साथ किया है। इन जहाजों में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

**झारखंड के विकास में केन्द्र देगा हरसम्भव सहयोग : मनोहर लाल...**

एवं वित्तीय स्थिति, भविष्य की विद्युत मांग को पूरा करने के लिए संसाधनों की उपलब्धता तथा पारेषण अवसंरचना (ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर) के विस्तार से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

मनोहर लाल ने राज्य में समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटी एंड सी) हानियों और आपूर्ति लागत एवं औसत राजस्व प्राप्ति (एसीएस-एआरआर) के अंतर के उच्च स्तर पर चिन्ता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र को आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाने के लिए इन दोनों मानकों में सुधार आवश्यक है। इसके लिए राज्य सरकार को ठोस और समयबद्ध कदम उठाने होंगे।

केन्द्रीय मंत्री ने राज्य सरकार से सरकारी वितरण कम्पनियों के ऋण दायित्वों के पुनर्गठन की दिशा में प्रयास तेज करने का आग्रह किया। उन्होंने सरकारी विभागों द्वारा लम्बित बिजली बिलों के शीघ्र भुगतान की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही, निर्देश दिये कि सरकारी उपभोक्ताओं और संस्थानों में लगे बिजली मीटरों को 31 अगस्त 2026 तक प्रीपेड मीटरों में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य किया जाये, ताकि नियमित भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं सहित उच्च भार वाले सभी उपभोक्ताओं के यहां 31 अगस्त 2026 तक स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूरा किया जायेगा। इसके अलावा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं के बीच भी स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में तेजी लायी जायेगी।

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने राज्य की बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए संसाधनों की पर्याप्तता और पारेषण नेटवर्क के विस्तार की भी समीक्षा की। उन्होंने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) के तहत जनजातीय परिवारों के लिए ग्रिड विद्युतीकरण की प्रगति पर संतोष जताते हुए कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिये।

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना तथा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गयी। मनोहर लाल ने राज्य सरकार से इन योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। उन्होंने सरकारी भवनों की छतों पर प्राथमिकता के आधार पर रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की सलाह दी। उनका कहना था कि इससे ग्रिड पर निर्भरता कम होगी और राज्य सरकार के बिजली व्यय में भी उल्लेखनीय कमी आयेगी।

बैठक के दौरान झारखंड सरकार की ओर से राज्य में चल रही विभिन्न विद्युत एवं शहरी विकास परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। राज्य के ऊर्जा मंत्री ने केन्द्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा दिये जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि स्वीकृत परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन तथा ऊर्जा क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

समीक्षा बैठक को राज्य के ऊर्जा और शहरी विकास क्षेत्र के लिए महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्मार्ट मीटरिंग, सौर ऊर्जा विस्तार, वित्तीय सुधार और विद्युत अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण जैसे निर्णय राज्य की ऊर्जा व्यवस्था को अधिक सक्षम और टिकाऊ बनाने में मदद करेंगे।

**तीन साल में अपराधी को सजा तक पहुंचानेवाली व्यवस्था बनाना लक्ष्य : शाह...**

कि पूरी न्याय प्रणाली नागरिकों के अधिकारों की रक्षा का प्रभावी साधन बने। गृहमंत्री ने राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) की सराहना करते हुए कहा कि इसके जरिए कई जटिल मामलों को सुलझाने में सफलता मिली है, लेकिन इसका उपयोग अभी भी संभावित क्षमता का केवल 10 प्रतिशत ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि एनएएफआईएस केवल अपराधियों की पहचान करने का साधन नहीं है, बल्कि हर अपराध स्थल से प्राप्त फिंगरप्रिंट को प्रणाली में जोड़ कर इसके डेटाबेस को समृद्ध करना भी उतना ही आवश्यक है।

शाह ने कहा कि प्रशिक्षण केवल एप्लिकेशन के उपयोग तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि वैज्ञानिक साक्ष्य तैयार करने, चार्जशीट दाखिल करने, अभियोजन और न्यायपालिका तक पूरी प्रक्रिया को तकनीक आधारित बनाने की दिशा में होना चाहिए। जब फिंगरप्रिंट, डीएनए, चेहरे और टेलीफोन रिकॉर्ड जैसे वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध हों, तो अनावश्यक रूप से बड़ी संख्या में अतिरिक्त साक्ष्य जुटाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जांच, अभियोजन और दोषसिद्धि की पूरी श्रृंखला में तकनीक के सक्रिय उपयोग के लिए समन्वित प्रयास जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से नये आपराधिक कानूनों में न्यायपालिका और अभियोजन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई प्रावधान शामिल किये गये हैं।

गृहमंत्री ने बताया कि सभी राज्य सरकारों और पुलिस बलों के सहयोग से अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क प्रणाली (सीसीटीएनएस) का शत-प्रतिशत विस्तार हो चुका है। देश के सभी 17,840 पुलिस थानों को इससे जोड़ा जा चुका है और 37.86 करोड़ एफआईआर का डेटा, जिसमें पुराना रिकॉर्ड भी शामिल है, उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट प्रणाली से 22 हजार अदालतें जुड़ चुकी हैं, जबकि ई-प्रिजन में 2.70 करोड़ से अधिक रिकॉर्ड उपलब्ध हैं। इसके अलावा ई-फॉरेंसिक प्रणाली में 34.48 लाख मामलों का फॉरेंसिक डेटा और 43.16 लाख अपराध अलर्ट का डेटा उपलब्ध है।

शाह ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के बिना देश में प्रभावी अपराध नियंत्रण सम्भव नहीं है। उन्होंने एनसीआरबी के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि आनेवाले समय में उनकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होने वाली है। उन्होंने फिंगरप्रिंट ब्यूरो को भी आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत बनाने का एक महत्त्वपूर्ण उपकरण बताया।

**ममता के करीबी व पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय ने तृणमूल के सभी पदों से इस्तीफा दिया...**

माने जानेवाले ज्योतिप्रिय मल्लिक लम्बे समय से तृणमूल के कद्दावर नेताओं में गिने जाते रहे हैं। वे पार्टी संगठन एवं तृणमूल सरकारों में महत्त्वपूर्ण भूमिकाओं में रहे हैं। विधानसभा चुनाव के बाद से पार्टी में जारी उठापटक के बीच ज्योतिप्रिय के इस्तीफे को राज्य की राजनीति में एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में चचाएं तेज हो गयी हैं।

